फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -32, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 15

हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी

- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदली देश की तस्वीर: मोदी

द्वारका (गुजरात), एजेंसी

- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।

एक नजर

सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण

कानपुर। साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है।

वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

नई दिल्ली। भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई है। यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय बैठक में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी घर के रहेंगे न घाट के

पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ. रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी

विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

अमृत विचार : कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
> -भानु भास्कर, एडीजी जोन, प्रयागराज

सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के साथ ही हरियाणा, दिल्ली और बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया
- भारी मात्रा में नकदी, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व कूट रचित दस्तावेज बरामद

अमृत विचार : राज्य सरकार ने उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बड़ी संख्या में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। साथ ही पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ सक्रिय हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज (आधार कार्ड, प्रवेश पत्र), अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है। इसके साथ ही मोबाइल फोन, फर्जी आंसर की, नकल पर्ची, मूल अंकपत्र, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, वॉकी-टॉकी आदि बरामद किया है। पुलिस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, बिहार और दिल्ली के आरोपी दबोचे गए हैं। वहीं पुलिस और एसटीएफ के राडार पर कई और गिरोह हैं, जिन पर निगरानी की जा रही है।

हम साथ-साथ हैं : आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे। - संबंधित खबर पेज 13

सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

कांकेर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद
- अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा

अमृत विचार : अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी। दोनों सब्जी लेने घर से निकलीं थीं।

रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

सिंघू और टीकरी सीमा से हटाए अवरोध

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया।

दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

एक नजर

दो आईपीएस का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

शैलेंद्र भाटिया बने गाजियाबाद के एडीएम

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने रविवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। शैलेंद्र भाटिया को गाजियाबाद में एडीएम एलए बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर का ओएसडी बनाया गया है।

आज मिलेगी गोमती नगर रेलवे स्टेशन की सौगात

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लखनऊवासियों को विश्वस्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन की सौगात सौंपेंगे। इसके साथ ही लखनऊ में रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम से निपटने के लिए 13 अंडरपास और दो ओवरब्रिज, डालीगंज और लखनऊ सिटी स्टेशन का भी लोकार्पण करेंगे। मल्हौर, मानकनगर और मोहनलालगंज रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किए जाने को शिलान्यास करेंगे। वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वह नई ट्रेनों की शुरुआत और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने जैसी सुविधाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने रविवार को हजरतगंज स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता बताया कि लखनऊ मंडल के कुल 24 अमृत स्टेशनों और रेलवे क्रॉसिंगों पर बनने वाले 41 ओवरब्रिज-अंडरपास का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इन सभी जगहों पर आज कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्टेशनों के पुनर्विकास, अंडरपास, ओवरब्रिज के निर्माण पर कुल 1872 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लखनऊ के तीन अमृत रेलवे स्टेशन शामिल हैं। 367 करोड़ रुपये से 15 रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास, ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा और गतिशक्ति के एडीआरएम वीएस यादव उपस्थित रहे।

राजनाथ लोकार्पण कार्यक्रम में होंगे शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राजधानी में होंगे। वह गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मलित होंगे। वह सुबह 11:25 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत एयरपोर्ट स्तर की सुविधाओं से तैयार गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 1:15 बजे स्टेशन से कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। 1:55 बजे आवास से एयरपोर्ट जायेंगे और अपराह्न 2:20 पर दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

सत्यापन में फंसा बेटियों का शादी अनुदान

समाप्ति की ओर वित्तीय वर्ष, 6531 आवेदन लंबित, बजट का आधा भी नहीं हुआ खर्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं।

आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है।

- वर्ष 2023-24 में हुए 66,032 आवेदन
- अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये मिला था बजट

यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है।

इन जिलों में ज्यादा आवेदन लंबित

प्रतापगढ़ 393, जौनपुर 298, बलिया 219, गोरखपुर 215, रायबरेली 198, गोंडा 179

> आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द पात्रों को योजना से लाभान्वित करेंगे। इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।
> –डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण

बजट से पहले ही कर दिया सरेंडर

वित्तीय वर्ष 2023–24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है। इस योजना में 20 हजार रुपये लड़की को मिलते हैं। इसके आवेदन शादी होने से 90 दिन पहले या शादी होने के 90 दिन बाद तक किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में पेंच फंसेगा।

17 जिलों में एक जगह मिलेंगी आयुर्वेद होम्योपैथ व यूनानी चिकित्सकीय सेवाएं

जिलों में बनेंगे 25, 15 और चार बेड के नए आयुर्वेदिक चिकित्सालय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आयुर्वेदिक चिकित्सा के 250 अस्पताल निर्माणाधीन

अमृत विचार: उप्र. की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में ऐलोपैथिक अस्पतालों ही नहीं, आयुष विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सालय भी अहम भूमिका होगी। आयुर्वेदिक अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ मरीजों के लिए इंडोर सेवाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। इसके लिए हर पद्धति के इलाज के लिए नए अस्पताल बनाए जायेंगे, इन अस्पतालों के लिए केन्द्र ही नहीं, जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार ने भी भारी भरकम बजट जारी कर दिया है।

आयुर्वेद निदेशक डॉ.प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बताया कि उप्र. राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा मिले 414 करोड़ में 42 करोड़ की प्रथम किस्त मिल चुकी है। इसके अलावा जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सालयों के निर्माण के लिए ढ़ाई करोड़ रूपये मिले हैं। आयुष सोसाइटी के बजट से जौनपुर में 30 बिस्तर का अस्पताल निर्माणाधीन है, 11 जिलों में 50 बेडेड एकीकृत आयुष अस्पताल बनाये जायेंगे। जबकि छह जिलों में निर्मित हो चुके हैं, इनमें चिकित्सकीय सेवाएं शुरू होनी हैं। इसके अलावा राज्य सरकार में मिले 3.5 करोड़ के बजट में 25 बेड, 15 व चार बेड के नए आयुर्वेदिक अस्पताल भी बनाए जायेंगे।

आयुर्वेदिक चिकित्सा के तहत चार बेड के 250 अस्पताल निर्माणाधीन हैं, 177 अतिरिक्त प्रस्तावित हैं। इसके अलवा 15 बेड के दो अस्पताल प्रस्तावित हैं।

25 यूनानी अस्पतालों को मिली जमीन

यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. अब्दुल वहीद ने बताया कि सोसाइटी द्वारा साढ़े पांच करोड़ की किस्त मिल चुकी है, 25 यूनानी अस्पतालों के भूमि मिल चुकी है, जिन पर भवन निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा 11 एकीकृत आयुष अस्पताल व 49 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित किये जायेंगे। लखनऊ व प्रयागराज स्थित कॉलेज के संबन्ध अस्पतालों में इंडोर सेवाएं जारी हैं। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद वर्मा ने बताया कि कई जिलों में इंडोर सेवाएं उपलब्ध हैं, निर्माणाधीन आयुष अस्पताल बनने से मरीजों को इलाज मिलना आसान हो जायेगा। हर जिले होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बनने के बाद होम्योपैथिक चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता ही नहीं, नए अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं भी बढ़ेंगी।

निर्माणाधीन एकीकृत आयुष अस्पताल

परंपरागत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बरेली, कौशाम्बी, ललितपुर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, अमेठी व देवरिया में 50 बिस्तर के एकीकृत आयुष अस्पताल निर्माणाधीन हैं, जबकि रायबरेली, बस्ती, जालौन, बागपत, बुलंदशहर व बलिया में अस्पताल बन चुके हैं।

कार्यकर्ताओं में न्याय यात्रा को लेकर उत्साह

अमृत विचार, लखनऊ : भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह हैं। लखनऊ में यात्रा निकलने के बाद कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। यात्रा के बाद से शहर में कार्यकर्ता अब बूथों पर ज्यादा सक्रिय हो गए है।

कांग्रेस जिला श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी के लखनऊ आगमन पर लोगों द्वारा राहुल गांधी के लिए जो प्यार उमड़ा है वह यह दर्शाता है कि आगामी लोक सभा के चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। बेरोजगार युवक परीक्षा देते है और पेपर लीक हो जाता है। यह प्रदेश सरकार की नाकामी है। कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ लेबल पर कार्य कर रहें है और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं।

एसटीएफ ने नकलचियों के मददगारों की बनाई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गिरोह के सरगना मोनू और कपिल की तलाश तेज
- मथुरा का उपाध्याय बना एसटीएफ के लिए चुनौती

अमृत विचार: एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड तक पहुंचने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इस क्रम में परीक्षा के दौरान नकल करने वाले अभ्यर्थियों के मददगारों की सूची बनाई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के पास पेपर किस नेटवर्क से और कहां से पहुंचा, उसका ब्रीफ तैयार कर सभी नेटवर्क को फिर से खंगालना शुरू कर दिया है। ताकि इस पूरे मामले के असल गुनहगारों तक पहुंच सके।

एसटीएफ के प्रभारी एसपी विशाल विक्रम सिंह के नेतृत्व में जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने यू-ट्यूब पर पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार को पूछताछ के लिए सारे सबूतों के साथ सोमवार को बुलाया है। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी। एसटीएफ टीम गाजियाबाद से गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी को नकल कराने वाले गुरबचन के गैंग लीडर मोनू और कपिल की भी तलाश तेज कर दी है। पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी रिया चौधरी को ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने की कोशिश की जा रही थी। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार मोनू और कपिल पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगना हैं। गुरबचन के जरिए ही अभ्यर्थी का मोनू और कपिल से संपर्क हुआ था।

वहीं दूसरी तरफ एसटीएफ नीरज नाम के शख्स का भी नेटवर्क खंगाल रही है। लखनऊ के कृष्णा नगर में 18 फरवरी को अभ्यर्थी सत्य अमन को नीरज यादव ने ही वाट्सएप पर सॉल्व्ड पेपर भेजा था। लखनऊ पुलिस ने अभ्यर्थी सत्य अमन और उसके साथी नीरज को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज ने पूछताछ में बताया था कि उसे सॉल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का ''उपाध्याय'' नाम का एक शख्स है, लेकिन मथुरा का उपाध्याय कौन है? कहां रहता है? इस बात से उसने अनभिज्ञता भी जाहिर की है। ऐसे में एसटीएफ टीम मथुरा के 'उपाध्याय' की गिरफ्तारी बड़ी चुनौती बनी हुई है। एसटीएफ और पुलिस की टीमें उसकी तलाश में मथुरा में दबिश दे रही है।

राजभवन में सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल राम नाईक को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को पूर्व राज्यपाल राम नाईक को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि राम नाईक का जीवन 'चरैवेति-चरैवेति' का उत्कृष्ट उदाहरण है।पूर्व राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल ने उन्हें बेबाक नेता व कर्मठ समाजसेवी बताया। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि उन्हें पद्मभूषण सम्मान के लिए मनोनीत किये जाने में उत्तर प्रदेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, महाराष्ट्र मंडल के सदस्य, विशेष सचिव बीएन सिंह, डॉ. निशिगंधा नाईक आदि लोग शामिल हुए।

हारीं सीटें सहयोगियों को दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक संभव
- बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी है शामिल

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में साल 2019 के लोस चुनाव में हारी हुई 14 सीटों में से कुछ सीटें रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी को दे सकती है। वहीं कुछ सीटों पर बसपा के मौजूदा सांसदों को भी भाजपा में शामिल कराकर चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है। रविवार को बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी इसमें शामिल है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 80 में से 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें से उप चुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ में तो जीत हासिल की। वहीं, गाजीपुर, घोसी, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज और जौनपुर में अभी बसपा के सांसद हैं। जबकि, मैनपुरी, मुरादाबाद और संभल में सपा के सांसद है। रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं।

भाजपा इन हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। 28-29 फरवरी को प्रस्तावित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पैनल पर चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। वहीं संगठन का प्रयास यह भी है कि समय रहते प्रत्याशियों की घोषणा हो जाए ताकि प्रत्याशी जनता से जुड़ कर अपनी स्थिति को मजबूत करे ले।

महिला मेट का चयन करेगी कमेटी

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राम पंचायतों में महिला मेटो की संख्या कम है। लक्ष्य के अनुसार चयन नहीं हो पाया है। जो अब कमेटी बनाकर हरहाल में करना होगा। ग्राम पंचायतों में रोजगार सेवकों की जगह महिला मेट रखी जा रही हैं। यह समूह की महिलाएं हैं। इससे इन्हें रोजगार मिलेगा और ग्राम रोजगार सेवक की कमी दूरी होगी। प्रदेश में लेकिन, सभी जगह तैनाती नहीं हो पाई है। प्रदेश में 57,705 महिला मेट के सापेक्ष 30868 यानी 53 प्रतिशत ही महिला मेट रखीं गई हैं। इनके न होने से मनरेगा के कार्य प्रभावित हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने 100 प्रतिशत तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। चयन कमेटी बनाकर किया जाएगा। मनरेगा पोर्टल पर महिला मेट का नाम भी दर्ज किया जाएगा।

रोस्टर से आपूर्ति, दीवारों पर लिखा जाएगा समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जल्द पहुंचेगा ग्रामीण इलाकों में हर घर शुद्ध जल

अमृत विचार : ग्रामीण इलाकों में जल्द घर-घर शुद्ध जल पहुंचेगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना का कार्य अंतिम चरण पर है। इसकी आपूर्ति रोस्टर बनाकर की जाएगी। आपूर्ति का समय दीवारों पर वॉल पेंटिंग से अंकित किया जाएगा।

प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में हर घर शुद्ध जल पहुंचाने की कवायद चल रही है। मार्च 2024 तक जल निगम ग्रामीण को पूर्ति करनी है। कई जगह पानी की टंकी, पाइप लाइन, घरों पर कनेक्शन समेत अधिकांश काम हो गए हैं। अब आगे की प्रक्रिया के लिए अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव ने निर्देश दिए कि जलापूर्ति के लिए रोस्टर तैयार किया जाए। आपूर्ति का समय पंप हाउस और पंचायत भवन की दीवारों पर अंकित कराया जाए। इससे ग्रामीणों को समय की जानकारी होगी। पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्लोरीनेशन उचित मात्रा में किया जाए और नियमित अंतराल पर सैंपल लेकर जल गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए।

कांग्रेस की तरह इस बार विप से गायब हो जाएगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस की तरह इस बार बहुजन समाज पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी! वजह यह है कि बसपा के एक मात्र सदस्य भीम राम आंबेडकर का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में बसपा का कोई सदस्य नामांकन करने की भी स्थिति में नहीं है।

राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश में विधान परिषद की खाली सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए चार मार्च से नामांकन शुरू होगा। वर्तमान में विधानसभा में 399 विधायक हैं। विधान परिषद के एक प्रत्याशी को जीतने के लिए 29 वोट चाहिए होते हैं, जबकि नामांकन करने के लिए 10 विधायक प्रस्तावक के तौर पर होने चाहिए। ऐसे में बसपा के लिए विधान परिषद चुनाव में जीतना तो दूर वर्तमान परिस्थिति में प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करना भी असंभव नजर आ रहा है।

मालूम हो कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च से नामांकन शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं।

डॉ. आंबेडकर का मिशन है बसपा: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंडेकर का मिशन भी है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि बसपा आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मिशन को समर्पित मूवमेंट भी है, इस कारण इस पार्टी की नीति व कार्यशैली देश की पूंजीवादी पार्टियों से अलग है। इसे ध्यान में रखकर ही चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी उतारती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब बीएसपी के सांसदों को इस कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही स्वयं जांचना है कि क्या उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का सही ध्यान रखा? क्या क्षेत्र में पूरा समय दिया? साथ ही, क्या उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित में समय-समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का सही से पालन किया है? बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसे में अधिकतर लोकसभा सांसदों का टिकट दिया जाना क्या संभव है।

रास चुनाव: मतदान में मोबाइल पर रहेगी पाबंदी

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यसभा की रिक्त 10 सीटों के लिए मंगलवार 27 फरवरी को होने वाले मतदान में मोबाइल फोन पर पाबंदी रहेगी।

इस चुनाव के रिटर्निंग आफिसर और उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे ने यह जानकारी दी है।उन्होंने बताया कि विधान भवन के तिलक हॉल स्थित मतदान स्थल और मतगणना स्थल यानि कक्ष संख्या-80 में इस चुनाव में शामिल सभी प्रत्याशियों, उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, मतदाता, चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा।

राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एंटी डेमो फ्लीट हादसे में घायल हुए व्यक्ति का हाल-चाल लेते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

अब एआई के जरिये बढ़ेंगी सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

- कानपुर आईआईटी, फिक्की व एसबीआई के साथ आज होगा एमओयू
- इंजीनियरों के सहयोग से बढ़ेंगी टेलीमेडिसिन और टेलीरेडियोलॉजी सुविधाएं

अमृत विचार: वह दिन दूर नहीं, स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बोलबाला होगा। सरकारी अस्पतालों में आईआईटी कानपुर के इंजीनियर ही नहीं, संचालित हो रहे आरोग्य मंदिर, स्मार्ट आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित होंगे। इसके लिए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग कानपुर आईआईटी, एसबीआई व फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री(फिक्की) के साथ अलग मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग(एमओयू) करने जा रहा है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जायेगा। कानपुर आईआईटी के इंजीनियरों के सहयोग से टेलीमेडिसिन और टेलीरेडियोलॉजी सुविधाएं बढ़ाई जायेंगी। एआई के उपयोग से बीमारियों की पहचान आसान हो जायेगा।

इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का सहयोग लिया जा रहा है, चिकित्सकीय सेवाओं को बढ़ाने में एसबीआई के आर्थिक सहयोग से प्राइवेट पैथोलॉजी में अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं बढ़ाई जायेंगी। इसके अलावा हेल्थ व वेलनेस के लिए संचालित आरोग्य मंदिर को तकनीकी रूप से सुदृढ किया जायेगा। इसके लिए फिक्की के साथ एमओयू किया जा रहा है, प्रथम चरण में सरोजनी नगर ब्लॉक के आरोग्य मंदिरों को स्मार्ट आरोग्य मंदिर बनाया जायेगा।

वाराणसी और लखनऊ के अस्पतालों में बढ़ेंगे संसाधन

अमृत विचार, लखनऊ : वाराणसी के पं.दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल व राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने साढ़े तीन करोड़ जारी किये हैं। वाराणसी के अस्पताल में चिकित्सकीय उपकरणों के साथ ही ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए संसाधन जुटाए जायेंगे, वहीं बलरामपुर अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड स्थापित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से चिकित्सकीय उपकरण व अन्य संसाधन की मांग के सापेक्ष उन्हें तीन करोड़ 33 लाख 34 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं, इसके अलावा बलरामपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउंउ मशीन की मांग की गई थी। जिसके लिए 18 लाख रूपये दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि हर सोमवार केयर एप पर प्रदेश भर के अस्पताल अपनी जरूरतों को अपडेट करते हैं, केयर एप में सभी उपकरणों के संचालन की स्थिति की जानकारी देनी होती है। अगर खराब हैं तो उल्लेख करना होता है, अस्पतालों की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जाता है, उक्त क्रम में ही शासन द्वारा जारी किया गया है।

चैंपियन बनने पर आईएएस सुहास एलवाई को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार में खेल विभाग के सचिव आईएएस सुहास एल वाई ने फिर पैरा बैडमिंटन में अपना कमाल दिखाया है। थाईलैंड के पटाया में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही वर्ल्ड चैंपियन होने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने एमएस एसएल 4 में वर्ल्ड नंबर 2 सीड फ्रेडी सेतियावान को 21-18,21-18 से हराया। उनकी इस उपलब्धि पर योगी आदित्यनाथ ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, पटाया, थाईलैंड में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2024 में विश्व चैंपियन बनने पर सुहास एल वाई को बधाई। फाइनल में आपकी जीत समर्पण और उत्कृष्टता का एक शानदार उदाहरण है।

आईएएस सुहास के नाम सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल

सुहास देश की ब्यूरोकेसी में पैरा गेम्स में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले आईएएस ऑफिसर हैं। पहले भी उन्होंने खेल की दुनिया में भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। सुहास एलवाई उप्र. कैडर में वर्ष 2007 बैच के आईएएस अफसर हैं। मूल रूप से कर्नाटक में शिमोगा जिले के रहने वाले हैं।

राकेश बने भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह को आगरा में चल रहे अधिवेशन में रविवार को भारतीय मजदूर संघ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और परिवहन निगम के कर्मचारियों ने कहा कि हमारी एकजुटता और शक्ति का परिणाम है कि राकेश सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। भारतीय मजदूर संघ के सभी कर्मचारी और नेता राकेश सिंह की देखरेख में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ और परिवहन निगम नई उंचाइयों पर पहुंचेगा।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शहर में आज

- गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन - 10.30 बजे।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर कई योजनाओं का लोकार्पण - 11:00 बजे।
- रिजर्व बैंक परिसर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन - 11:00 बजे।
- विभूति खंड स्थित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में वीर विनायक सावरकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन - 3:00 बजे।

एक नजर

शिक्षक अभ्यर्थी आज करेंगे आंदोलन

अमृत विचार, लखनऊ : नियुक्ति की मांग कर रहे शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सोमवार को आंदोलन करेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि अपनी बात हम मंत्री से लेकर अधिकारी तक सबसे कह चुके हैं, लेकिन हमारी आवाज को सुनने वाला कोई नहीं है। कई बार आश्वासन के बाद भी अभी तक हमारी नियुक्ति नहीं हुई है। अब हमारे साथी प्रदेश के अन्य जिलों से आ रहे हैं और अब बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। हमारे साथी भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन हम लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है।

महर्षि सुपंच सुदर्शन की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र धानुक विकास समिति लखनऊ ने रविवार को कुल गुरु महर्षि सुपंच सुदर्शन की जयंती पर शोभायात्रा निकाली। समारोह का आयोजन लालबाग के सुदर्शन वाटिका स्थित उनकी मूर्ति स्थल पर हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिरकत की। उन्होंने समाज के लोगों को कुलगुरु के बताए आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसमें महापौर सुषमा खर्कवाल, समिति अध्यक्ष सुदर्शन सोमेश कुमार, नीरज सिंह, इंद्रजीत सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

सड़कों पर बिना एचएसआरपी दौड़ रहे 2.33 करोड़ वाहन

परिवहन विभाग ने प्रदेश में बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के दौड़ रहे वाहनों पर शुरू की कार्रवाई

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अंतिम तारीख 15 फरवरी, 2023 को बीते एक वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। इससे पहले भी दो बार तारीखें बढ़ाई गई हैं, लेकिन वाहन स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।

प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे ठंडे बस्ते में डाल भूल गईं। नतीजा सामने है, प्रदेश में अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाई है। कुल पंजीकृत वाहनों में 2 करोड़ 33 लाख 40 हजार 532 वाहन ऐसे हैं जिसमें अभी एचएसआरपी लगना शेष है। आधुनिक नंबर प्लेट न लग पाने की वजह से ये वाहन सारथी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं।

- अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही लग पाई नई सुरक्षा प्लेट
- दो बार समयावधि बढ़ाए जाने के बाद भी बड़ी संख्या में वाहन भर रहे मार्गों पर फर्राटा

लोगों की सहूलियतों को देखते हुए विभाग की ओर से प्रदेश में पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने की तारीखें कई बार बढ़ाई गईं, लेकिन वाहन स्वामी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में वाहनों पर सुरक्षा नंबर प्लेट नहीं लग पाई है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के लिए गाइड लाइन अधिकारियों को जारी कर दी गई है। परिवहन आयुक्त स्वयं इसे लेकर काफी गंभीर हैं। गाड़ी मालिक इसे नंबर प्लेट न समझें, यह गाड़ी की एक सुरक्षा प्लेट भी है। चेकिंग में पकडे.जाने पर वाहन मालिकों को नई दरों के हिसाब से जुर्माना भरना ही पड़ेगा। इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त, प्रवर्तन और सड़क सुरक्षा

- प्रदेश में पंजीकृत कुल वाहन : 3,06,52,158
- एचएसआरपी लगी गाड़ियों की संख्या : 73,11,626
- एचएसआरपी लगी वाहनों का प्रतिशत : 23 .85

तीन चालान के बाद जुर्माना राशि और बढ़ेगी, जेब से जाएगा 10,000 रुपये

चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना पहली बार में वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा। जांच में निरंतर तीन बार पकड़े जाने पर यही राशि देय होगी। अधिकारियों के मुताबिक, तीन चालान के बाद भी अगर नंबर प्लेट न लगवाई गई तो 10,000 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।

लखनऊ में 15.61 लाख तो बरेली में 5.68 लाख गाड़ियां बिना एचएसआरपी चल रहीं

राजधानी लखनऊ में ही प्रवर्तन टीम कटघरे में खड़ी हो जाती है। 1 अप्रैल 2019 के पहले कुल 21,48,179 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 5,86,378 में ही एचएसआरपी लग पाई है। यानी 15,61,801 वाहन अभी बिना नई नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, इसी तरह बरेली में 7,54,602 वाहनों का पंजीकरण हैं, इनमें से 1,85,846 गाड़ियों में ही नई नंबर प्लेट लगी है। यानी 5,68,756 गाड़ियों में अभी एचएसआरपी नहीं लग पाई है।

प्रवर्तन दलों ने शुरू की कार्रवाई

दरअसल, 1 अप्रैल, 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने को लेकर गाड़ी के अंतिम नंबर के हिसाब से तिथियां तय की गईं थीं। तय तारीखों तक नंबर प्लेट हर हाल में लग जानी थी। वाहन स्वामियों की दिक्कतों को देखते हुए चेतावनी के साथ दो बार तिथि बढ़ाई गई। तारीख निकलती रहीं, लेकिन वाहन स्वामियों ने इसे लगवाया नहीं। अब अभियान शुरू हो गया है। ऐसे में लापरवाह लोगों की जेब कटना तय है।

किसान आज बाराबंकी में करेंगे महापंचायत

अमृत विचार, लखनऊ : मांगों को लेकर किसान आंदोलन तेज करेंगे। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने ईको गार्डन पर धरना दिया। पदाधिकारियों ने एसीपी को ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को किसान गन्ना संस्थान, बाराबंकी में महापंचायत करेंगे और किसानों की मांगें उठाएंगे। मंगलवार को अयोध्या जाएंगे और रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर किसान आंदोलन तेज करेंगे। मांगों में मुख्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाना, दिल्ली में 13 माह के धरने पर 702 किसान व आठ लखीमपुर खीरी के किसान की मौत मामले पर परिवारों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा देना आदि है।

107 अभ्यर्थियों ने छोड़ी अनुदेशक मुख्य परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किसी को सरल तो किसी को कठिन लगे सवाल, जीके में परेशान हुए अभ्यर्थी
- राजधानी में आठ केन्द्रों पर सकुशल आयोजित हुई परीक्षा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की अनुदेशक मुख्य परीक्षा का आयोजन राजधानी में रविवार को आठ केन्द्रों पर किया गया। प्रातः 10 बजे से लेकर अपराह्न 12 बजे तक आयोजित हुई परीक्षा में 107 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

पूरी परीक्षा स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षण स्टैटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में हुई। परीक्षा के लिए 3428 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, इसमें 3,321 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों को कड़ी चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। वहीं, केन्द्रों पर अधिकारियों की तैनाती 2 घंटा से पहले से ही रही।

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बातचीत में अपनी मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि रेगुलर पढ़ने वालों के लिए पेपर आसान रहा, लेकिन सामान्य ज्ञान के प्रश्न घुमावदार थे। जिसके चलते हल करने में परेशानी हुई। परीक्षार्थी अनुज कुमार, विनीत जायसवाल, अनुपम त्यागी, अरुण गोस्वामी ने बताया कि सामान्य ज्ञान के कुछ सवाल गलत हुए हैं, बाकी सही किए हैं। विषयवार प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था, जिसमें थोड़ी परेशानी हुई।

आज अकबर नगर व चौक आने-जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अकबर नगर में बिना मानक के निर्माण ढहाने के लिए चलेगा अभियान
- चौक इलाके में फिल्म की शूटिंग के लिए रहेगा रूट डायवर्जन

अमृत विचार : महानगर इलाके के अकबर नगर और चौक की ओर जाने वाले मार्गों पर सोमवार को आने-जाने से बचें। एलडीए अकबर नगर में बिना मानक के निर्माण ढहाने की कार्रवाई करेगा।

इसलिए सुबह 7 बजे से डायवर्जन लागू रहेगा। वहीं, चौक इलाके में फिल्म की सूटिंग के चलते अपराह्न 2 बजे से शाम 7 बजे तक डायवर्जन रहेगा। डीसीपी सलमान ताज पाटिल ने बताया यातायात से संबंधित कोई परेशानी होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

अकबर नगर : मार्गों को लेकर किया गया बदलाव

- पॉलीटेक्निक से अकबर नगर की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग नीलगिरी तिराहे से बांए होकर अम्रपाली चौराहा से बांए बैरल नंबर-8 से बंधा रोड होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- आईटी से पॉलीटेक्निक की ओर आवाजाही बंद रहेगी।
- **पहला वैकल्पिक मार्ग:** बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन से बांए होकर कार्मल चौराहा से पीएसी मुख्य द्वार या वायरलेस चौराहे से होते हुए सर्वोदय नगर चौराहे से बंधा रोड होकर शक्ति नगर ढाल से गंतव्य तक जा सकते हैं।
- **दूसरा वैकल्पिक मार्ग:** बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन से यू-टर्न लेकर पेपर मिल से बांए आरआर बंधा होकर मिलेगा।

चौक : मार्गों को लेकर किया गया बदलाव

- दुबग्गा और बालागंज से आने वाले वाहन घंटाघर की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग यूनिटी कॉलेज से सीधे चौक चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।
- दुबग्गा, बालागंज से कोनेश्वर मंदिर होकर घंटाघर की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर मंदिर से सीधे चौक चौराहा और चरक चौराहा होकर तय किया गया है।
- टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा से छोटा इमामबड़ा व घंटाघर की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग रूमी गेट चौराहा से चरक और चौक चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।

अकबर नगर में आज हो सकती है ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रविवार देर शाम तक पांच टीमों ने चिह्नित किए मकान
- कोर्ट में अपील करने वालों पर नहीं होगी कार्रवाई

अमृत विचार : अकबर नगर में सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकता है। रविवार को देर शाम तक मकानों का सर्वे किया गया। पांच टीमों ने पुलिस बल के साथ मकान चिह्नित किए। इससे लोगों में दहशत का माहौल रहा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण को कुकरैल नदी की जमीन पर कब्जा कर बने मकान, दुकान व शोरूम ध्वस्त करने हैं। सोमवार से बुलडोजर चलने की चर्चा रही। इसके लिए रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पांच टीमें बनाकर अकबर नगर प्रथम और द्वितीय का देर शाम तक सर्वे किया। इस दौरान टीम ने वह मकान व दुकान चिह्नित किए जिन्होंने कोर्ट में याचिका नहीं की है। वैसे मोहल्ले में एक हजार से अधिक आवासीय व अयोध्या रोड पर 100 से अधिक बड़े शोरूम हैं। करीब 1200 लोगों को एलडीए ने पूर्व में ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया था। इसके विरोध में लोग हाईकोर्ट गए थे और वहां से रोक लगाई गई थी।

बाद में हाईकोर्ट ने उन बिन मानक के निर्माण को गिराने की अनुमति दी थी, जिन्होंने याचिका नहीं की है। करीब 500 ऐसे भवन चिह्नित किए गए हैं। सर्वे एलडीए, जिला प्रशासन, डूडा, नगर निगम की टीम ने किया है। घरों के बाहर निशान बनाते हुए नंबर लिखे हैं।

चिकित्सक को राहत नहीं देना होगा हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एक महिला के हाथ पर इंजेक्शन लगाने से इन्फेक्शन हो गया। इससे हाथ काटना पड़ा। निजी चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया, लेकिन सिद्ध न होने पर मामला खारिज कर दिया गया।

सुनीता देवी निवासी अदलहाट मिर्जापुर के अनुसार, 5 दिसंबर 2011 को हाथ में दर्द होने पर जनसेवा क्लीनिक गई थीं। वहां चिकित्सक प्रदीप गुप्ता ने हाथ में इंजेक्शन लगा दिया। इससे हाथ में इन्फेक्शन फैल गया। दूसरे अस्पताल में हाथ कलाई से ऊपर तक काटा गया। चिकित्सक की लापरवाही बताते हुए जिला उपभोक्ता फोरम मिर्जापुर में वाद दायर किया था। वहां प्रदीप पर 5.50 लाख का हर्जाना भरने के आदेश दिए गए। इसके बाद प्रदीप ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की।

साक्ष्य दिए कि उन्होंने कोई इंजेक्शन नहीं लगाया, न ही महिला क्लीनिक आई। सुनीता सड़क दुर्घटना में घायल हुई थीं और समय पर उपचार न होने के कारण बाद में उनका दूसरे अस्पताल में हाथ काट गया। उन पर लापरवाही व इंजेक्शन लगाने के कोई प्रमाण न मिलने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने सुनवाई कर जिला उपभोक्ता फोरम मिर्जापुर का आदेश खारिज कर दिया। इससे चिकित्सक को राहत मिली।

रविवार को विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किन्नर समाज के लोग। अमृत विचार

चिनहट सहित कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ट्रांसगोमती के उपकेंद्र लौलाई (चिनहट) से पोषित 33 केवी फीडर का अनुरक्षण कार्य सोमवार को किया जायेगा। जिसमें पेड़ों की कटाई-छटाई का काम किया जायेगा। जिसके चलते माधव ग्रीन, मल्हौर देवरिया, कांशीराम इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यहां सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली की आपूर्ति को बंद किया जायेगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता चिनहट ने दी।

जीएसआई उपकेंद्र के कई इलाकों में बाधित रही आपूर्ति

अमृत विचार : ट्रांसगोमती के जीएसआई उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में रविवार को बिजली गुल रही। इस दौरान लोग उपकेंद्र सहित अधिकारियों को फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी ने भी फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई। इलाके में करीब तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर बाद जानकीपुरम विस्तार के साथ कुर्सी रोड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल रही। शाम 4 बजे के बाद बिजली की आपूर्ति को सामान्य किया गया। जिसके चलते लोगों को घंटों इधर-उधर भटकना पड़ा।

विरोध | कृषि उत्पाद व्यापारियों ने किसानों की मांग को किया खारिज कहा, बेजा मांग, इसमें व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही की बात

व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग संबंधी प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कृषि उत्पाद से जुडे. व्यापारियों ने किसान संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रविवार को जीपीओ पार्क में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ आक्रोश जताया। इसमें बड़ी संख्या में खाद्यान्न व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

व्यापारियों का कहना है कि किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग के प्रस्तावित स्वरूप पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कृषि उत्पाद को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीदने पर खरीदार कृषि उत्पाद व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही हो। इसके तहत कोई धारा, सजा व मुकदमे का प्रावधान हो। यह मांग पूरी तरह से बेजा है।

रविवार को हजरतगंज में प्रदर्शन के दौरान एमएसपी कानून की मांग संबंधी प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ कर विरोध जताते व्यापारी। अमृत विचार

किसानों की दूसरी मांग को भी खारिज करते हुए व्यापारियों ने कहा कि इस कानून से डब्ल्यूटीओ का समझौता खत्म होगा यह समझौता तोड़ने का मतलब कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात बंद होना और देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना। यह कतई मानने योग्य बातें नहीं हैं। इससे देश में कृषि उत्पाद व्यापार में परेशानियां बढ़ेंगी।

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी प्रदर्शन के लिए जुटे। संगठन अध्यक्ष ने बताया किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एमएसपी कानून के ब्यौरे की प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उन्नाव के जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि जिले के सभी व्यापारी आंदोलनरत हैं। इस कानून का विरोध किया जाएगा। संगठन के कानपुर महानगर इकाई के वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, महानगर महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित और कानपुर महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी समेत कानपुर की दोनों गल्ला मंडियों के कृषि उत्पाद व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन में गोपाल शुक्ला, अब्दुल वहीद, अरविंद गुप्ता, संजय सिंह भदौरिया, जीतेन्द्र सिंह, गोपाल शुक्ला, सत्यप्रकाश गुप्ता, राजेंद्र मिश्र समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

फर्जी हस्ताक्षर बना पार किए 12 .62 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाई के विरोध करने पर आरोपियों ने दी जान माल की धमकी
- कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार : ठाकुरगंज थाने में पीड़ित ने दो सगी बहनों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है बहनों ने चेक पर मृत पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 12.62 लाख रुपये खाते से पार कर दिए। पिता के खाते की डिटेल बैंक से मिलने पर पीड़ित को मामले की जानकारी हुई। जिसके बाद विरोध करने पर बहनों ने जान माल की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

हुसैनाबाद के शिवपुरी निवासी मो. आसिम ने बताया उनके पिता मो. हाशिम का 28 अप्रैल 2021 को निधन हो गया था। पैतृक संपत्ति पर उनका, भाइयों मो. अरशद, मो. आमिर और बहनों आसमा हाशिम व अमीना हाशिम का बराबर हक था। आरोप है कि 29 अप्रैल को बहन आसमा ने पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर चेक से 4 लाख रुपये पार कर दिए।

जबकि निधन वाले दिन तक पिता के खाते में 12 लाख रुपये से अधिक थे। इसी तरह दूसरी बहन अमीना ने भी पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 30 अप्रैल को चेक लगाकर खाते से 3,43,800 रुपये पार कर दिए। 3 मई को आसमा ने फिर से चेक लगा बाकी रुपये भी निकाल लिए। आसिम को जब फर्जीवाड़े को लेकर शक हुआ तो उसने 10 नवंबर 2023 को पिता के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते की डिटेल चेक करवाई इसके बाद उसे पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने बहनों से पूछताछ की तो वो मारपीट पर अमादा हो गईं। आसिम ने ठाकुरगंज थाने और पुलिस अधिकारियों से मामले की शिकायत की, सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया, कोर्ट के आदेश पर आरोपी बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

कीर्तन भजन के साथ रवाना हुई यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा पशुपतिनाथ के लिए गंगोत्री से आए गंगाजल अभिषेक की यात्रा गोमतीनगर के वेलवेडियर अपार्टमेंट से कीर्तन भजन के साथ रवाना हुई। गंगाजल से पशुपतिनाथ का अभिषेक शिवरात्रि के पवन अवसर पर किया जायेगा। विश्व कल्याण की भावना के साथ यह आयोजन किया जाता है। इस यात्रा के आयोजक महर्षि महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पिछले 45 वर्षों से लगातार यह यात्रा निकाली जा रही है। पहले यह यात्रा ब्रम्हलीन लक्ष्मी नारायण द्वारा निकाली जाती थी। अब उनके पुत्र महेंद्र प्रसाद की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विश्व कल्याण की कामना की जाती है। इस आयोजन में अनेक सभ्रांत लोग समाजसेवी तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोग उपस्थित रहे।

सरकारी स्कूलों में औचक निरीक्षण आज से

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों का औचक निरीक्षण सोमवार से होगा। निरीक्षण की जिम्मेदारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों को सौंपी गई है। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में निर्धारित सभी 19 पैरामीटर के आधार पर निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान किसी भी विद्यालय में यदि लापरवाही मिलती है तो उसके लिए प्रधानाध्यापक जिम्मेदार माने जायेंगे। निरीक्षण के दौरान शुद्ध पेयजल, विद्यालय में नल-जल की आपूर्ति, बालक इज्जतघर, बालिका इज्जतघर, बालक मूत्रालय, बालिका मूत्रालय, इज्जतघर व मूत्रालय में जलापूर्ति, इज्जतघर का टाइलीकरण, दिव्यांग सुलभ शौचालय, मल्टीपल हैंड वाशिंग यूनिट, आधुनिक रसोईघर, कक्षा की फर्श पर टाइलीकरण, श्यामपट, विद्यालय की रंगाई-पुताई, दिव्यांग सुलभ रैंप व रेलिंग, कक्षा कक्ष में वायरिंग व विद्युत उपकरण, विद्यालय का विद्युत संयोजन, बच्चों के लिए डेस्क व बेंच और विद्यालय की चाहरदीवारी की व्यवस्था को देखा जायेगा। इसके साथ ही निपुण लक्ष्य के तहत बच्चों में पढ़ने की स्किल को भी देखा जायेगा।

निदेशालय ने मांगी अनुपस्थित कक्ष निरीक्षकों की रिपोर्ट

कटेगा वेतन, हो सकता है निलंबन, निदेशक सख्त, बोर्ड की परीक्षा में माध्यमिक के साथ बेसिक के शिक्षकों की भी लगी है ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में इस समय यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन कक्ष निरीक्षक अपनी ड्यूटी करने को तैयार नहीं है। बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की हर जिलों में काफी संख्या में अनुपस्थिति की बात सामने आ रही है, जबकि अभी तक दो ही दिन परीक्षा आयोजित हुई है। कक्ष निरीक्षकों की लापरवाही को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने नाराजगी जाहिर की है। निदेशक ने सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) को लापरवाह कक्ष निरीक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

निदेशक ने कहा, परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

हर साल की तरह से इस बार भी बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में हर जिले में लगाई गई है। कक्ष निरीक्षकों की जिम्मेदारी है कि कक्ष में परीक्षार्थियों पर वह निगरानी रखें, लेकिन काफी संख्या में कक्ष निरीक्षकों ने अपनी ड्यूटी ही नहीं ज्वॉइन की है। वहीं, केन्द्र बनाए गए निजी विद्यालयों के प्रबंधक लगातार डीआईओएस को सूचना भेज रहे हैं कि उनको जिन कक्ष निरीक्षकों की सूची सौंपी गई है, उसमें कई ऐसे हैं, जो ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। कक्ष निरीक्षकों को लेकर जिले स्तर पर नोटिस जारी की जा रही है। इसी को देखते हुए निदेशक ने भी सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, सभी जिलों में कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की गई है। लापरवाह कक्ष निरीक्षकों की वेतन कटौती के साथ निलंबन की तैयारी की जा रही है। इसमें आठ जनपदों में अनुपस्थित कक्ष निरीक्षकों की संख्या सबसे अधिक है।

दूरी का भी रो रहे रोना

वहीं, दूसरी ओर कई ऐसे कक्ष निरीक्षक हैं, जो अपने आवास और केन्द्र की दूरी का भी रोना रोते हुए ड्यूटी कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में राजधानी में ही दर्जनों प्रार्थना पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गये हैं, लेकिन कक्ष निरीक्षकों की कमी न होने पाए इसको ध्यान में रखते हुए डीआईओएस की ओर से ड्यूटी नहीं काटी जा रही है।

हजारों की संख्या में शिक्षिकाएं अवकाश पर

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा समय में बेसिक स्कूलों की हजारों शिक्षिकाएं अवकाश पर गई हैं। ये लखनऊ सहित सभी जनपदों की स्थिति है। अवकाश पर गईं शिक्षिकाओं ने अपने प्रार्थना पत्र में खुद के बच्चे की बोर्ड परीक्षा का जिक्र किया है। इस स्थिति में भी शिक्षकों की कमी हो गई है। विभाग के अधिकारी बताते हैं कि अधिकांश स्कूल मौजूदा समय में एक या दो शिक्षकों के सहारे ही चल रहे हैं। काफी संख्या में शिक्षकों की अभी ड्यूटी चुनाव में लगनी है, बीएलओ ड्यूटी पर शिक्षक पहले से ही लगे हैं।

परीक्षा खत्म होने के बाद मूल्यांकन की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं जारी हैं। इसी क्रम में बोर्ड की ओर से कॉपियों के मूल्यांकन की रूप रेखा तैयार हो रही है। कितने मूल्यांकन केन्द्र बनेंगे, कितनी शिक्षकों की ड्यूटी लगनी है, इसका ब्योरा तैयार हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, बोर्ड की तैयारी है कि परीक्षा खत्म होने के बाद मूल्यांकन शुरू हो जाए, ताकि परिणाम जारी करने में देरी न होने पाए। बता दें कि इस बार सीबीएसई की परीक्षाएं 13 मार्च से समाप्त हो रही हैं। बोर्ड का प्रयास है कि 31 मार्च तक मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी करवा ली जाए। राजधानी के 38 केन्द्रों पर हो रही परीक्षा में 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हैं। **परीक्षा में आज :** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा सोमवार को है। इसमें परीक्षार्थी अंग्रेजी (संचार) और अंग्रेजी (भाषा और साहित्य) विषय की परीक्षा देंगे। परीक्षा सुबह 10 .30 बजे शुरू होगी और दोपहर 1 .30 बजे तक चलेगी। सीबीएसई कोआर्डिनेटर जावेद आमल ने बताया कि परीक्षा के समय केन्द्रों की आनलाइन निगरानी की जा रही है।

डीआईओएस ने रात में किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का रात में भी औचक निरीक्षण जारी है। रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राकेश कुमार ने देर रात तीन परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर तैनात चपरासी उपस्थित पाये गये। डीआईओएस ने चपरासी को सजग रहने की सलाह दी। साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा।

डीआईओएस सबसे पहले परीक्षा केन्द्र बने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां तैनात कर्मचारियों से हालचाल जाना और स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इसके बाद डीआईओएस बप्पा श्री नारायण कॉलेज पहुंचे, यहां भी स्ट्रांग रूम में लगे ताले को चेक किया। यहां डीआईओएस को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिली। इसके अलावा सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था को भी परखा गया। डीआईओएस बाद में नवयुग कन्या इंटर कॉलेज भी पहुंचे यहां पर भी चपरासी उपस्थित मिला। बता दें कि अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार का सख्त निर्देश है कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रात में भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जाए।

रविवार को रात में नवयुग कन्या इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी अधिकारियों द्वारा देखा गया। अमृत विचार

बिना प्राधिकार पत्र के तीन लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृषि विभाग ने 26 कीटनाशक दुकानों पर मारा छापा
- तीन दुकानों पर बिना अनुमति मिला कृषि रक्षा रसायन

अमृत विचार : कृषि विभाग ने छापेमारी में तीन विक्रेताओं को बिना प्राधिकार पत्र (पीसी) के कृषि रक्षा रसायन (पेस्टीसाइड) बेचते पकड़ा है। बिक्री की स्वीकृति न होने पर तीनों के लाइसेंस निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि दो अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया है।

शासन के निर्देश पर शनिवार को जिले में कृषि रक्षा रसायन की गुणवत्ता और बिक्री की टीम बनाकर जांच कराई गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनय सिंह ने सरोजनी नगर, मोहनलालगंज, जबकि जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने मलिहाबाद और बीकेटी तहसील क्षेत्र में 26 कीटनाशक दुकानों पर छापा मारा। गोसाईंगंज में तीन लाइसेंसधारी विक्रेताओं के यहां बिना अनुमति कृषि रक्षा रसायन मिला। यानी जो रसायन बेचे जा रहे थे, उनके प्राधिकार पत्र नहीं लिए गए थे। इस पर विक्रेताओं ने प्राधिकार पत्र के लिए कंपनियों में आवेदन करने की बात कही, लेकिन कोई साक्ष्य नहीं उपलब्ध करा पाए। इस पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तीनों का लाइसेंस निलंबित कर दिया। साथ ही, स्पष्टीकरण मांगा है। कुल 10 कीटनाशकों के सैंपल लिए गए। दो अन्य विक्रेताओं के यहां अभिलेखों में कमी मिली। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सर्वे पूरा, फसलों को एक से दो प्रतिशत नुकसान

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में फसलों के सर्वे का काम पूरा हो गया है। जिसमें ज्यादा नुकसान नहीं मिला। बारिश और हवा से कुछ जगह मामूली एक से दो प्रतिशत क्षति मिली है। ब्लॉक से रिपोर्ट फोटो के साथ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय भेजी गई है। जो शासन को भेजी जाएगी। मंगलवार रात जिले में बारिश और तेज हवाओं से रबी की फसलें प्रभावित हुई थीं। कहीं जलभराव तो कहीं तेज हवाओं से गेहूं व अन्य फसल बिछ गई थीं। किसानों ने नुकसान की आशंका जताई थी और शासन से सर्वे कर आकलन करने का निर्देश दिया था। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि ब्लॉकवार टीम बनाकर सर्वे कराया था। जो शनिवार को पूरा हो गया है। इस दौरान कहीं ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। जिले में ओलावृष्टि भी नहीं हुई है। इसलिए फसलें सुरक्षित हैं। बीकेटी व माल में कुछ एक से दो प्रतिशत क्षति हुई है। इससे किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं है। रिपोर्ट फोटो समेत निदेशालय भेजेंगे। जो वहां से शासन भेजी जाएगी।

बाबा श्याम के भव्य दरबार का हुआ भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 8 मार्च से शुरू होगा तीन दिवसीय श्री श्याम निशानोत्सव

अमृत विचार : श्री श्याम ज्योत मंडल तीन दिवसीय निशानोत्सव 8 मार्च से आयोजित कर रहा है। इसके लिए ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में बाबा श्याम के भव्य दरबार का भूमि पूजन रविवार को किया गया। पूजन में उपस्थित भक्तजनों ने खाटू नरेश से निर्विघ्न उत्सव संपन्न कराने की कामना की।

मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि तीन दिवसीय 41वें श्री श्याम निशानोत्सव की शुरुआत 8 मार्च को होगी। पहले दिन कोलकाता के संजय शर्मा, दिल्ली के शीतल पाण्डेय और 9 मार्च को कोलकाता के संजय शर्मा, फतेहाबाद के परविंदर पलक शहनाई सांवरे बाबा श्याम के भजन सुनाएंगे। महाराष्ट्र एवं कोलकाता के कलाकारों के द्वारा महाशिवरात्रि एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर आधारित नृत्य नाट्य का मंचन पहली बार किया जाएगा। रविवार 10 मार्च को श्री श्याम सतरंगी ध्वज यात्रा तिलकनगर से शुरू होकर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू धाम मंदिर पर जाएगी, जहां भक्तजन बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। वहीं, रविवार 21 अप्रैल को सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन विद्यालय, मोतीनगर लखनऊ में किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रवण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, जितेंद्र, मोती कंछल, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)
पत्रांकः 1735 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 23.02.2024
सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती प्रतिमा पत्नी हेमेन्द्र सिंह	श्री रामजीवन पुत्र शिवनाथ	सिकन्दरपुरा –2	04	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

रविवार को ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित वर-वधू। अमृत विचार

सामूहिक विवाह समारोह में 101 कन्याओं का हुआ कन्यादान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : श्रीराम लीला मैदान ऐशबाग में क्लासिक परिवार के तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ।

आयोजन में 101 कन्याओं का कन्यादान हुआ। निर्धन और निराश्रित बेटियों का सहारा बने क्लासिक परिवार के मुखिया कल्पा कांतिलाल प्रेमजी मारू ने अपने निजी प्रयासों से 101 निर्धन और निराश्रित बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह कराया। क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी, लखनऊ उत्तरी क्षेत्र से विधायक डॉ. नीरज बोरा, कान्तिलाल प्रेमजी मारू, कल्पा कांतिलाल मारू, हरीश चन्द्र अग्रवाल, पंडित आदित्य द्विवेदी ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

वहीं, मानव एकता एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को राज बब्बर गेस्ट हाउस सरोजनी नगर में सामूहिक विवाह समारोह में 121 वर-वधू परिणय सूत्र में बंधे। इस मौके पर नव-दम्पत्तियों को आर्शीवाद देने के लिए पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, आयोजक अध्यक्ष एलपी सिंह, हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा, ऋषि मिश्रा, पवन मिश्रा, अजय त्रिपाठी, मोहित मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

लोक चौपाल में प्रो. कमला को दी गई श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : संगीत विदुषी प्रो. कमला श्रीवास्तव को अवध का सांस्कृतिक स्तम्भ बताते हुए कलाकारों और समाजसेवियों ने रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंचाई विभाग के ऑफिसर्स क्लब में लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित लोक चौपाल में उन्हीं के गीत गाकर उन्हें याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अवध जिमखाना क्लब के निकट स्थित अवध कुंज पार्क का नामकरण अवध कोकिला प्रो. कमला श्रीवास्तव पार्क करने और उनकी प्रतिमा लगाने की मांग की गई। रिंग रोड से सहारा स्टेट वाली सड़क का नामकरण प्रो. कमला श्रीवास्तव मार्ग किए जाने की मांग भी उठाई गई। वहीं, वरिष्ठ लोक गायिका विमल पन्त और पद्मा गिडवानी तथा चौपाल प्रभारी के पद पर अर्चना गुप्ता का मनोनयन हुआ। कार्यक्रम में कला समीक्षक डॉ. एसके गोपाल, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, नीरा मिश्रा, वन्दना शुक्ला, सुमन मिश्रा, हेमलता त्रिपाठी, डॉ. अनिल गुप्ता, सोनल ठाकुर, जीतेश श्रीवास्तव, स्वर्णकांति साहू, डॉ. एसके गोपाल, सीए मयंक गुप्ता, सौरभ कमल मौजूद रहे।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।
पत्रांकः 1238/न0पं0रा0–रा0से0/नि0सू0/2023–24 दिनांकः 24 फरवरी, 2024
अल्पकालीन ई–निविदा–सूचना
नगर पंचायत रामनगर बाराबंकी के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में सक्षम श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत/पात्र निविदादाता से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर राज्य सेक्टर के सीवरेज एंव जल निकासी योजनान्तर्गत प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण/विकास कार्य हेतु निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि नगर पंचायत निविदा एवं धरोहर धनराशि निधि खाता सं0–39002392893 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा रामनगर–बाराबंकी, आई0एफ0एस0सी0 कोड– SBIN0010881 में अन्तरित करना होगा, एवं कार्य सम्पादन के समय शासनादेश संख्या–43/2023/385 मु0 मं0न0 स0यो0/नौ–2–2023 /1775683 नगर विकास अनुभाग–2, लखनऊ दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 में उल्लिखित नियम व शर्तो का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा।

वेबसाईट पर निविदा अपलोड होने की तिथि	26 फरवरी, 2024
निविदा खरीदने की तिथि	26 फरवरी, 2024 18 मार्च 2024,12:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	18 मार्च, 2024, 01:00 बजे

प्रभारी लिपिक, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। | अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। | अध्यक्ष, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।

हजरत इमाम मेंहदी की विलादत की पूर्व संध्या पर सजीं महफिलें

- आयोजन में उलेमाओं और शायरों ने पेश किये कलाम
- अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में किया गया जश्ने वली-ए-अरुका आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शियों के 12वें इमाम हजरत मेंहदी (अ.स.) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिलों का आयोजन किया गया। इसमें तमाम उलमा और शायरों ने हजरत इमाम मेंहदी (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर लोगों ने आतिशबाजी करके खुशी मनायी। अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में जश्ने वली-ए-अस्र का आयोजन किया गया। जश्न की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी ने की।

जश्न में मौलाना मीसम जैद्री तथा मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेंहदी (अ.स) की फजीलत बयान की। इसके बाद शायरों ने बारगाहे-वली-ए-अस्र में मन्ज़ूम नज़रान-ए-अक़ीदत पेश किया। कार्यक्रम में वफ़ा अब्बास, शेख सईद हुसैन, दिलावर हुसैन और ज़ीशान हैदर को पेशे नजर अवार्ड से नवाजा गया। विलादत के मौके पर कर्बला मलका आफाक मदेयगंज में हुसैनाबाद ट्रस्ट ने जश्ने मसर्रत का आयोजन किया। महफिल को विभिन्न उलमा ने खिताब किया। इसी तरह रौजाए काजमैन में भी जश्ने इमामे जमाना मनाया गया।

मेंहदी घाट पर सजा बजरा, अब्बास घाट पर जियारत आज

मेंहदी घाट पर दरिया (गोमती) में बजरा रोशन रहा। महकते फूलों के साथ बजरे को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया। मौलाना हसन जहीर ने बजरे पर इमाम की सलामती की नज्र दी। अकीदतमंदों ने बजरे की जियारत कर नज्र चखी। बजरे पर महफिल सजी, जिसमें शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। बजरे की जियारत करने के लिए देर शाम से ही अकीदतमंद जुटने लगे थे। बजरे का आयोजन अंजमने जहूरे इमामत ने किया था। सोमवार को फज्र की नमाज से अब्बास घाट निकट दरिया वाली मस्जिद पर बजरे की जियारत होगी।

ऐशबाग रोड स्थित मलका जहां कर्बला में शब-ए-बरात पर कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों और रिश्तेदारों की कब्रों पर रोशनी करते लोग।

रातभर की इबादत, घरों में हुई नज्र

इबादत और मगफिरत का त्योहार शब-ए-बरात पूरी अकीदत से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने पुरखों की याद में नज्र-नियाज व फातेहा दिलाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं कीं और रातभर इबादत की। इस मौके पर कर्बलाओं, कब्रिस्तानों, मस्जिदों में विशेष नमाजों और कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। लोगों ने अपने रिश्तेदारों और अजीजों की कब्रों को मोमबत्तियों और फूलों की चादरों से सजाया था। कर्बला तालकटोरा, कर्बला मलका जहां, कर्बला इमदाद हुसैन खां, ऐशबाग, आलमबाग वीआईपी रोड, इमामबाड़ा गुफरामाब, इमामबाड़ा आगा बाकर, कुमेदान की बगिया, कर्बला अब्बास बाग, मिसरी की बगिया, कर्बला मुंशी फजले हुसैन, अलीगंज, सुप्पा, डालीगंज, गोमतीनगर गंजे शहीदां, मवैया, गढ़ीकनौरा, सर्वोदयनगर, तकिया मीरन शाह, खदरा, राजाजीपुरम, निशातगंज कब्रस्तानों पर रात भर रौनक रही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मै प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी–2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ –226021, श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम–तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सूचना
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी– ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला– इटावा

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

सूचना
सूचित हो कि मैं मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी– ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट–ज्योनार, जिला– बलरामपुर, मेरी वर्ष 2015–16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0–एम–2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – उत्तम शुक्ला,स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर, मो0– 842 9289 467

कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर, किछौछा, अम्बेडकरनगर
पत्रांक–295/न0पं0कि0 / शौचालय नीलामी / 2023–24 दिनांक – 24/02/2024
शौचालय नीलामी सूचना
नगर पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार / सर्वसाधारण को सूचित किया जाना हे कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्रान्तर्गत वार्षीक उर्स / अगहनिया मेला का अयोजन होता है। ऐसी स्थिति में दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत 05 अदद सार्वजनिक शौचालयों की नीलामी दिनांक 01.03.2024 को समय 03: 00 बजे नगर पंचायत कार्यालय पर की जायेगी। अधिकतम बोलीदाता को शौचालयों की किसी भी टूट–फूट की मरम्मत कराना अनिवार्य होगा।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अशरफपुर, किछौछा, अम्बेडकरनगर | अध्यक्ष, नगर पंचायत अशरफपुर, किछौछा, अम्बेडकरनगर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

कदम रसूल वार्ड : गलियों में आएं तो रखें नाक पर रुमाल

हर कदम पर गंदगी व समस्याओं का अंबार, सड़क जर्जर, नालियां चोक, बदबूदार पानी की हो रही आपूर्ति

गंगा कॉलोनी में गंदगी के बीच से गतंव्य को जाता बच्चा। अमृत विचार

छत के पास बिजली के तारों का मकड़जाल दिखाता युवक। अमृत विचार

वार्ड में साफ-सफाई के अभाव में गली में फैली गंदगी। अमृत विचार

अमृत विचार आपके द्वार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- पाइप लाइन टूटी, रोज सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी
- बिजली के खंभों से गुजर रही एबीसी लाइन

अमृत विचार: कदम रसूल वार्ड भले ही शहर के बीचोबीच है। लेकिन यहां पर न तो सफाई होती है, न ही सड़क का जीर्णोद्धार हो रहा है। घरों से निकलने वाले गंदे पानी के कारण इलाके में कदम रखना मुश्किल हो जाता है। बिना नाक पर रूमाल रखे अगर प्रवेश कर गए तो बीमार होने की संभावनाएं प्रबल हो जाती हैं। ऐसे में वार्ड के गंगा कालोनी सहित अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बारे में सोच कर ही रूह कांप जाती है। बस मजबूरी है कि कई पुश्तों से रहते आए हैं कहीं और नहीं जा सकते। शिकायतों के बाद भी न तो पार्षद हरकत में आता है और न ही नगर निगम इंतजाम करता है। वार्ड में रविवार को अमृत विचार की टीम ने हालचाल लिया। तो स्थानीय लोगों का आक्रोश जुबां पर आ गया।

घरों से सटे बिजली के खंभे हादसे का बन रहे कारण

इलाकों में घरों से सटाकर बिजली के खंभे लगा दिए गए है। इन खंभों पर एबीसी लाइन को भी डाला गया है। इससे घरों को छूती लाइनें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। छतों व छज्जे से सटकर बिजली के तार भी लटक रहे हैं। घर में करंट उतरने की शिकायतों के बाद भी बिजली विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

नालियां चोक, नहीं होती महीनों सफाई: कदम रसूल वार्ड में जल निकासी के लिए बना नाला काफी दिनों से चोक है। सफाई न होने के कारण घरों को जोड़ने वाली नालियां भी चोक हो गई है। गंदा पानी सड़कों पर बहता है। जो सड़क पर बिखरे कूड़े में बहता है। इसकी गंदगी व दुर्गंध के कारण वार्ड में रहने तो दूर की बात है, चलना मुश्किल हो जाता है। संक्रामक रोगों का खतरा इलाके में लगातार बना है। बारिश के समय में इलाके में ज्यादातर लोग संक्रामक रोगों के शिकार हो जाते हैं। सफाई व्यवस्था तो चरमरा ही गई है। कूड़ा उठान भी नहीं होता है। वहीं, पीने के लिए गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है।

अमृत विचार टीम : नीरज अभिषेक, राजकुमार।

नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है। मुख्य सड़क पर बना नाला भी चोक है। सफाईकर्मी नही आते हैं। पार्षद और नगर निगम में भी शिकायत की। लेकिन नालियां साफ हुई न ही कूड़ा उठाया गया।
-अरविंद गुप्ता

वार्ड में सफाई होते मैने कभी नही देखा। पूरे इलाके में दुर्गंध फैली रहती है। घर हो या सड़क, यहां आना-जान मुश्किल हो गया है। पार्षद से भी शिकायत की, लेकिन आश्वासन ही मिलता है।
-अब्दुल रईस

बिजली के खंभे बहुत बड़ी समस्या है। घरों से सटाकर ही बिजली के पोल लगा दिये गये है। यहां घर में करंट उतरने का हमेशा डर बना रहता है। बिजली विभाग मे भी शिकायत की गई है। विभाग ने कार्रवाई नहीं की।
-अबदुल्ला खान

यहां की सड़के टूटी फूटी पड़ी है। इस कारण यहां निकलना दूभर हो गया है। कई बार पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। नगर निगम और पार्षद दोनों को ही समस्या बताई गई है। पर, कार्रवाई नहीं की गई।
-सुरैया बानो

इलाके मे सफाईकर्मी के साथ पार्षद भी कभी-कभी ही आते है। ऐसे में इलाके की सफाई व्यवस्था कैसे दुरूस्त रहेगी। यहां मुख्य समस्या पानी, नाली और सड़क के साथ बिजली के पोल है। इनका निदान नहीं होता है।
-शहनाज खान

नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। सफाई के अभाव में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। इसके कारण इलाके में मच्छरों की भरमार है। इसके बाद भी कभी सफाई नही की गई है।
-अब्दुल मोईद

समस्याओं का अंबार लगा हुआ। पार्षद ध्यान दे ही नहीं रहे हैं। सफाईकर्मी महीनों नहीं आते है। आश्वासन पर ही हम लोग समय काट रहे है। जीना दुश्वार होता जा रहा है
-कालिका प्रसाद

नाली की बदबू से हमलोग परेशान है। घर के पास लगा बिजली का पोल किसी भी समय गिर सकता है। शिकायत के बाद भी समस्या का निदान आज तक नही हुआ। पार्षद से भी इस समस्या को बताया, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की।
-फूल कुमारी

पीएम रिपोर्ट बदलवाने के मामले की पुलिस ने भी शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर परिजनों से वसूली करने के मामले की पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार को केजीएमयू प्रशासन से ऑडियो लिया है। इसे जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

मालूम हो कि, हादसे में जख्मी युवक की ट्रॉमा में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शराब न पीने की पुष्टि होने की बात कहकर पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी ने बीस हजार रुपए की मांग किया था। दस हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। इसमें दो हजार रुपए वसूल भी लिए गए थे। बकाया रकम मांगने को लेकर कर्मचारी पीड़ित परिवार को धमका रहा था। इस मामले को लेकर अभी तक केजीएमयू व स्वास्थ्य विभाग के अफसर आंख बंद किए बैठे हैं। जांच कमेटी तक गठित नहीं हुई है। बेहद संवेदनशील मसले को लेकर पुलिस ने अब जांच शुरू किया है। रविवार को पुलिस ने वायरल ऑडियो केजीएमयू प्रशासन से लिया है। इसके आधार पर पुलिस ने रुपए मांगने वाले व सरगना पर शिकंजा कस सकती है।

सरगना को बचाने की कोशिश: सूत्रों के कहना है कि इस मामले में केजीएमयू प्रशासन ने तीन संविदाकर्मियों को हटा कर मामले की लीपापोती शुरू कर दी है। वहीं, अहम बात यह है वसूली का खेल सरगना की सरपरस्ती में चल रहा था। जिस पर अभी तक जांच की आंच तक नहीं पहुंची है। वहीं स्वास्थ्यकर्मी का दो बार तबादला भी हो चुका था मगर रसूख के चलते पद पर डटा हुआ है। जिसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

फॉलोअप

- पुलिस ने केजीएमयू प्रशासन से लिया ऑडियो
- जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा ऑडियो
- केजीएमयू प्रशासन ने की थी तीन संविदा कर्मियों पर कार्रवाई

संबंधित ऑडियो पुलिस को सौंपा गया है। केजीएमयू प्रशासन ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दिया है। जांच में जो भी कर्मचारी लिप्त होगा उस पर सख्त कार्रवाई होगी।
-डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

चारबाग में ठहराव स्थल पर दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण से लगा जाम। अमृत विचार

ठहराव स्थल पर अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चारबाग में ठहराव स्थल पर अतिक्रमण होने की वजह से ऑटो टैंपो के संचालन में आ रही बाधा

अमृत विचार : टैंपो-टैक्सी एवं ई रिक्शा की वजह से जाम न लगे इसके लिए चारबाग में रवींद्रालय, आरक्षण केंद्र,मेट्रो के नीचे, मुसाफिरखाना वाली रोड के दोनों तरफ, सुदर्शन सिनेमा, नत्था चौराहा मिलाकर 7 ठहराव स्थल बनाए गए है। लेकिन अतिक्रमण के कारण इन स्थलों पर टैंपो-ऑटो का संचालन शुरु नहीं हो पा रहा है।

ज्ञात हो कि नगर निगम ने जाम से राहत देने के लिए शहर में पांच जंक्शन बनाये है जहां से टैंपो-ऑटो का संचालन होना है। लेकिन जाम की वजह से इन ठहराव स्थलों पर दिक्कतें आ रहीं है। चारबाग में बस का बेतरकीब ढंग से खड़ा होना और ठेले का सड़क को घेर कर दुकान लगाना जाम का मुख्य कारण है। प्रतिदिन हजारों लोगो को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

ठहराव स्थलों पर अतिक्रमण व्याप्त होने के कारण और नगर-निगम, परिवहन विभाग,स्थानीय पुलिस व यातायात पुलिस का अपेक्षित सहयोग नही मिल पाने की वजह से ठहराव स्थलों पर टैंपो-ऑटो का संचालन नहीं हो पा रहा है।
पंकज दीक्षित, अध्यक्ष- टैम्पो टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा

धरना दे रहे युवक की हालत बिगड़ी, अस्पताल में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्मारक समिति से हुई थी भर्ती ईको गार्डन में था तैनात
- कर्मचारी अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे

अमृत विचार : ईको गार्डन में 70 दिन से धरना दे रहे स्मारक समिति के कर्मचारी ब्रजमोहन (38) की रविवार दोपहर तबीयत बिगड़ने पर सहकर्मी लोक बंधु अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से नाराज सैकड़ों कर्मचारी अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ मुआवजे की मांग कर हंगामा करने लगे। हंगामा बढ़ने पर पुलिस पहुंची। लगभग सात घंटे बाद शाम सात बजे एलडीए और स्मारक समिति के अधिकारियों ने पहुंच कर्मचारियों को शांत कर शव पुलिस को सौंपा।

मूलतः मुरादाबाद निवासी ब्रजमोहन एलडीए की स्मारक समिति में सफाई कर्मचारी थे। वह जनेश्वर पार्क में तैनात थे। बसपा सरकार ने वर्ष 2011 में स्मारक समिति में भर्ती की थी। कर्मचारियों का आरोप है कि वेतन से हर माह कटौती की जा रही है, जिसका अधिकारी ब्योरा नहीं दे रहे हैं। इसे लेकर समिति अफसर और कर्मचारी 70 दिनों से ईको गार्डन में शिफ्टवार धरना दे रहे हैं। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

लोकबंधु के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया रविवार दोपहर करीब 12 बजे ब्रजमोहन को इमरजेंसी में लाया गया। डॉक्टरों ने उसकी जांच की तो मृत मिला।

वहीं एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा का कहना है कि स्मारक समिति का कर्मचारी जनेश्वर पार्क में काम करता था। हार्ट अटैक से निधन हुआ है। कर्मियों को पूरा वेतन दिया जा रहा है। उनकी कई मांगें पूरी हो गई हैं, कुछ शासन स्तर पर विचाराधीन हैं। जिनके निराकरण के लिए प्राधिकरण के अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही उनका भी निराकरण हो जाएगा।

बकाया बिल के लिए बच्चे के शव को रोका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव क्षेत्र के निजी अस्पताल पर लगा आरोप
- उप मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद परिजन को दिया शव

अमृत विचार : मड़ियांव के भिठौली स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। आरोप है कि बिल बकाया होने के कारण अस्पताल प्रशासन ने शव को देने से मना कर दिया। परिजनों ने इसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय में की। जहां से कॉल आने पर शव को दिया गया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही व शव रोके जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को लिखित शिकायत करने की बात कही है।

लखीमपुर खीरी के रहने वाले कालीचरण ने बताया कि बेटा सत्यम (8) करीब डेढ़ हफ्ते से बुखार से ग्रस्त था। पहले नजदीकी अस्पताल में दिखाया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। जिला अस्पताल से से बच्चे को केजीएमयू रेफर किया था। परिजनों ने करीब चार दिन पहले मड़ियांव भिठौली चौराहा स्थित बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पर डॉक्टरों ने जांच पड़ताल करके बच्चे के इंसेफ्लाइटिस की बीमारी होने की पुष्टि की। बच्चे की हालत सुधरने की बजाए लगातार बिगड़ती जा रही थी। शनिवार शाम बच्चे को वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया मगर उसकी मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल का तीस हजार बिल बकाया न अदा करने पर शव रोक लिया। परिजनों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। वहां से फोन आने बाद अस्पताल ने तीन घंटे बाद शव सिपुर्द किया। पिता ने इलाज में लापरवाही व शव रोके जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की बात कही है।

शव रोके जाने का आरोप बेबुनियाद है। बच्चा बेहद गंभीर हालत में आया था। चार दिन का महज 25 हजार रुपए बिल लिया गया है।
-रोहित सिंह, अस्पताल संचालक

डॉक्टर व छात्र से जालसाजी, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत एक डॉक्टर को कॉल कर महिला जवानों का मेडिकल चेकअप करने का झांसा देकर उसे धोखाधड़ी की गई। डॉक्टर के अकाउंटेंट ने गोमतीनगर थाने में लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, जानकीपुरम में मुनाफे का झांसा देकर एक छात्र से जालसाजों ने 90 हजार रुपये ऐंठ लिए हैं।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, विशालखंड-एक निवासी उमेश पटेल एक डॉक्टर के अकाउंटेंट है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार शाम 4 :43 पर डॉक्टर दर्शाना कपूर के मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता का परिचय सैन्यकर्मी श्रीकांत के रूप में देते हुए कहा कि सेना की तरफ से कुछ महिला जवानों का स्वस्थ परीक्षण किया जाना है। शुल्क जमा करने के लिए जालसाज ने उसने खाते की जानकारी मांगी। जिसके बाद तीन मदों में खाते से 2 .98 लाख रुपये निकल लिए हैं। वहीं, जानकीपुरम के अटल चौराहा निवासी छात्र शुभम राय ने बताया कि गत 31 दिसम्बर को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से मैसेज आया। इसमें निवेश का झांसा देकर जालसाजों ने कई मदों में उससे 90 हजार रुपये ठग लिए है। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ ग्रहजन्य पीड़ा से दिलाता है मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार का दूसरा दिन
- एक पंचांग बनाने पर सहमति बनाने में जुटे ज्योतिषाचार्य

अमृत विचार: अरिष्ट निवारण के लिए मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ किया जाता है। इसे नित्यकर्म में जोड़कर प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे ग्रहजन्य पीड़ा व प्राकृतिक उत्पातों से भी मुक्ति मिल जाती है। ये बातें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य और विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही ।

सेमिनार के दूसरे दिन पंचांग की एकरूपता और पंचाग साधन, विवाह विलम्ब विचार, रोग विचार, हृदयरोग विचार, कर्मजरोग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं, अनुज कुमार शुक्ल, साक्षी जैन, विवेक त्रिपाठी, डा. हरि नारायण धर द्विवेदी ने भी विवाह विलम्ब और रोग विचार पर अपने विचार व वैदिक पक्ष रखा।

मंत्र जप हृदय रोग से दिला सकता है मुक्ति : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा. सुभाष पाण्डेय ने हृदय रोग जैसे गम्भीर संकट से मंत्र जप व ईश्वर की उपासना मुक्ति दिला सकता है। यह बात काफी गहन चिंतन के बाद कह रहा हूं। डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने विवाह में विलम्ब के योग, उनके निदान तथा अन्य गम्भीर रोगों की चर्चा की । जिनका निदान ज्योतिष शास्त्र में प्रतिपादित किया। आकाशवाणी के प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनू खरे ने आज के समाज में पंचांग की आवश्यकता और विभिन्न प्रकार के रोगों के उपचार में ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श और उनके निदान के विषय में ज्योतिषियों से प्रामाणिक तथ्य बताने हेतु आग्रह किया ।

संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में चर्चा करते ज्योतिषाचार्य। अमृत विचार

मतांतर संभव लेकिन गणित में अंतर चिंता का विषय

कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय नागपुर के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि पंचांग की एकरूपता आवश्यक है। धर्मशास्त्र की दृष्टि से मतान्तर तो सम्भव है, लेकिन गणित में अन्तर आना चिन्ता का विषय है। इसलिये सभी को मिलकर कार्य करना चाहिये ताकि समाज को एक शुद्ध पंचांग मिल सके। इस अवसर पर प्रो. मदनमोहन पाठक, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ.अमित मिश्र, डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

ज्योतिष गणना में तीसरी बार सरकार बना रही भाजपा

कार्यालय संवाददात,लखनऊ

- ज्योतिर्विद सुमेधा शर्मा ने कहा प. बंगाल में भाजपा को मिलेगी बड़ी सफलता

अमृत विचार : ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा

कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

व्यापारियों को हकों के लिए संगठित किया जाए

अमृत विचार,लखनऊ : सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल की तेलीबाग की इकाई का शपथ ग्रहण रविवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रविदास मेहरोत्रा कार्यक्रम में मौजूद रहे। अध्यक्ष आसिम मार्शल ने कहाकि, व्यापारियों को अपने हकों के लिए संगठित करने की उनको परी प्रतिनिधित्व कैसे किया जाए सीखने की ताकि वह खुद सशक्त होकर अपने वह अपने क्षेत्र के व्यापारियों की जन समस्याएं दूर कर सकें। कार्यक्रम में विधिक सलाहकार महमूद आलम नदीम संगठन के संरक्षक मेजर आशीष चतुर्वेदी, महिला अध्यक्ष ज्योति सिंह अग्रवाल ने तेलीबाग की इकाई को शपथ दिलाई । जिसमे संरक्षक के रूप में जेबी सिंह व मुकेश यादव अध्यक्ष दिनेश यादव कार्यवाहक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष जगत सिंह धपोला महामंत्री राजकुमार मिश्रा व रमाशंकर प्रजापति वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन यादव व आनंद प्रसाद उपाध्यक्ष मियां बक्श सिंह, श्याम सिंह व पंकज यादव , महिला उपाध्यक्ष सोनी कश्यप ने शपथ ली ।

कंपनी मालिक ने महिला की हत्या कर गोमती में फेंका शव

हरदोई-सीतापुर की सीमा पर बरगदिया पुल से नदी में फेंका शव, 21 को महिला हुई थी लापता, पुलिस ने बरामद किया शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हरदोई की महिला की लखनऊ में हत्या का शव को हरदोई-सीतापुर सीमावर्ती क्षेत्र में बरगदिया पुल से शव को गोमती में फेंक दिया गया। शक के आधार पर पुलिस ने हत्यारोपियों को हिरासत में लिया। फिर उनकी निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने गीता हत्याकांड का पर्दाफाश कर हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

कंपनी मालिक ने अधिक वेतन देने का दिया था लालच- डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, मूलरूप से हरदोई जनपद के सुभाषनगर मोहल्ला निवासी नीरज सिंह की पत्नी गीता सिंह (35) लखनऊ की राइट कांसेप्ट कंपनी में कार्यरत थीं। एक माह पूर्व वह लखनऊ आई थी। पति नीरज ने बताया कि कंपनी मालिक अभिनव वर्मा ने अधिक वेतन देने का लालच देकर पत्नी गीता को इंदिरानगर के ओम प्लाजा अपार्टमेंट में कमरा दिलवाया था। कंपनी मालिक हरदोई कोतवाली क्षेत्र के खगेश्वरपुरवा का रहने वाला है। गत 21 फरवरी को गीता लापता हो गई। खोजबीन करने के बाद भी उसका सुराग नहीं मिला तब नीरज ने 23 फरवरी को गाजीपुर थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। छानबीन के दौरान पुलिस ने बताया कि गीता हरदोई निवासी एक नाबालिग के संग चली गई है।

सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे आरोपी। अमृत विचार

सीसीटीवी में दिखाई पड़े हत्यारे

पति नीरज सिंह ने बताया कि 21 फरवरी की शाम 5 बजे से लेकर अगले दिन दोपहर 2 बजे तक गाजीपुर पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक किया। जिसमें गीता फ्लैट से बाहर निकलते नहीं दिखी। जबकि फुटेज में 21 फरवरी शाम 7.24 बजे गीता पानी भरने के बाद फ्लैट में जाते दिखाई पड़ी। इसी फुटेज में रात 1.20 बजे फ्लैट से तीन संदिग्ध बाहर निकलते दिखाई पड़े। जिसमें एक शख्स के कंधे पर बोरी, दूसरे के पास अटैची और तीसरे के कंधे पर गद्दा दिखाई पड़ा। मामले को संज्ञान में लेते हुए डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर ने फौरन पूरे मामले की जांच गाजीपुर के एसीपी विकास जायसवाल को सौंप दी।

गला दबाकर की गई हत्या

सर्विलांस की मदद से पुलिस को महिला के बारे में अहम सुराग मिला। इसके साथ ही पुलिस ने कंपनी मालिक की लास्ट लोकेशन भी पता चली। इसके बाद पुलिस ने अभिनव वर्मा को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। तब उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। हत्यारोपी ने बताया कि गत 21 फरवरी को रुपयों को लेकर गीता का उससे झगड़ा हुआ था। गीता रुपये की मांग कर रही थी। जिस वजह से उसने साथी अर्जुन, शिवम और कमल किशोर के संग मिलकर गीता की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को बोरी में भर कर हरदोई-सीतापुर जनपद की सीमा पर बरगदिया पुल से गोमती नदी में फेंक दिया। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि एसओजी टीम की मदद से लखनऊ पुलिस ने महिला के शव को बेनीगंज कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

एक नजर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा संगम का आयोजन

अमृत विचार, काकोरी : रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा खंड काकोरी में शाखा संगम का आयोजन श्री शीतला माता मंदिर काकोरी के प्रांगण में किया गया। जिसमें लखनऊ जिले के जिला प्रचारक कृष्ण कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघचालक रमाकांत, सह जिला कार्यवाह अभय, जिला सहबाल काल प्रमुख हरिओम, खंड संचालक रमेश, जिला समग्र ग्राम विकास प्रमुख मनोज, खण्ड कार्यवाह अभिषेक और खंड प्रचारक विपिन और खंड के सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में किसान लापता

अमृत विचार, निगोहां : थाना क्षेत्र निवासी किसान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन ने निगोहां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। अमलिहा खेड़ा गांव निवासी प्रभाकर सिंह ने बताया कि उसके पिता प्रताप बहादुर सिंह (68) पिछले रविवार को सुबह बिना बताए घर से निकले थे, देर शाम तक नहीं लौटे। परिजन ने खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिले। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया किसान की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

दुकान से नकदी समेत हजारों का सामान चोरी

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में चोरों ने दुकान से नकदी सहित हजारों का सामान पार कर दिया। बेगरिया मोड़ शनिदेव मंदिर निवासी आकाश वर्मा ने बताया उनकी दुकान बेगारिया मोड़ पर बालाजी बर्तन भंडार नाम से है। रात में चोर दुकान में रखे 1,16,746 रुपये नगद, तांबे व पीतल के बर्तन पार कर दिये। सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने तहरीर दी है। पुलिस ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

अलग-अलग स्थानों पर तीन युवकों ने की खुदकुशी

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धर्मगंतखेड़ा गांव के बाहर भंवर सिंह उर्फ सरोज (25) का शव बाग में फंदे से लटकता मिला। वहीं, काकोरी के नरौना गांव में मनोरोगी अरविंद कुमार उर्फ मोनू (30) ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके अलावा पारा के हंसखेड़ा में शैलेन्द्र उर्फ रानू (23) का शव बिस्तर में पड़ा मिला। मोहनलालगंज प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, धर्मगंतखेड़ा गांव निवासी डीसीएम चालक भंवर सिंह उर्फ सरोज का शव घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर बाग में महुआ के पेड़ से धोती के फंदे से बेटे का शव लटकता पाया। वहीं, काकोरी के देवपुरी फेस-1 नरौना निवासी अरविंद कुमार उर्फ मोनू ने घर में पंखे के कुड़े से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उधर पारा थानाक्षेत्र के हंसखेड़ा निवासी शैलेन्द्र उर्फ रानू का शव सुबह बिस्तर पर संदिग्ध हालात में पड़ा मिला।

बस की टक्कर से साले की मौत, बहनोई घायल

संवाददाता, गोसाईगंज

अमृत विचार : गोसाईंगंज इलाके में तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार साले की मौत हो गई और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। बिरुहा मोड़ के पास हादसा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल भेजा।

जहांगीरपुर निवासी जितेंद्र (25) पुत्र राजाराम रविवार सुबह सुशान्त गोल्फ सिटी के कटरा बक्कास में रहने वाले बहनोई शंकर के घर से बाइक पर अपने घर आ रहा था। बिरुहा मोड़ के पास लखनऊ की ओर से आई तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जितेन्द्र सिर के बल सड़क पर जा गिरा। इससे मौके पर मौत हो गई। जबकि बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

- गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में बिरुहा मोड़ के पास हुआ हादसा

6 मार्च को होनी थी सगाई

जितेन्द्र की शादी तय थी, 6 मार्च को सगाई होनी थी। इसके चलते बहनोई शंकर उसके घर में मरम्मत का काम करा रहे थे। शनिवार की शाम बहनोई के साथ उनके घर गया था। जहां दोनों साथ आ रहे थे कि रास्ते में यह घटना हो गई। हादसे से सगाई व शादी की तैयारियां धरी रह गईं। सारी खुशियां मातम में बदल गईं।

कैंसर पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके के लोनहा गांव स्थित मातृत्व छाया आश्रम में निराश्रित व लावारिस महिलाओं को रखकर उनकी देखभाल की जाती है। थाना प्रभारी हेमंत राघव ने बताया करीब 15 दिन पहले इस आश्रम में रहने वाली कैंसर पीड़ित अन्नपूर्णा (55) की तबीयत खराब होने पर लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई। आश्रम के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सड़क किनारे लावारिश मिली डेढ़ वर्षीया बच्ची

सरोजनीनगर, लखनऊ : बंथरा इलाके में रविवार को लावारिस एक डेढ़ वर्षीय बच्ची रोते मिली। जिसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया है। बंथरा इंस्पेक्टर हेमन्त कुमार राघव ने बताया कटी बगिया निवासी आशा देवी व मीरा रविवार को एक डेढ़ वर्षीय बच्ची को लेकर थाने पहुंचीं। बताया कि बच्ची सड़क किनारे रोती मिली है। बच्ची माता-पिता के बारे में जानकारी नहीं दे सकी। बताया गुमशुदगी दर्ज कर बच्ची के परिजन की तलाश की जा रही है। तब तक बच्ची को चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर विकास कुमार त्रिवेदी व ज्योति चौहान के सुपुर्द कर दिया गया है।

रियल एस्टेट कंपनी में निवेश के नाम पर दंपति से 35 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सालाना 24 प्रतिशत ब्याज देने का दिया था लालच
- डीसीपी मध्य के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : रियल एस्टेट कंपनी जेआरएस इंफ्रा बिल्डर्स के डायरेक्टर ने दंपति से कंपनी में निवेश पर 24 फीसदी ब्याज का लालच देकर 35 लाख रुपये हड़प लिये। डीसीपी के निर्देश पर डायरेक्टर समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

हुसैनगंज स्थित क्ले स्क्वायर इलाके रहने वाली गीता पत्नी भगवानदास ने डीसीपी मध्य रवीना त्यागी को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि कोविड से पहले नजरबाग के क्लासिक अपार्टमेंट स्थित जेआरएस इंफ्रा बिल्डर्स के डायरेक्टर जुनैद अहमद खान और शहूजा अहमद खान से मुलाकात हुई। आरोपियों में उनकी कंपनी में निवेश पर 24 प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष मिलने का लालच दिया। झांसे में आयी गीता ने 25 लाख व पति भगवान दास ने 10 लाख का निवेश कर दिया। गीता ने बताया कि शुरुआत में कम्पनी ने ब्याज दिया। जब ब्याज देना बंद किया तो गीता ने आरोपी डायरेक्टर्स से बात की तो कोविड का हवाला देकर टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर चेक दिया, जो बाउंस हो गया। इस दौरान पता चला कि मानक के विपरीत काम होने पर एलडीए ने आरोपियों की साइटों को सील कर दिया है। ठगी का एहसास होने पर गीता ने फूलबाग चौकी और कोतवाली में शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। डीसीपी के निर्देश पर एसीपी कैसरबाग रत्नेश सिंह ने जांच की तो आरोप सही मिले। जब कैसरबाग पुलिस ने जुनैद अहमद खान और शहूजा अहमद खान के मामला दर्ज किया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मंदिर में रहने को मजबूर पीड़ित परिवार। अमृत विचार

दीवार बना रास्ता बंद किया, विरोध करने पर महिला से छेड़छाड़

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद इलाके में दबंगों द्वारा महिला के घर के सामने जबरन दीवार निर्माण कराकर आवाजाही बंद कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के संग छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ दिये। पीड़ित महिला परिवार के साथ मन्दिर में सिर छिपाने को मजबूर है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया घर के दरवाजे के सामने से सरकारी खड़ंजा निकला है। दबंगों ने सरकारी खड़ंजा पर कब्जा कर पक्की दीवार बनवा दी। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ कर छेड़छाड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसके बाद भी आरोपियों ने रात में करीब आठ फीट ऊंची दीवार उसके दरवाजे के सामने खड़ी कर दी। इससे उसके आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। मजबूरन वह पति व बच्चों के साथ गांव के मन्दिर में रहकर जीवन यापन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

बार में मारपीट करने वाले दबंगों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड पुलिस ने 15 अज्ञात पर दर्ज की एफआईआर
- समिट बिल्डिंग के बार में लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिस कर रही पहचान

अमृत विचार : विभूतिखंड थानाक्षेत्र अंतर्गत समिट बिल्डिंग में शुक्रवार देर रात माई बार में नशेबाजी को लेकर एक बार जमकर बवाल हुआ। यहां खाने के लिए पहुंचे दो दोस्तों को 10-15 लोगों ने जमकर पीटा। बोतले, लोहे के राड और कुर्सियां चलीं। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने 15 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विभूतिखंड प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के मुताबिक गाजियाबाद के न्यू पंचवटी कालोनी टीजी रोड निवासी रवि त्यागी निजी कंपनी में कार्यरत है। वह विभव खंड में रहते हैं।

लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार रात दोस्त आकाश सिंह के साथ समिट बिल्डिंग में माई बार रेस्टोरेंट में गए थे। वहां दोस्त के साथ खाना खाया। खाने के बाद बाहर निकल रहे थे इस बीच पीछे से किसी ने बोतल फेंककर मारी। आकाश के सिर पर बोतल लगी और वह गिर गया। घटना से बार में भगदड़ मच गई। पीड़ित का आरोप है कि इस बीच 10-15 अन्य लोग आ गए और हमला बोल दिया। रॉड से पीटने लगे। हमले में साथी आकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह बार के कर्मचारियों ने दखल देकर हमलावरों से बचाया। घायल आकाश को लोहिया ले जाया गया। जहां, डाक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे भर्ती कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नशेबाजी को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हुई थी। फिलहाल, तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की तलाश की जा रही है।

बीच सड़क पर ट्रक खराब वाहनों की लगी कतार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार को लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक बीच सड़क पर खराब हो गया। इससे कानपुर रोड पर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। पीएनसी कंपनी एलीवेटेड कानपुर रोड का निर्माण करा रही है। कंपनी ने सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगा दी है। इससे रास्ता काफी संकरा हो गया है। रविवार को बंथरा बाजार स्थित डाकघर के पास बीच रोड पर गैस सिलेंडर लदा ट्रक खराब हो गया। इससे सिर्फ एक वाहन निकलने का ही रास्ता बचा। जिससे कानपुर की तरफ से आने वाली पटरी पर वाहनों की कतार लग गईं। स्थानीय दुकानदारों की सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रक को हटवाकर रास्ता साफ करने के बजाए राहगीरों को ही दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहती नजर आई। जब जाम लंबा हो गया। तब जाकर ट्रक हटवाया गया।

सार-संक्षेप

प्रधानमंत्री के मन की बात का सीधा प्रसारण देखते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री के मन की बात का देखा सीधा प्रसारण

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण मण्डल-3 खरीका (प्रथम) वार्ड की अध्यक्ष जानकी अधिकारी के आवास पर रविवार को नूतन स्कूल सेक्टर के सभी बूथ अध्यक्षों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में सरोजनीनगर दक्षिण-तीन के मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य, मंडल महामंत्री शिवप्रकाश मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती राधिका परिहार, प्रेम सिंह रावत, नगर कार्यसमिति सदस्य राजू बाजपेई, विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया मोहन भट्ट, संयोजक गांव चलो अभियान डॉक्टर अजय सिंह, शेर अली, सेक्टर संयोजक राजेश कुमार, बूथ अध्यक्ष सुमन लता, प्रेमा भट्ट, नीतू सिंह, अपर्णा भारती, शिवम् आर्या, सुमिता दत्ता, भरत नगरकोटि, इंदरजीत वर्मा, मीना महोड़ी, रेखा, पवन प्रजापति, सोशल मीडिया के वार्ड संयोजक राहुल सिंह, सेक्टर संयोजक सोशल मीडिया माया राई, रोहित कुमार, अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे।

प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अमृत विचार, सरोजनीनगर : पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व समाजसेवी नरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि भारत में पत्रकारिता को विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बाद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता दी गई है। नरेन्द्र चौहान रविवार को सरोजनीनगर ब्लाक के दादूपुर गांव में प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पदाधिकारियां व सदस्यों को सम्मानित करने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के संरक्षक व समाजसेवी शिवकुमार तिवारी ने की। इस मौके पर प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष राज किशोर पासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय, महामंत्री राकेश यादव, कोषाध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, सचिव अनवर कुरैशी तथा सदस्य इदरीश खान, सुरेन्द्र यादव, रेहान खान, विनय मिश्रा, राहुल तिवारी व अर्जुन सिंह को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महिला से ज्वैलरी लेकर भागे ऑटो चालक पर प्राथमिकी

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महिला से लाखों की ज्वैलरी लेकर भागे ऑटो चालक के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने आनन-फानन एफआईआर दर्ज कर चौराहे पर लगे आईटीएमएस सिस्टम की मदद से ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, पुराना बादशाहनगर निवासी सावित्री सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है। गत 18 फरवरी को महिला लोकबंधु अस्पताल से ऑटो बुक कर घर की तरफ जा रही थी। महिला का आरोप है कि केकेसी मार्ग पर एक पुलिस अधिकारी गोल मार्केट जाने के लिए ऑटो में सवार हो गया था। इसके बाद ऑटो चालक ने निशातगंज गली नंबर-एक पर पुलिस अधिकारी को गोल मार्केट में छोड़ने की बात कहते हुए उसे जबरन ऑटो से उतार दिया। जैसे ही ऑटो से उतरी चालक उसका सामान लेकर भाग निकला था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऑटो चालक की पहचान की जा रही है।

सेवानिवृत्त एचएएल कर्मी का पड़ोसियों ने तोड़ा मकान

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर कोतवाली में सेवानिवृत्त एचएएलकर्मी ने पड़ोसियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, विज्ञानपुरी निवासी सेवानिवृत्त एचएएलकर्मी (हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड) रामेश शर्मा ने पड़ोसी हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 7 दिसम्बर की सुबह पड़ोसी ने जमीन कब्जाने की नियत से उनके मकान की दीवार तोड़ दी थी। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी थी। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते पड़ोसी आए-दिन उन्हें धमका रहे हैं। पड़ोसियों से तंग आकर पीड़ित ने महानगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

एटीएम मशीन तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थाना क्षेत्र के एटीएम तोड़ चोरी का प्रयास करते आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसीपी विकास जायसवाल ने वारदात का खुलासा करते हुये बताया गाजीपुर क्षेत्र के कुकरैल बन्धा के पास से अलीम खान निवासी ग्राम रजवापुर, थाना नानपारा, जिला बहराइच को गिरफ्तार किया गया है। बताया पंजाब नेशनल बैंक एचएएल शाखा के मुख्य प्रबंधक रोहित मिश्र ने दी तहरीर में बताया था 19 फरवरी को लेखराज मेट्रो स्टेशन परिसर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम मशीन तोड़ चोरी का प्रयास किया गया। आरोपी कैमरे में कैद है। एसपी ने बताया कैमरे की फुटेज से आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बेकाबू डंपर ने वृद्धा को रौंदा मौके पर मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर: बंथरा इलाके में डंपर से कुचल कर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्नाव जिले के पुरवा थानान्तर्गत दरसवां निवासी कृष्णादेवी (64) अपने गांव जाने के लिए बंथरा में कानपुर रोड पर सई नदी पुल के पास सवारी का इंतजार कर रहीं थी। तभी अनियंत्रित डंपर (यूपी-32टीएन-7123) ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में कृष्णा देवी की मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक मौके से भाग निकला। बेटे सदानन्द की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डंपर कब्जे में ले लिया है।

आईटीएमएस के कैमरों की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सर्विलांस टीम व गाजीपुर पुलिस ने बैटरी चुराने वाले गिरोह का फर्दाफाश किया। डीसीपी उत्तरी ने घटना का खुलासा किया। बताया छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरी, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया आईटीएमएस के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप कुमार ने गाजीपुर थाने में सर्वोदय नगर बंधा पर लगे कैमरों की छह बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सर्विलांस सेल की मदद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली की चोरी करने वाले आरोपी इंदिरा नगर के सेक्टर 19 के समीप वन विभाग के जंगल में मौजूद हैं। घेराबंदी कर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी विनय कुमार जायसवाल निवासी जौनपुर ने बताया वह सेन्ट्रल ट्रांसपोर्ट की बस चलाता है। अन्य आरोपियों की पहचान सलमान खान, शफीक, सन्दीप कुमार निवासी इंदिरानगर, राजकिशोर वर्मा निवासी तेंदुआ लखीमपुर खीरी व दिनेश कुमार के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से दो बैटरी, 18 हजार रुपये, ई-रिक्शा बरामद हुआ है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

ननिहाल में युवती का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : विकास नगर थाना अंतर्गत रविवार देर रात ननिहाल में युवती का शव फंदा पर लटका मिला। थाना क्षेत्र के बटाहा गांव निवासी नाना रामेश्वर के घर रह रही प्रिया (19) का शव देर शाम कमरे में दुपट्टा से लटका मिला। नाना ने बताया प्रिया की मां की करीब छह वर्ष पहले मौत हो गयी थी। इसके बाद से प्रिया ननिहाल में रहती थी। मूल रूप से वह बीकेटी की रहने वाली है। मां की मौत होने पर उन्होंने दामाद पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में सुलह समझौता होने के बाद से वह पिता के पास आने जाने लगी थी। रविवार को भी वह पिता से मिलने गई थी। जहां से शाम को ननिहाल आ गयी थी। शाम करीब 7 बजे उसके संग चाय पीकर नाना घर से बाहर निकल गये। कुछ देर बात लौटे तो उसे लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

युवक के सिर पर फोड़ी बोतल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पता पूछने के बाद युवक पर हमलाकर छीने रुपये
- आशियाना और मड़ियांव पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत सड़क पर शराब पीने के विरोध में दबंगों ने गाली-गलौज के कर एक युवक के सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी। वहीं, पता पूछने बहाने से दबंगों ने एक युवक पर हमला कर उसका मोबाइल और रुपये छीनकर भाग निकले। हालांकि, आशियाना और मड़ियांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल के मुताबिक, एलडीए कालोनी निवासी संकुल शुक्ला शनिवार अपनी जैकेट को लान्ड्री मे देने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में राजन दीक्षित, राजा शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी। वहीं, मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी नीरज गौतम गत 21 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे दोस्त करन रावत, गोलू रावत, शुभम रावत के साथ ठाकुर लॉन के पीछे बैठा था। तभी बाइक सवार ने मारपीट कर पीड़ित का मोबाइल और सात हजार की नकदी छीनकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कस्टम अधिकारियों को जांच के दौरान मिली थी लाखों की सिगरेट

संवाददाता सरोजनीनगर

- शरीर में कैप्सूल के रूप में छिपाकर लाये थे सोना, कस्टम अधिकारियों ने सिगरेट बरामद कर तस्करों को छोड़ा

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट बिल्डिंग के बाहर शनिवार सुबह सरोजनीनगर पुलिस ने विदेश से सोने की तस्करी करने वाले 12 तस्करों को पकड़ा था, उनके पास से 2 करोड का सोना बरामद किया गया, तस्करों के पास से कस्टम अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर जांच के दौरान 98,76,400 रुपये कीमत की विदेशी सिगरेट पकड़ी थी। लेकिन उनके शरीर में कैप्सूल के रूप में छिपा सोना कस्टम अधिकारियों को नहीं मिला था। बाद में मुखबिर की सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस ने रामपुर जिले के रहने वाले मो. फय्याज, अजहर अली, मो. मारूफ, जुनैद, मो. मतलूब, मो. सलीम, जहीर अहमद, नवेद, फखरुद्दीन, मो. नफीस, मो.मुजीब और मो. निजामुद्दीन को दबोचा। तस्करों को पकड़ने के बाद एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को सूचना देकर स्कैनिंग कराई गयी थी। दोबारा स्कैनिंग कराने पर सभी के मलाशय में सोने के कैप्सूल नजर आए। पूछताछ में विदेश से करीब 2 किलो सोना लाना कबूला। इसके बाद पुलिस ने इन तस्करों को कस्टम अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में कस्टम अधिकारी इन यात्रियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उधर सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेन्द्र गिरि का कहना है कि पकड़े गए आरोपी शातिर हैं। पहले भी कई बार इसी तरह विदेश से सोना ला चुके हैं। कुछ तस्कर बीती 19 फरवरी को भी विदेश से लौटे और बाद में 21 फरवरी को फिर विदेश चले गए। इसके बाद शनिवार को वापस लखनऊ लौटे थे।

बुरा हाल सोशल मीडिया पर हुक्का बार का वीडियो वायरल

रेस्टोरेंट की आड़ में शहर में खुलेआम चल रहा हुक्काबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वायरल वीडियो में हुक्के का कश लगाते दिखाई पड़े नाबालिग

अमृत विचार : राजधानी में रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्काबार खुलेआम संचालित हो रहे हैं। जहां नाबालिगों को हुक्का परोसा जाता है। रविवार को ऐसे ही दो रेस्टोरेंट का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। यह वीडियो चिनहट थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। इसमें हुक्का पीते युवा नजर आ रहे हैं। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

दो वीडियो हुए वायरल

दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुक्काबार से जुड़े दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। पहला वीडियो छह सेकेंड का है। जबकि दूसरा आठ सेकेंड का वीडियो है। इन वीडियो में युवा हुक्के का कश लगाते दिखाई पड़ रहे हैं। इसमें से पहले वीडियो की शुरुआत से ही गाना सुनाई पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक, यह दोनों वीडियो चिनहट के मटियारी स्थित साईं प्लाजा में संचालित एक रेस्टोरेंट का है। बाहर से यह तो यह रेस्टोरेंट हैं लेकिन यहां रोजाना हुक्का पीने के लिए जमावड़ा लगता है और इनमें नाबालिग भी शामिल होते हैं।

हुक्के से कश लगाता युवक

> सोशल मीडिया पर हुक्का बार की वीडियो वायरल हुई है। वीडियो की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अश्वनी चतुर्वेदी, चिनहट प्रभारी निरीक्षक

गांव तक फैला हुक्का बार का जाल

पुलिस की फाइलों में तो कहीं भी हुक्का बार संचालित नहीं हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि ग्रामीणों अंचल की सीमा तक फूड लाइसेंस पर रेस्टोरेंट संचालक हुक्का बार संचालित कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व कृष्णानगर, विभूतिखंड, सआदतगंज, क्षेत्र से हुक्का बार पकड़ा गया है। जिसमें एफआईआर भी दर्ज हुई थी। हालांकि इस मामले में अब तक उन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई, जिनकी मिलीभगत से यह खेल चल रहा था।

एक नजर

सीएमएस के छात्र सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल महानगर कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सार्वजनिक रूप से प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के छात्रों को सम्मानित किया गया। इन्होंने वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि सीएमएस एक अलग तरह का स्कूल है, जो बच्चों को अन्दर से मजबूत और बाहर से आकर्षक बनाता है, जिससे वे 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना बहादुरी से कर सकें।

उच्चतम न्यायालय के मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशन में उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर लखनऊ में रविवार को एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इरफान अहमद, विशेष कार्याधिकारी, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, संतोष कुमार-।। सचिव, उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतम न्यायालय के मास्टर ट्रेनर्स (एमसीपीसी) द्वारा किया गया। इस मौके पर सुरजन सिंह, विशेष कार्याधिकारी, संजय सिंह-।। उपसचिव तथा निश्चल शुक्ला, उपसचिव उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण भी मौजूद रहे।

युवक को पीटा, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज निवासी शकील ने बताया कुछ दिन पहले वह बांसमंडी में बांस की दुकान पर गए थे। तभी मोहरम अली, जुम्मन, रमजान, अहमद अली व कुछ अज्ञात लोगों ने बिना कारण लात-घूंसों से पिटाई कर दी। भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मवेशी चोरों पर कार्रवाई न करने का आरोप

हरदोई, अमृत विचार : कांशीराम कालोनी स्थित एक व्यक्ति का मवेशी वहीं के लोगों ने चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस चोरों को बचाने में लगी हुई है। थाना देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम कालोनी निवासी अजय ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि मोहल्ले के अशोक व सरोज ने उसका मवेशी चोरी कर लिया। पीड़ित चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा कीमती मवेशी वापस दिलाने की मांग की।

जानलेवा बीमारी को हराकर जिंदगी की पिच पर लगा रहे चौके-छक्के

- किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और किडनी दान कर चुके लोगों ने खेला क्रिकेट मैच
- ऐसे खिलाड़ियों को चौके-छक्के लगाते देख सभी रह गए दंग, देश में पहली बार आयोजित हुआ ऐसा मैच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिंदगी जीने की इच्छा हो और अपनों का साथ मिले तो जानलेवा बीमारी भी घुटने टेकने को मजबूर हो जाती है। इस बात को सही साबित कर दिखाया उन लोगों ने जो क्रिकेट के मैदान में थे। रविवार को कुछ ऐसे ही दिग्गजों के लिए अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम में मैच आयोजित किया गया।

कुछ दिनों पहले तक जिनके बचने की उम्मीद नहीं थी, वहीं ट्रांसप्लांट के बाद न केवल सामान्य जीवन जी रहे हैं, बल्कि मैदान में चौके-छक्के उड़ाते दिखे। स्टेडियम में 22 खिलाड़ी ऐसे खेल रहे थे, जो जानलेवा बीमारी को मात देकर रविवार को अपना दमखम दिखा रहे थे। इन खिलाड़ियों की किडनी खराब हो चुकी थी, लेकिन प्रत्यारोपण के बाद अब वह पूरी तरह से फिट हैं। उनको देखकर कोई यह अंदाजा नहीं लगा सकता था कि इनकी किडनी अभी कुछ साल पहले तक खराब थी। यह लोग अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन परिजन के स्नेह के साथ चिकित्सकों की मेहनत ने उन्हें नई जिंदगी प्रदान की। ऐसे खिलाड़ियों ने रविवार को 10-10 ओवर के मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

मैच के दौरान किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

रविवार को चंदन अस्पताल की देखरेख में केटी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें किडनी प्रत्यारोपण करा चुके लोगों ने हिस्सा लिया। इस मैच के दौरान खिलाड़ियों के परिजन भी मौजूद रहे। इनमें वे परिजन भी शामिल थे, जिन्होंने किडनी दान कर अपने स्वजन को नई जिंदगी दी। टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर सचिव डॉ. मनमीत सिंह ने बताया कि किडनी स्वास्थ्य और प्रत्यारोपण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इससे ऐसे लोगों को प्रेरणा मिलेगी जो ट्रांसप्लांट के बाद भी खुद को बीमार समझते हैं।

इस मंच के जरिए गुर्दे की बीमारियों, उपचार के तौर-तरीकों से जुड़े प्रचलित मिथकों को दूर करने की एक कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि किडनी प्रत्यारोपण के बाद किडनी की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति भी मरीज नहीं रह जाता। वह सामान्य स्वस्थ व्यक्तियों की तरह पूरा जीवन जी सकता है। बस जरूरत होती है, अपने डॉक्टर के दिशा निर्देशों को पालन करने की। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संत पाण्डेय ने बताया कि ऐसे लोग मैच खेल रहे हैं, जिनकी सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस होती थी, लेकिन प्रत्यारोपण के बाद आज ये पूरी तरह से फिट हैं। इससे यह साबित होता है कि प्रत्यारोपण के बाद बहुत कम दवाओं पर लोग पूरा जीवन जी सकते हैं। केट टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शुभम ने बताया कि साल 2020 में मुझे किडनी की बीमारी हुई थी। उसके बाद 10 महीने तक डायलिसिस कराना पड़ी थी। साल 2021 में मेरा प्रत्यारोपण हुआ। अब मुझे कोई दिक्कत नहीं हैं। इस अवसर पर एसजीपीजीआई अस्पताल प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष और सोटो के संयुक्त निदेशक प्रो. राजेश हर्षवर्धन ने खिलाड़ियों और किडनी दान करने वालों को पदक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रो. राजेश हर्षवर्धन ने कहा है कि भारत में ऐसा पहली बार हो रहा है जहां पर किडनी प्रत्यारोपण के बाद ठीक हुए लोगों ने क्रिकेट मैच खेला हो। इस तरह के आयोजन से लोगों मे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

मायूस होकर वापस लौटे लखनऊ टीम के खिलाड़ी

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लखनऊ टीम को नहीं दिया गया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वर्षों से तैयारी कर रहे एथलेटिक्स के खिलाड़ी ट्रायल देने के बाद लखनऊ टीम में शामिल हुए। रविवार को जब ये खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने साई सेंटर पहुंचें तो उन्हें रोक दिया गया। उसकी जगह पर अन्य टीम के खिलाड़ियों को मौका दिया गया।

जिला एथलेटिक्स संघ लखनऊ के अनुसार, इस मामले में जल्द ही एथेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के पदाधिकारियों से मिल कर खेल और खिलाड़ियों की समस्या रखी जाएगी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ, रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज और खेल विभाग ने जिस उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव को अमान्य बताया है, उसी संघ ने एफएआई के निर्देशों और मानकों को भी ताक पर रख दिया है। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ की देखरेख में 58वीं उत्तर प्रदेश राज्य वार्षिक जूनियर (अंडर 20, महिला और पुरुष) एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार को साई सेंटर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंची लखनऊ की 17 सदस्तीय टीम को इसमें प्रतिभाग करने से रोक दिया गया। खिलाड़ियों को ट्रायल से रोके जाने पर जब उन्होंने आयोजकों से बात की तो उन्हें संघ का विवाद बता लौटा दिया गया।

- जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लखनऊ जल्द ही मामले की एएफआई से करेगा शिकायत

इस मामले में जिला एथलेटिक्स संघ लखनऊ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि खिलाड़ियों को असंवैधानिक तरीके से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोका गया है। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को जिला की टीम को बाहर करने का अधिकार नहीं है। इससे पहले एफएआई ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को स्पष्ट किया था, वह किसी भी जिले की मान्यता को न रद कर सकता है, न संघ की प्रतियोगिताओं में खेलने से रोक सकता है। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ, रजिस्ट्रार और सोसाइटीज और खेल विभाग ने पहले ही नोटिस भेज रखा है कि आपके चुनाव गलत तरीके से हुए हैं। अब उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ मनमानी पर उतर आया है। इस मामले को लेकर एफएआई के पदाधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। खिलाड़ियों के कॅरियर के साथ खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है।

इकाना स्टेडियम में एलएसजी के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शनिवार से लखनऊ सुपरजायंट्स टीम का पहला कैंप लगा।

टीम के सहायक कोच एस श्रीराम के निर्देशन में खिलाड़ियों ने रविवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान टीम में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में लेग स्पिनर अमित मिश्रा, युवा बल्लेबाज आयुष बदोनी, तेज गेंदबाज मोहसिन खान और विकेटकीपर बल्लेबाज कृष्णाप्पा गौतम शामिल रहे। अभ्यास सत्र से पहले खिलाड़ियों ने कोच एस श्रीराम के साथ स्टेडियम की पिच का निरीक्षण किया।

अभ्यास करता खिलाड़ी।

100 मीटर दौड़ में निखिल और राखी बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसडीएसएन पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल दिवस रविवार को आयोजित किया गया। रविवार को हुई 100 मीटर दौड़ में निखिल और राखी ने पहला स्थान हासिल किया। आदित्य और उदिशा 200 मीटर दौड़ में चैंपियन बने। वार्षिक खेल दिवस समारोह की शुरुआत एसडीएसएन पब्लिक स्कूल, छोटा भरवारा गोमतीनगर के परिसर में स्कूल संस्थापक बाबू जगजीवन प्रसाद को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पांडेय (निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया) एवं अन्य सम्मानित अतिथि सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर जावेद आलम, पूनम गौतम, लखबीर चावला, ऋचा खन्ना, प्रेरना मित्रा, जयंत चौधरी, आरसी सेंगर, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कृष्ण मुरारी, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल की निदेशक तान्या कृष्ण मुरारी और प्रिंसिपल अवनी कमल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

विजेताओं को दिए गए पदक और प्रमाण पत्र। अमृत विचार

बालक 100 मी. में निखिल पहले, अमान दूसरे व फैजान तीसरे स्थान पर रहे। बालिका 100 मीटर दौड़ में राखी पहले, पल्लवी दूसरे व सृष्टि मौर्या तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं 200 मीटर दौड़ में बालकों में आदित्य को पहला, अंकुर को दूसरा व आयुष यादव को तीसरा स्थान मिला। बालिकाओं में उदिशा, मुस्कान व आर्या क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

पूर्व छात्रों और शिक्षकों ने खेला मैच

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं की मुलाकात को लेकर एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्र-छात्राओं ने पूर्व शिक्षकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इसके बाद पूर्व छात्र-छात्राओं और पूर्व शिक्षकों ने क्रिकेट मैच खेला। मैच के विजेताओं को एआईकेवी टीए के अध्यक्ष केएम यादव ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षक एचपीएस चौहान, वीना कौल, आशा श्रीवास्तव, छाया टंडन, एसपीएस राना, जीपी यादव, पूर्व छात्र फैसल हुसैन, धनंजय सिंह, आदित्य वर्धन लाल, योगेश सिंह, रिचा चतुर्वेदी, श्वेता सिंह, अनिमेश सिंह चौहान और अन्य छात्र मौजूद रहे।

रविवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास करते आईपीएल की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

विजेता अलीगंज वॉरियर्स की टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

रोमांचक मुकाबले में अलीगंज वॉरियर्स बना चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : 38वीं एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में अलीगंज वॉरियर्स ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मिलानी क्लब की देखरेख में आयोजित यह टूर्नामेंट आरडीएसओ स्टेडियम पर रविवार को खेला गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जीत के लिए जोरदार संग्राम देखने को मिला। यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। टाई ब्रेकर तक खिंचे मुकाबले में दोनों टीमों को तीन-तीन पेनाल्टी कॉर्नर का मौका दिया गया। इस मुकाबले में अलीगंज वॉरियर्स ने न्यू ब्वायज को 3-2 से हरा दिया। मिलानी क्लब के अध्यक्ष डॉ. एस मुंशी ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। रनर अप की ट्रॉफी न्यू ब्वायज को पार्षद देवेंद्र यादव जीतू ने प्रदान की। टेक्ट्रो क्लब के हिमांशु थापा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टूर्नामेंट में अलीगंज वारियर्स के रोहित को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया गया। सेमीफाइनल मुकाबलों में न्यू ब्वाजय ने युवा फुटबाल क्लब को 1-0 से और वारियर्स अलीगंज ने टेक्ट्रो फुटबाल क्लब को 5-0 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं का रविवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा इस मौके पर पूर्व शिक्षकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस उपलक्ष्य में क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि केएम यादव के द्वारा ट्राफी प्रदान की गई।

इस मौके पर पूर्व शिक्षक एचपीएस चौहान, वीना कौल, आशा श्रीवास्तव, छाया टण्डन, एसपीएस राना, जीपी यादव तथा पूर्व छात्र फैसल हुसैन, अंजार सिद्दिकी, धनंजय सिंह, आदित्य वर्धन लाल योगेश सिंह, रिचा चतुर्वेदी, श्वेता सिंह, अनिमेश सिंह चौहान, प्रशान्त आर्य एवं 150 पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रविवार को समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षक व पूर्व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

टिकटों के लिए इकाना के चक्कर लगा रहे क्रिकेट प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईपीएल : मुकाबला एक महीने बाद, लेकिन एंट्री के लिए लगा रहे जुगाड़
- हाईवोल्टेज मुकाबले देखने के लिए खेल विभाग में भी कर रहे पूछताछ

अमृत विचार : राजधानी में आयोजित होने वाले आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले देखने के लिए क्रिकेट प्रेमी इकाना स्टेडियम के चक्कर लगा रहे हैं। मैच एक महीने बाद होने हैं, फिर भी टिकट पाने और प्रवेश के लिए क्रिकेट प्रेमी इकाना प्रबंधन के अधिकारियों से मिल कर मिन्नतें करने में जुटे हैं। खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी टिकटों को लेकर जुगाड़ लगाया जा रहा है।

स्टेडियम प्रबंधन के अनुसार, अभी यहां पर दो मुकाबले आयोजित किए जाने की घोषणा की गई है। इन मुकाबलों के लिए स्टेडियम को संवारा जा रहा है। खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए मैदान के साथ जिम की साफ-सफाई की भी व्यवस्था की जा रही है। मैच देखने के लिए आने वाले क्रिकेट प्रेमियों को प्रवेश किस रास्ते से दिया जाएगा और निकास किधन से होगा, इन सभी बातों पर मंथन किया जा रहा है। टिकट के बारे में इकाना प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि अभी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। टिकट ऑफ लाइन मिलेंगे या ऑनलाइन यह तस्वीर भी जल्द ही साफ होगी।

उधर खेल विभाग में भी इन मुकाबलों को लेकर हलचल तेज हो गई है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी ने बताया कि टिकटों की चाहत में लोग केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक पहुंच रहे हैं। यहां पर लोग टिकटों के साथ पास की जानकारी मांग रहे हैं। टिकटों की व्यवस्था के लिए शासन से भी अधिकारियों के फोन आ रहे हैं। आईपीएल का आयोजन बीसीसीआई की देखरेख में होता है।

केन्द्र सरकार बंद करे किसानों पर अत्याचार : भाकियू

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्र सरकार लगातार किसानों पर अत्याचार कर रही है। किसानों का हक सरकार नहीं दे रही है। यह बात भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने इको गार्डन में प्रदर्शन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हम सदैव आवाज उठाते आ रहे हैं। केन्द्र सरकार केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों को किराए पर देश की संपत्तियां देकर किसानों और मजदूरों का शोषण कर रही है। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मांगने पर लाठी, गोली और आंसू गैस के गोलों की बारिश की जा रही है। इस दौरान यूनियन के कई नेता मौजूद रहे।

अभियान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ बताईं लोगों को योजनाएं

भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं कई परिवार : सुरेश खन्ना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माल एवेन्यू के शिवपुरम बस्ती से रविवार को महानगर में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शुरुआत की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ बूथ संख्या 253 और 254 पर जनसंपर्क किया और घरों पर जाकर सरकार की योजनाओं के पत्रक बांटे।

घरों पर 'लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी' का स्टीकर चिपकाए व उनके मोबाइल से 96380 02024 पर मिस्ड कॉल करा कर पार्टी से जोड़ने का कार्य किया।


महानगर में जनसंपर्क अभियान के दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी साथ में अन्य। अमृत विचार

लाभार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सेल्फी व फोटो ली और सरल एप और सोशल मीडिया पर शेयर किया। सुरेश खन्ना ने कहा कि लाभार्थियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समान रूप से बिना भ्रष्टाचार और बिचौलियों के मिला है। ऐसे सभी परिवार आज भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं।

आनंद द्विवेदी ने कहा कि पिछली सरकारों में योजनाएं परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कारण गरीब और जरूरतमंद को नहीं मिल पाती थी, लेकिन भाजपा में सभी वर्गों को घर-घर लाभ दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाए हैं। जनसंपर्क के दौरान मंत्री से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी रोहित कुमार, सुभाष यादव, आशाराम कनौजिया, सूरज पाल शर्मा मिले।

इसी तरह आयुष्मान कार्ड, सुमंगला योजना, कन्या विद्या धन, मुख्यमंत्री राहत कोष के लाभार्थी मिले। इस दौरान संयोजक सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे, शुभम गुप्ता, अखिलेश शुक्ला, विनोद तिवारी, नीरज मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रसारण महानगर में बूथ स्तर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य विधानसभा क्षेत्र बेगम हजरत महल राम तीर्थ वार्ड बूथ संख्या 299 पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, सुधीर हलवासिया, रजनीश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडेय रहे। दूसरी तरफ, राज्यमंत्री दानिश आजाद ने डालीगंज निरालानगर वार्ड पार्षद अभिलाषा कटियार के आवास पर, उत्तर विधानसभा विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बूथ संख्या 267 पर सुनील सिंह के आवास पर, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने बीकेटी विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 358 पर, ऐशबाग वार्ड में बूथ संख्या 12 पर सकेत शर्मा और पार्षद संदीप शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

निशुल्क चिकित्सा एवं पैथोलॉजी जांच शिविर की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हमारा संकल्प, सबको मिले स्वास्थ्य सुविधा : आनंद द्विवेदी

अमृत विचार : रामतीरथ वार्ड में रविवार को निशुल्क चिकित्सा एवं पैथोलॉजी जांच शिविर की शुरुआत की गई। भाजपा महानगर के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बतौर अतिथि महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से जिले भर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। सबको स्वास्थ्य सुविधा मिले यही हमारा संकल्प है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा हर वर्ग तक पहुंचे यह उद्देश्य है। छोटी बीमारी का इलाज समय रहते मिल जाए तो बड़ी बीमारी और अन्य समस्या से बचा जा सकता है।

प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, यूरोलॉजी, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, जनरल सर्जरी, जोड़ प्रत्यारोपण हड्डी रोग, प्रस्तुति स्त्री रोग सहित अन्य रोगों की सफाई संबंधित चिकित्सा जांच भी की जाएगी।

एक नजर

अधेड़ ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली इलाके के जंधौरा गांव में घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ का शव गांव स्थित एक बाग में एक पेड़ से लटकता मिला। लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच पड़ताल शुरू की। रविवार सुबह जंधौरा गांव स्थित एक बाग में पेड़ से लटकता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। शव की पहचान अजय 42 पुत्र शिवनाथ निवासी जंधौरा कोतवाली सिधौली के रूप में हुई।

तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कोतवाली देहात थाना के गांव रामपुर टिकवापारा निवासी अभियुक्त शत्रोहन को एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं।संबंधित धाराओं मे अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

शब-ए-बरात में इबादत से माफ हो जाते हैं गुनाह

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार : शब-ए-बरात के त्योहार पर हाफिज शराफत ने कहा कि शब-ए-बरात माने निजात पाने की रात है। उन्होंने कहा कि इस रात साल भर में होने वाले तमाम दुनिया के काम उरूजो जवाल, मौत और जिन्दगी फराखी व तंगी और सारे फेहरिस्त तैयार कर के फरिश्तों के सुपुर्द कर दी जाती है। हाफिज शराफत ने कहा कि इस रात में दिन डूबने के बाद से अल्लाह तआला अपनी बेपनाह रहमत दुनिया वालों पर नाजिल फरमाता है और बेशुमार लोगों को अपने फजले खास से बक्श देता है।

थीम बेस डाक टिकट बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

1947 में जारी हुआ था पहला डाक टिकट, भारतीय ध्वज और जय हिंद था लिखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **जीपीओ कर रहा है 15 अगस्त 1999 से डाक टिकट संग्रह**

अमृत विचार : वर्तमान समय में जहां लोग सूचनाओं का आदान प्रदान करने के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं, वहीं एक ऐसा भी दौर रहा है जब सूचनाओं का आदान प्रदान पत्रों के माध्यम से किया जाता था। इन पत्रों के आवागमन का साक्षी रहता है डाक टिकट। पत्र पर डाक टिकट लगा होना यह सुनिश्चित करता है कि उपयोग में आने वाले पत्र के लिए डाक विभाग को इसका भुगतान कर दिया गया है और पत्र अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगा।

लखनऊ का प्रधान डाकघर 15 अगस्त 1999 से डाक टिकटों का संग्रह करता आ रहा है। इस संग्रह में पहले डाक टिकट से लेकर अब तक के डाक टिकट संग्रह के रूप में एकत्रित है। भारत का पहला डाक टिकट 21 नवंबर 1947 को जारी हुआ। इसका उपयोग केवल देश के अंदर डाक भेजने के लिए किया गया। इस पर भारतीय ध्वज का चित्र और जय हिंद लिखा हुआ है। आजाद भारत का पहला डाक टिकट साढ़े तीन आना यानी लगभग 19 पैसा था।

प्रधान डाकघर में थीम बेस डाक टिकट संग्रह है। इसमें भारतीय सिनेमा, चिड़ियों, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर, स्वच्छ भारत आदि पर जारी डाक टिकट का संग्रह है। भारतीय डाक विभाग ने 2017 में रामायण पर डाक टिकट जारी किया था। इसके अलावा महापुरुषों पर भी डाक टिकट जारी किए गए हैं।



जीपीओ में प्रदर्शित डाक टिकटों का संग्रह। अमृत विचार

डाक टिकटों से मिलती हैं कई तरह की जानकारियां

डाक टिकट का संग्रह लोग इतिहास की जानकारी के लिए शौक के रूप में करते है। समय-समय पर क्षेत्रीय और जिला स्तर पर डाक टिकट संग्रह की प्रदर्शनी लगायी जाती है, जिसे देखने हजारो लोग आते है। विशेष अवसरों पर थीम बेस डाक टिकट निकाला जाता है। जो आकर्षण का केन्द्र होता है।

इनके पास है डाक टिकटों का संग्रह

गोमती नगर के निवासी अशोक कुमार पिछले 50 वर्षों से डाक टिकट का संग्रह करते आ रहे है। उनके पास आजादी से लेकर अब के डाक टिकट उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 1972 से वह डाक टिकटों का संग्रह कर रहे है। उनके पास भारत और बाकी दुनिया के लगभग 8000 डाक टिकट का संग्रह है।

पति-पत्नी के विवाद में गोद से गिरा बच्चा, हालत गंभीर

हरदोई

▸▸ **महिला ने पति पर लगाया आरोप बच्चे को गोद से छीनकर जमीन पर पटका**

अमृत विचार। पति-पत्नी के बीच हुई लड़ाई में दो माह का बच्चा ज़मीन पर गिरकर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। हालांकि महिला ने पति पर आरोप लगाया है कि उसने बच्चे को गोद से छीनकर ज़मीन पर पटक दिया। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है, वहीं बच्चे की हालत नाजुक बताई गई है।

कोतवाली देहात के नयागांव निवासी चन्द्रेश कुमार राठौर की पुत्री अलका राठौर की शादी कोतवाली शहर के चीलपुरवा (अशोक नगर) निवासी अंकित कुमार के साथ करीब एक साल पहले की थी। अलका ने बताया उसका पति अंकित आपसी मनमुटाव के चलते कई महीनों से उससे अलग रह रहा था। रविवार को मोहल्ले में दूसरे मकान में रह रही उसकी सास कृष्णा देवी और ननद सविता उसके घर पहुंची। ननद झगड़ने लगी और फोन कर अपने भाई (अंकित) को बुला लिया। दोनों के बीच लड़ाई होने लगी, उसी में अलका की गोद से उसका दो माह का बच्चा ज़मीन पर गिर पड़ा। लेकिन अलका ने पति पर बच्चे को गोद से छीन कर उसे ज़मीन पर पटकने और फिर उसे उसके ऊपर गिराने का आरोप लगाया है।

प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नए रेलवे स्टेशन सुठेना अंडरपास का शिलान्यास

हरदोई

अमृत विचार : भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सोमवार को बालामऊ जंक्शन की नई रेलवे स्टेशन व सुठेना बाईपास के अंडर पास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया जायेगा। इस क्षण के जनप्रतिनिधि, रेल प्रशासन, नगर अध्यक्ष, सभासद गण, व्यापारी बन्धु, ग्राम प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत गण, क्षेत्र के प्रबुद्धजन साक्षी बनेंगे। कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कछौना क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। रेल प्रशासन न आम जनमानस से अपील की ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग कर इस पल के साक्षी बने।

मिली जानकारी के अनुसार बालामऊ जंक्शन स्टेशन का कायाकल्प 25 करोड़ की धनीराशि से कार्य किया जाएगा, कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यातायात सुगमता के लिए सुठेना बाईपास का अंदर पास भी स्वीकृत हो गया है। नई रेलवे स्टेशन बालामऊ जंक्शन दक्षिण दिशा में स्थापित हो गई है। आधुनिक सुविधाओं से स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। बुनियादी सुविधाएं रेल टिकट घर, पेयजल, वाईफाई सुविधा, एक डिजिटल पुस्तकालय, सुलभ शौचालय, दिव्यांगजनों का सुलभ शौचालय, बैठने की अच्छी क्वालिटी की बेंचे, प्रतीक्षालय, रैंप, एक दूसरे प्लेटफार्म को जाने की सुविधा, अच्छी विद्युत व्यवस्था आदि आधुनिक विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया होगी। इससे रेल यातायात सुगम होगा व दुर्घटनाओं में कमी होगी, समय की बचत होगी व क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। यह आदर्श स्टेशन अब मॉडल स्टेशन बनेगा, लोगों में काफी उत्साह है। आम जनमानस व व्यापारी बन्धु, दैनिक रेल यात्री इस अवसर पर बालामऊ जंक्शन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव व ओवर ब्रिज की मांग हेतु ज्ञापन जनप्रतिनिधियों को देने की योजना बना रहे हैं।

पीआरडी जवान की बिगड़ी तबीयत, मौत

हरदोई। बोर्ड परीक्षा में नाइट ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। टड़ियावां थाने के आदमपुर निवासी शिवपाल सिंह पीआरडी जवान के पद पर तैनात था। उसके पुत्र आकाश ने बताया कि उसके पिता की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगी हुई थी। शिवपाल सिंह शहर के एक इण्टर कालेज में नाइट ड्यूटी कर रहा था। आकाश ने बताया कि रविवार की सुबह अचानक उसके पिता की तबियत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जा रहे थे, उसी बीच उसकी वहां पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

टीबी उन्मूलन में निजी चिकित्सकों का सहयोग अहम

हरदोई

▸▸ **स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने की आईएमए पदाधिकारियों के साथ बैठक**

अमृत विचार। भारत सरकार देश को टीबी मुक्त करने के लिए कदम बढ़ा रही है। 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। टीबी पर काबू पाने के लिए क्षय रोग विभाग ने कमर कस ली है।

बीते शनिवार की रात शहर के होटल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आईएमए पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बड़े निजी हॉस्पिटल से आये दो वरिष्ठ चिकित्सको ने टीबी मरीजों के इलाज के बारे में स्थानीय चिकित्सको को जानकारी दी। बैठक में निजी अस्पताल संचालकों को उनके यहां उपचार करा रहे टीबी रोगियों की सूचना अनिवार्य रूप से देने के लिए कहा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने कहा कि प्राइवेट चिकित्सकों को अपने यहां उपचाराधीन टीबी रोगियों की सूचना हर माह स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य है। यदि किसी अस्पताल में टीबी रोगी का उपचार नहीं चल रहा है तो भी वे सूचना देंगे, भले ही शून्य दें। आप लोगों के सहयोग से ही टीबी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। श्री वैश्य ने आगे कहा कि वर्ष 2025 तक क्षय रोग को पूरी तरह समाप्त करना है। इसमे अब निजी चिकित्सकों की भी सहायता ली जा रही है। इसके लिए निजी चिकित्सकों की भी कुछ जिम्मेदारियां तय की जा रही है। पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अमरजीत सिंह अजमानी ने कहा कि क्षय रोग के उन्मूलन में निजी चिकित्सकों का सहयोग अहम है। बताया कि उनके यहां आने वाले क्षय रोगियों का बकायदा रजिस्टर मेंटेन करना होगा और ऐसे रोगियों के बारे में सूचना पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को देना होगी। बैठक में डॉ अजय अस्थाना, डॉ संदीप कटियार, डॉ अरुण मौर्या, डॉ नीरज वर्मा, डॉ पीसी गुप्ता, डॉ अजय सिंह, डॉ अखिलेश पटेल, डॉ विनोद शुक्ला, डॉ जयप्रकाश, डॉ आरसी अग्रवाल, डॉ कीर्ति कटियार, महेंद्र यादव, उपदेश कुमार, ब्रजेश मित्रा, महेश श्रीबास्तव, अनुग्रह भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

चार साल बाद रेलवे ने घटाया किराया

हरदोई

अमृत विचार : रेल प्रशासन लगातार अपनी यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगातार स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही लगातार वंदे भारत जैसी तेज गति की ट्रेनों का संचालन भी कर रहा है। हालांकि कोरोना संक्रमण ने रेल को काफी नुकसान पहुंचा था।

रेल प्रशासन द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के संचालक को बंद कर दिया था। इसी के साथ ही कम दूरी के रेलवे स्टेशनों के किराए में भी वृद्धि कर दी थी। रेल प्रशासन अभी तक रेल यात्रियों से कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों के लिए भी 30 न्यूनतम किराया वसूल रहा था लेकिन एक बार फिर रेल प्रशासन ने अपने यात्रियों को बड़ी राहत देने के निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि कोरोना संक्रमण में पैसेंजर ट्रेनों के बंद हो जाने के बाद से कम दूरी वाले रेलवे स्टेशन के किराए में वृद्धि हुई थी।कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन ने 30 रुपये न्यूनतम किराया निर्धारित कर दिया था जो की कोरोना संक्रमण से पूर्व 10 रुपये था। रेल प्रशासन ने एक बार फिर अपने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए अपने फैसले को वापस लिया है। रेल प्रशासन ने कोरोना संक्रमण से पूर्व कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों को लेकर किराए में की गई वृद्धि को वापस ले लिया है। यानी कि अब एक बार फिर कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों का किराया न्यूनतम 10 रुपये कर दिया गया है।

नगर पंचायत का दर्जा मिले चार साल बीते, पार्किंग अब तक नहीं

▸▸ **सड़क पर खड़ी गाड़ियों के चालान से पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

▸▸ **लोगों में व्याप्त है आक्रोश आखिर कहां खड़ीं करें गाड़ियां**

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार : नगर पंचायत बनने के चार साल बाद भी मोहनलालगंज कस्बे में वाहन पार्किंग का इंतजाम नही हो सका है। लिहाजा तहसील और कस्बे में खरीदारी करने आने वाले लोग बाईपास रोड और रायबरेली हाईवे पर गाड़ियां खड़ी करने के लिए विवश हो जाते हैं। लेकिन पार्किंग की व्यवस्था कराए बिना ही सड़क पर वाहनों का मुद्दा बनाकर पुलिस सारा दिन वाहनों का ऑनलाइन चालान कर रही है। जिसे लेकर परेशान लोग कस्बे में वाहन पार्किंग का इंतजाम होने तक पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं।

पार्किंग न होने से सड़क के किनारे खड़ीं गाड़ियों से लग रहा जाम। अमृत विचार

दिनभर लगा रहता है जाम

मोहनलालगंज में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस दौरान कस्बे में वाहन रेंगते नजर आते है लेकिन शाम होते ही जिस समय पुलिस कस्बे में पैदल गश्त करती है उस समय अधिकांश लोग ऑफिस छुट्टी के बाद घर जाने की तैयारी में रहते है और अपनी खरीददारी करने के लिए सड़क पर वाहन पार्क करते है। पैदल मार्च कर रहे पुलिस कर्मी इसी दौरान ऑनलाइन चालान करते है। पुलिसिया कार्रवाई से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

तहसील के पीछे से निकलना मुश्किल

तहसील के पीछे और ईवीएम बिल्डिंग के सामने से निकली सड़क के दोनों किनारों पर तहसील में रजिस्ट्री कराने आने आने वाले लोगों की गाड़ियां खड़ी होती हैं उधर से गुजरने वाले वाहनों को जाम का सामना करना पड़ता है। इंस्पेक्टर आलोक राव का कहना है कि रोड पर जो गाड़ियां आड़े तिरछे खड़ी होती है उनका ही चालान किया जाता है। आड़े तिरछी खड़ी गाड़ियों से जाम लगता है।

रामलीला में अंगद-रावण संवाद का मंचन

हरदोई

अमृत विचार : रामलीला ग्राउंड में चल रही हनुमान सीता की खोज लेकर आये। राम जी सेना को सजा कर पहुंचे। समुद्र के पास वहां रावण ने अपने भाई विभीषण को लात मार कर भगा दिया। विभीषण राम की शरण में आ गया। राम ने विभीषण को लंका का राजा बना दिया।

प्रभु समुद्र के पास जाकर मार्ग पूछने लगे, समुद्र ने सुंदर मार्ग बताया कि नल नील के द्वारा सेतु बनाया जाए। ऐसा सेतु का निर्माण हुआ। यह राम ने शंकर की स्थापना की और सेना लेकर पहुंच गए। समुद्र के उस पार और अंगद को भेजा। रावण को समझाने के लिए अंगद और रावण का संवाद हुआ। अंगद ने अपना पैर जमाया पर कोई हिला न सका और युद्ध की चुनौती दे दी। रासलीला में सुदामा चरित दिखाया गया। सुदामा बड़े हुए विवाह हुआ और गरीबी ने घेर लिया घर में एक अन्न का दाना तक नहीं रहा तो भगवान श्रीकृष्ण से मिलने गए तो श्रीकृष्ण ने गले लगाया और दो लोक की संपत्ति दी। आयोजक राम प्रकाश शुक्ला, कृष्ण अवतार दीक्षित, प्रेम शंकर द्विवेदी, अमलेंद्र नाथ मिश्र, राजेन्द्र त्रिवेदी, सतीश चंद्र, राकेश गुप्ता, संजय शुक्ला, रजनीश श्रीवास्तव व राजन यादव रहे।

कस्बे में पेयजल व शौचालय की किल्लत

▸▸ **बीकेटी वार्ड द्वितीय में घरों के सामने जलभराव से लोग त्रस्त**

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब कस्बे के मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है। इससे ग्राहकों व दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वाली महिलाओं को होती है। दुकानदारों ने बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की है।

दुकानदारों का कहना है कि कुछ दुकानदारों के घर पास में हैं, जिसके चलते वे लघु शंका के लिए घर चले जाते हैं। अधिकतर दुकानदारों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उन्हें अपनी दुकान बंद कर घर की दौड़ लगानी पड़ती है। घर दूर होने के कारण आने जाने में काफी समय बर्बाद होता है। वहीं ग्राहकों को भी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक करीब 3 किलोमीटर के दायरे में बसे इस कस्बे में नगर पंचायत द्वारा एक सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, जिसमें चौबीस घंटे ताला लगा रहता है।

बख्शी का तालाब नगर पंचायत कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित वार्ड द्वितीय रुदही गोपाल विहार कालोनी में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है, बीते कई महीनों से नालियों की साफ सफाई न होने के कारण घरों के सामने नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भरा है। वहीं खाली पड़े प्लाटों में लगे कूड़े के ढेर स्थानीय लोगों को बीमारियों का न्योता दे रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

घरों के सामने नालियों में भरा गंदा पानी दे रहा बीमारियों को दावत। अमृत विचार

गंदगी से पटीं नालियां। अमृत विचार

नहीं कराया गया नालियों का निर्माण।

गोपाल विहार कालोनी में खाली पड़े प्लाट पर कूड़े की भरमार। अमृत विचार

सरकार की ओर से स्वच्छता मिशन के तहत लोगों को खुले में शौच न करने के लिए जागरूक किया जाता है, लेकिन मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से दिक्कत होती है। लघुशंका के लिए अपनी दुकान बंद कर घर की दौड़ लगानी पड़ती है। **– वेद रतन सिंह अध्यक्ष, संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल**

सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। कस्बे के मुख्य बाजार में कहीं भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी होती है। नगर पंचायत को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराना चाहिए। **– योगेंद्र प्रताप सिंह, ज्वैलर्स**

बाजार में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। इससे बाजार के दुकानदार काफी दिनों से जूझ रहे हैं। कई बार शौचालय बनवाने के लिए कहा भी जा चुका है, लेकिन इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। मूलभूत सुविधाएं न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **– प्रदीप सिंह कपड़ा, व्यापारी**

बाजार में शौचालय न होने से दुकानदारों के अलावा खरीदारी करने आए लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शौचालय नहीं होने के गंदगी के हालात हैं। इससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। बार बार गुहार लगाने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। **– जगपाल सिंह, ज्वैलर्स**

सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत को इस ओर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द बाजार के आसपास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि यहां के व्यापारियों के साथ ही ग्राहकों को परेशानी न हो। **– सुमित सिंह, ज्वैलर्स**

बाजारों में रोजाना कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। महिलाओं को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही कारोबार पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, क्योंकि शौचालय न होने से व्यापारियों को दुकान बंद कर घर जाना पड़ता है। **– अभिषेक रस्तोगी कपड़ा व्यापारी**

बिना सफाई के तोड़ा सेफ्टी टैंक, बदबू से आमजन बेहाल

अमृत विचार, सेमरी, रायबरेली : खीरों विकास क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेमरी चौराहा में उन्नाव से लालगंज मुख्य मार्ग का निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा एन एच 31 का निमार्ण कार्य किया जा रहा है। जिससे मार्ग में आने वाले मकान व दुकानों को तोड़ा जा रहा है। साथ ही मकान के अंदर बने सेफ्टीटैंक को रविवार के दिन बिना सफाई कराए ही कार्यदाई संस्था द्वारा तोड़ दिया गया है। सेफ्टी टैंक के तोड़े जाने के कारण आसपास फैले गंदे पानी की दुर्गन्ध से दुकानदारों व पास के रहने वाले लोगो का जीना दुश्वार हो गया है। सेमरी चौराहे के रहने वाले चंद्रिका, सूरज, प्रेम बाजपेई ,दीपू, सचिन, आशुतोष, सुनील, शिखर, सुशील ,सुदामा आदि दुकानदारों का कहना है कि कार्यदाई संस्था पीएनसी द्वारा गैर जिम्मेदारी तरीके से सेफ्टीटैंक को बिना सफाई के तोड़ने से निकल रही बदबू से दुकानदारी करना व रहना काफी परेशानी भरा हो गया है। इससे निकलने वाली दुर्गंध से संक्रामक बीमारी फैलने का डर लोगो को सताने लगा है।

लेखपाल की करतूत : मनरेगा के तालाब की मिट्टी एक्सप्रेस वे के लिए बेची

ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ **मनरेगा के तहत तालाब खोदाई को मिली थी वित्तीय स्वीकृति जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी**

अमृत विचार। ग्रामीण मजदूरों की जीविका के लिए मनरेगा योजना में रोहनिया विकास खंड के गांव सराय अख्तियार में बड़ा खेल सामने आया है। मनरेगा के तहत सरोवर के खोदाई का काम रात में पोकलैंड से किया गया और सारी मिट्टी गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार के हाथ बेंच दी गई। यह काम प्रधान और लेखपाल मिलकर किया है। प्रकरण में चर्चा में आने लगा तो बीडीओ ने जांच के आदेश दे दिए।

सराय अख्तियार गांव में कर्बला नाम से बड़ा तालाब है। इसकी खोदाई के लिए मनरेगा के तहत कार्य योजना बनी थी। जिसमें स्टीमेट तैयार करके उसकी वित्तीय स्वीकृति ली गई। उसके बाद इस तालाब में काम नहीं शुरू हो पाया था कि ग्राम प्रधान और लेखपाल ने मिलकर इसकी सौदेबाजी कर डाली। गांव के थोड़ी दूर पर गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण चल रहा है, जिसमें इस समय मिट्टी की भराई का काम चल रहा है।

गांव के दोनों जिम्मेदारों ने एक्सप्रेस वे के ठेकेदार से मिलकर रात में इस तालाब की पोकलैंड से खोदाई करके डंपर द्वारा सारी मिट्टी एक्सप्रेस वे में भेजवा दी। मनरेगा के कार्य की इस खुली डकैती का ग्रामीणों ने वीडियो बना लिया। उसके बाद जब वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया।

मामला जब खंड विकास अधिकारी की जानकारी में आया तो उन्होंने इसकी प्रारंभिक जांच कराई, उसके बाद मामला एसडीएम तक पहुंचा। अब ग्राम प्रधान का कहना है कि तालाब की खोदाई श्रमिकों द्वारा की गई है, जबकि वायरल वीडियो को वह झूठा बता रहा है। उधर, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि मामले की उन्हें कोई जानकारी हुई थी। इसमें जांच कराई गई और पूरा प्रकरण उच्चाधिकारियों को लिखित रूप में भेजा गया है। इसमें लेखपाल की मनमानी सामने आई है। इसकी विस्तृत जांच कराई जायेगी।

सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

डलमऊ, रायबरेली

▸▸ **डलमऊ गंगा तट पर लोगों ने की साफ-सफाई**

अमृत विचार। पूर्णिमा स्नान में श्रद्धालुओं ने उत्साह और उमंग के साथ स्नान किया। धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं उसके बाद अपने-अपने घरों को लौट गए। इस दौरान उनके द्वारा फैलाई गई गंदगी की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। रविवार को गंगा तटों की सफाई का बीड़ा स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज ने उठाते हुए स्वच्छता अभियान चलाया।

इस दौरान मठ के सदस्यों के साथ आसपास के लोगों ने भी हिस्सा लिया। गंगा तट के विभिन्न घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करने के बाद एकत्रित कूड़े को निस्तारित किया। संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि गंगा नदी के स्थान घाटों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से निरंतर सप्ताहिक साफ सफाई अभियान चलाया जाता हे। उन्होंने बताया कि आस्था के बीच छोड़ गए गंदगी माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले व अन्य जिलों के भी श्रद्धालु भक्त गंगा स्नान करने आते हैं, परंतु कूड़ादान होने के बावजूद जागरूकता नहीं होने के कारण लोग गंदगी फैलाकर चले जाते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा अगरबत्ती के पैकेट, माचिस, फूलमाला, आधुनिक प्रकार की शादी विवाह में प्रयुक्त हुई सामग्री आदि गंगा के किनारे पड़े रहते हैं।

इस दौरान पक्के घाटों की सफाई तो नगर पंचायत की कर्मचारी करते हैं, लेकिन कच्चे घाटों पर कोई कर्मचारी दिखाई नहीं देता। छोटा मठ घाट बिजली के खंबे पर लाइट न होने के कारण लोगों को अंधेरे में स्नान करना पड़ता है। इस मौके पर राम चैतन्य, स्वामी गीतानंद, स्वामी दिव्यानंद, संदीप कुमार मिश्रा, सुशील शास्त्री, भंवर जी तिवारी आदि मौजूद रहे।

बंसत उत्सवः कवियों ने मोहा मन, खूब बजीं तालियां

अमृत विचार, बछरावां, रायबरेली : बसंत उत्सव मेला में रविवार को विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम में स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन का कुशल संचालन कवि नीरज पांडे के द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन मे डॉक्टर देवी बक्स सिंह, श्यामल मजूमदार, प्रमोद पंकज, हरिहर दत्त पांडे, सुनीत बाजपेई, मधुप श्रीवास्तव "नरकंकाल", गीता गंगवार, रामश्रय सिंधु, जमुना पांडे अबोध, सुखदेव प्रसाद, भूखन भैया, अमलेश कुमार, श्याम किशोर, उत्तम सोनी सागर, निर्मल श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित, चंद्रहास सिंह, शैलेंद्र गुलशन सहित देश एवं प्रदेश के अन्य कवि एवं कवियत्रियों ने अपना कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

एक नजर

प्रदेश सचिव का किया गया स्वागत

रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार को अयोध्या जाते समय भिटरिया हाईवे पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चौधरी मो. फहद को फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। मो. फहद ने कहा कि युवा वर्ग काफी उत्साहित है। साथ ही इंडिया के प्रत्याशी को विजयी बना कर दिल्ली भेजा जाएगा। इस दौरान सारिक मुस्तफा, डॉ. भष्मा प्रसाद मिश्रा, मनीष रावत, मुनीर अहमद, राजू मिया सहित अन्य मौजूद रहे।

सीएमएस हुए सम्मानित

डॉ. बृजेश कुमार को सम्मानित करतीं डॉ. शोभा फडके।

बाराबंकी, अमृत विचार : संजय गांधी पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ में रेयर डिजीज एवं मेटाबॉलिक डिजीज मैनेजमेंट डायग्नोसिस के संबंध में आयोजित वैज्ञानिक संगोष्ठी में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसजीपीजीआई के जेनेटिक्स डिपार्मेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा फडके ने प्रदान किया।

80 ग्राम स्मैक बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : देव पुलिस ने रविवार को मोहम्मद जफर पुत्र भग्गू निवासी भिटरिया चौराहा, थाना रामसनेही घाट को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, उसके कब्जे से 80 ग्राम स्मैक बरामद की गई जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 8 लाख रूपये आंकी गई।

सीतापुर की ड्रोन दीदी से बात कर पीएम ने महिलाओं को किया प्रेरित

मन की बात

▸▸ लखपति दीदी योजना से लाभान्वित हैं सुनीता देवी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : 'मन की बात' कार्यक्रम के 110वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लखपति दीदी योजना से लाभांवित ड्रोन दीदी का जिक्र कर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान फोन से बात कर एक मध्यम गांव से जुड़ी सुनीता देवी से बातकर देश में महिलाओं द्वारा तस्वीर बदलने का नजीर पेश की है। प्रधानमंत्री से बातकर सुनीता बेहद खुश नजर आईं।

'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से बातचीत के बाद सुनीता देवी ने बताया कि वह मछरेहटा विकासखंड के ग्राम गोडा से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सिकटिया में पहली बार उन्होंने ड्रोन देखा जिसके बाद महिला समूह से हटकर ड्रोन उड़ाने की जिज्ञासा हुई। ग्रेजुएशन पास सुनीता देवी ने योजना की जानकारी कर ऑनलाइन आवेदन किया। इंटरव्यू के बाद हुए चयन में प्रयागराज पहुंच कर ट्रेनिंग के बाद सुनीता देवी को पीएम लखपति दीदी योजना के तहत ड्रोन मिला। इसके बाद वह गांव-गांव घूमकर ड्रोन से खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर किसानों को जागरूक करने में लग गई। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को सुनीता से बात कर महिलाओं को सजग बनने की ओर अग्रसर करने का उदाहरण दिया है। सुनीता ने वर्ष 2018 में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर में 15 दिन का प्रशिक्षण लिया था।

फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए तैयार ड्रोन दीदी। अमृत विचार

अब तक 35 एकड़ फसल की स्प्रे

मन की बात कार्यक्रम के बाद सुर्खियों में आई सुनीता देवी ने बताया कि वह अब तक करीब 35 एकड़ से अधिक फसलों को ड्रोन की मदद से स्प्रे कर कीटों से बचा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उन्नतशील किसान से लेकर छोटे-छोटे किसान भी अब उनको फोन कर खेतों में कीटनाशक का स्प्रे करवाने के लिए बुलवाते हैं। सुनीता घंटों के काम को ड्रोन की मदद से कुछ ही मिनटों में करके खत्म कर देती है। इस ड्रोन की मदद से मजदूर को खेतों के अंदर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। सुनीता देवी अब ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती हैं।

वैज्ञानिक के प्रयास से संवरा जीवन

पीएम नरेन्द्र मोदी से बातचीत के बाद कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. दयाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि सुनीता वर्मा की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण मन में पीड़ा होती थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जब भारत सरकार द्वारा ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। तो क्षेत्रीय प्रबंधक शिव शुक्ला से बात कर सुनीता वर्मा के नाम का प्रस्ताव भेजा गया। इफको के अधिकारियों के सामने कई बार साक्षात्कार होने के बाद ड्रोन दीदी सुनीता देवी का फाइनल चयन हुआ।

तीन शातिर चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

राम सनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। तीनों गिरोह बनाकर ट्रक ड्राइवरों से लूट की घटना को अंजाम देते थे। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि अरविंद पुत्र जसकरन निवासी भड़ेहरी थाना रामसनेहीघाट, लाल चंद्र रावत पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी इमिलहा थाना दरियाबाद, ललित पुत्र रामतीरथ निवासी भड़ेहरी थाना रामसनेहीघाट योजना बनाकर हाईवे पर ट्रकों के ड्राइवरों को शिकार बनाकर लूट लेते थे। तीनो पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया।

सपा-कांग्रेस गठजोड़ से बढ़ सकतीं भाजपा की मुश्किलें

राष्ट्रीय पार्टी के साथ लड़ने से हो सकता वोटों का डायवर्जन, नेताओं में टकराव का मिल सकता लाभ

इरा अवस्थी, कन्नौज

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव कई मायने में खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सरकार बनाने का अटल विश्वास एक तरफ है तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अंततः कांग्रेस से गठबंधन कर लिया है। कन्नौज की बात करें तो यहां इस राष्ट्रीय पार्टी की स्थिति पिछले कई चुनावों से न के बराबर वाली है। प्रत्याशी तो उतरते हैं लेकिन वोट नाममात्र के ही जुटते हैं। गठबंधन के बाद यह वोट सपा के खाते में जाने के पूरे आसार हैं। उधर, भाजपा नेताओं में आपसी टकराव भी फायदा पहुंचा सकता है।

कन्नौज सीट हमेशा से चर्चा का केंद्र रहती है। गत विधानसभा चुनाव में भी चर्चित रही थी क्योंकि तब सपा के कब्जे वाली सदर सीट पर भाजपा नेतृत्व ने तुरुप का पत्ता चला था। तब आईपीएस अधिकारी असीम अरुण को पैराशूट से उतारकर प्रत्याशी बनाया था। उनकी ईमानदार छवि के दम पर सपा की यह अजेय सीट अपने नाम कर ली थी। खास बात यह कि 2019 के लोकसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी सुब्रत पाठक को भाजपा ने तीसरी बार टिकट देकर मैदान में उतारा और वे सांसद रहीं सपा की डिंपल यादव को शिकस्त देने में कामयाब हो गए। इससे सुब्रत का कद पार्टी में खासा बड़ा हो गया। हालांकि पार्टी ने इससे पहले 2009 और 2014 में भी सुब्रत पर ही दांव लगाया था लेकिन वे जीत नहीं सके थे। वर्ष 2019 में मिली जीत के बाद सांसद समय-समय पर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शीतयुद्ध (मौखिक आक्रमण) के चलते चर्चा में रहने लगे। मोदी और योगी द्वारा किये कार्यों के भरोसे वे एक बार फिर से सपा से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। इधर, कई बार स्वयं अखिलेश यादव कन्नौज (जहां से राजनीति शुरू की थी) से चुनाव लड़ने के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। पूर्व में सांसद द्वारा कई बार उनको यहां से चुनाव लड़कर जीतने की चुनौती दी जा चुकी है। नए परिदृश्य में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों पर समझौता हो चुका है। कन्नौज में कांग्रेस का जनाधार बहुत मजबूत स्थिति में नहीं कहा जा सकता है लेकिन पार्टी का पुख्ता वोटबैंक अब भी उसके ही पास है। पुराने लोग अब भी कांग्रेस के ही हिमायती हैं तो अल्पसंख्यकों का जुड़ाव भी है। तो ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस के साथ आ जाने से सपा को मजबूती मिलेगी। अगर वाकई अखिलेश यादव यहां से मैदान में कूदते हैं और सामना मौजूदा सांसद से होता है तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह तो यह कि उनके सांसद और फिर मुख्यमंत्री रहते क्षेत्र में काफी विकास कार्य हुए। वहीं इन पांच वर्षों में जनता को आंखों से दिखाई दे, ऐसा कोई विकास कार्य नहीं हुआ। जानकारों की मानें तो अयोध्या का राम मंदिर केंद्र की भाजपा सरकार को तीसरे मौके की गारंटी हो सकता है।

बाराबंकी में कांग्रेस के खाते में सीट जाने के बाद तालमेल की चुनौती

बाराबंकी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए बाराबंकी संसदीय सीट कांग्रेस पार्टी के लिए छोड़ दी है। इसे लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल जरूर है लेकिन कई गुटों में बंटी समाजवादी पार्टी से तालमेल कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि, पार्टी के संभावित उम्मीदवार सपा नेताओं से तालमेल बैठाने के लिए उनके घरों पर पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार तो अभी तक घोषित नहीं किया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया, इंडिया गठबंधन के बाराबंकी से उम्मीदवार हो सकते हैं।

सार-संक्षेप

डिजिटल शिक्षा ग्रहण कर महिलाएं प्राप्त करें रोजगार

युवाओं व महिलाओं को प्रशिक्षण देतीं ट्रेनर। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : आदि ज्योति सेवा समिति द्वारा आलम नगर सेंटर में युवा सशक्तीकरण को लेकर तीन माह की ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। समिति की अध्यक्ष ज्योति ने बताया कि डिजिटल साक्षरता का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण युवाओं को सशक्त करना है। महिलाओं को उनके हक के बारे में बताना है जिससे उनकी भागीदारी को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने बताया कि सशक्तिकरण के लिए रोजगार और डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना कोर्स नि:शुल्क है। बहनों व महिलाओं के साथ-साथ जरूरतमंद युवाओं को भी इस कोर्स के जरिए मदद की जाती है।

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में बिखेरा जादू

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में प्रस्तुति देते जादूगर राकेश श्रीवास्तव।

रूपईडीहा (बहराइच), अमृत विचार : उत्तरप्रदेश संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग की ओर से 21 दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने भी प्रस्तुति दी। राम से राष्ट्र पर आधारित मित्रतापूर्ण जादू कार्यक्रम भारत-नेपाल सीमा पर लार्ड बुद्धा महाविद्यालय में संपन्न हुआ। जादूगर राकेश ने अपनी रोमांचक जादुई कला से भारत-नेपाल का राष्ट्रीय ध्वज लिए एक लड़की को प्रकटकर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। उन्होंने अनेक हंसने-हंसाने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान संस्कृति विभाग के सहायक निदेशक राजेश अहिरवार, उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय व नेपाल के कई लोग उपस्थित रहे।

मायावती के प्रधानमंत्री बनने से लगेगा भ्रष्टाचार पर अंकुश

बैठक को संबोधित करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व मौजूद अन्य।

बाराबंकी, अमृत विचार : मायावती के प्रधानमंत्री बनने से देश में आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम होगा। सुशासन के साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगेगा। यह बातें रविवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्र अयोध्या के विधानसभा दरियाबाद सेक्टर खजूरी गांव ढेखवा में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम ने किया। इस दौरान जिला प्रभारी केके रावत, सदस्य जिला पंचायत व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कनौजिया, विधानसभा प्रभारी राधेश्याम रावत, सुरेश चंद्र गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष भोलानाथ निषाद, त्रिलोकीनाथ गौतम ने भी बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और रणनीति तैयार की। बैठक में राम गौतम, मुन्ना रामास्वामी, अरुण कुमार पाल, रामदेव गौतम, सुरेश कुमार गौतम, अयोध्या प्रसाद, महेश रावत, अरविंद कुमार एडवोकेट महेश कुमार, भागीरथ रावत, खुशबू गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संत विद्यासागर के त्याग का वर्णन नहीं किया जा सकता

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : जैन समाज के सर्वोच्च संत विद्यासागर की विनयांजलि सभा का आयोजन रविवार शाम नगर के जैन धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अलावा विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने पूज्य संत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक साकेंद्र वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान विधायक साकेंद्र वर्मा ने कहा कि संत विद्यासागर जी ने देश को इंडिया नही, भारत कहने का आह्वान किया था। उनके त्याग का वर्णन नहीं किया जा सकता। हम उनके जीवन दर्शन में से किसी एक रास्ते को जीवन में अपना सके तो यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन जैन समाज के अध्यक्ष सचिन जैन ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने संतश्री चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर दीप प्रज्ज्वलित किए। ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा, विस्तारक रामकृपाल मिश्र, प्रांशु जैन, यशवंत जैन, चिंतक इंद्र कुमार जैन, टीनू जैन, कुमकुम जैन, दीपचंद्र जैन, विजय जैन, पंकज जैन, रुही जैन, लल्ला जैन, बार उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान शीलरत्न मिहिर, बालगोविंद नाग, हेमंत दास, सभासद संतोष मिश्र, पूर्व प्रमुख दिनेश वर्मा, विश्वनाथ गुप्ता, डॉ. रामकुमार गिरी, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली इलाके में ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। क्षेत्र के मोहल्ला बसैहिया टोला निवासी निहाल (18) पुत्र जमील अहमद अपने साथी सुहेल पुत्र गुलाम निवासी खालेपुरवा थाना हरगांव से लहरपुर इलाके में जलसा देखने के लिए रविवार रात करीब 10 बजे जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इस दौरान निहाल को मृत घोषित कर दिया जबकि सुहेल भर्ती है।

परीक्षा न इंटरव्यू, न काम लेकिन वेतन सीधे खाते में

नगर पंचायत जैदपुर का खेल

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : परीक्षा न इंटरव्यू, न काम, तनख्वाह सीधे खाते में। सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन नगर पंचायत जैदपुर में ऐसा ही खेल हो रहा है। आउटसोर्सिंग कंपनी से लेकर अधिकारी, बाबू और अध्यक्ष तक सब इसमें संलिप्त हैं। यहां एक ऐसे व्यक्ति के खाते में तनख्वाह भेजी गई जो न तो सरकारी कर्मचारी है और न ही आउटसोर्सिंगकर्मी।

एक वीडियो सामने आया है जिसमें इरशाद नामक व्यक्ति आरोप लगा रहा है कि नगर पंचायत जैदपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि और उसी कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक ने उनसे आधार, पैन कार्ड व बैंक खाता संख्या ली।और उसके खाते में करीब 9 हजार रुपये आ गए। खाते में वेतन के रूप में आई इस रकम के आने के बाद दो व्यक्ति इरशाद के पास पंहुचे और धनराशि के बंदरबांट की बात की। इरशाद राजी नहीं हुआ और रुपये वापस करने की बात कही। इरशाद का आरोप है कि उसके खाते में जनवरी माह की तनख्वाह भेजी गई है और उसे नगर पंचायत जैदपुर का मेहतर बताकर भुगतान कराया गया जिसके बाद रुपये के बंदरबांट की बात की गई लेकिन उसने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। जैदपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा का कहना है कि इरशाद नाम का कोई भी व्यक्ति न तो नगर पंचायत में कार्यरत है और न ही आउटसोर्सिंग में। किन परिस्थितियों में उसके खाते में रकम भेजी गई, यह जांच का विषय है। मामले में संबंधित लिपिक प्रदीप का कहना है कि वह इरशाद को नहीं पहचानता है।

पिता का नाम लेकर बुलाने के विरोध पर किया घायल

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : पिता का नाम लेकर बेटे को बुलाने के विरोध पर 5 दोस्तों ने मिलकर बेटे को लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एक ज्ञात समेत 5 के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के छेदानगर गांव में शनिवार शाम शादाब गांव के ही अपने चार दोस्तों के साथ मैच खेल रहा था। इसी दौरान गांव की गुड़िया रावत का बेटा दीपक सायकिल से घर जा रहा था। रास्ते में शादाब ने दीपक के साथ उसके पिता का नाम लेकर बुलाया जिसका उसने विरोध किया तो शादाब और उसके दोस्तों ने एक राय होकर दीपक पर लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जाति सूचक गालियां भी दी। दीपक की मां गुड़िया की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

नहीं हो सका महादेवा के चढ़ावे के विवाद का निस्तारण, रिसीवर ही देखेंगे व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला अनौपचारिक रूप से शुरू हो चुका है। हालांकि, औपचारिक रूप से इसकी शुरुआत 28 फरवरी से होगी। कांवरिया महादेवा पहुंचने लगे हैं लेकिन अभी तक महादेवा के चढ़ावे के विवाद का निस्तारण नहीं हो सका है।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विवाद के निस्तारण का दायित्व उप जिलाधिकारी रामनगर को सौंपा था। उप जिलाधिकारी ने रविवार को दोनों पक्षों को बुलाया। दोनों पक्ष गए भी लेकिन वह खुद नदारत थे। इधर, चढ़ावे का विवाद तूल पकड़ने लगा है। रिसीवर ने शनिवार को इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से भी मिलने का प्रयास किया था। पुलिस अधीक्षक उस समय कार्यालय में एक समारोह में व्यस्त थे जिसके चलते रिसीवर को बैरंग वापस लौटना पड़ा। लोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी मेले के दौरान करोड़ों का चढ़ावा आता है। रिसीवर का आरोप है कि ग्राम प्रधान का खेमा इस पर जबरिया कब्जा कर लेता है। इस मामले का निस्तारण होना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि महादेवा में चढ़ावे के विवाद का स्थानांतरण नहीं किया गया तो स्थिति विस्फोटक हो सकती है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी अभी तक कोई खास इंतजाम शुरू नहीं हो सके हैं। सूत्रों का कहना है कि जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस बार अवांछित मेले के दौरान आने वाले चढ़ावे में भागीदार न बन सके, इसके लिए श्रद्धालुओं से भी सिर्फ दान पत्र में ही चढ़ावा देने से संबंधित बैनर मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे।

14 साल बाद हरवंशपुर में लहलहा रही काले सोने की फसल

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : अतिवृष्टि, बेमौसम की बारिश और आपदाओं का दंश झेल रही किसानी को लेकर जहां स्थानीय किसानों का बड़ा तबका भविष्य को लेकर चिंतित है, वहीं दूसरी ओर वातावरणीय बदलाव के बीच हरवंशपुर के किसान दोबारा अफीम की खेती कर अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

दरियाबाद विकास खंड के सेमौर मजरे हरवंशपुर निवासी किसान रामफेर के खेतों में 14 साल बाद पुनः अफीम (पोस्ता) की फसल लहलहा रही है। रामफेर के पुत्र गोपी चंद्र ने बताया की लाइसेंस हमारे पिता के नाम है। आज से 14 साल पहले 30 एयर का लाइसेंस था। लेकिन 2010 में फसल में घाव न लगाकर अपना लाइसेंस जमा कर दिया। अब पोस्ता के फल में चीरा नहीं लगाया जाएगा, विभाग अफीम नहीं लेगा। किसान को प्रतिवर्ष 70 किलो पोस्ता का छिलका देना होगा। अगर किसी वर्ष छिलका कम होता है तो आगे के वर्ष में पूरा करना होगा। किसान को 5 साल में तीन क्विंटल 50 किलो छिलका नारकोटिक्स विभाग को देना होगा। किसानों को पोस्तादाना मिलेगा। बीते वर्ष नवंबर में जब दोबारा पोस्ता की बुवाई का फरमान नारकोटिक्स विभाग बाराबंकी से आया तो गांव के रामफेर, राम सेवक, विनोद कुमार, विनय कुमार और लल्लन ने सलाह कर एक बार फिर से इच्छा जाहिर की है और खेत मे पोस्ता के बीज बो कर कड़ी मेहनत के साथ देखरेख में जुट गए। अब इन किसानों के खेतों में अफीम की फसल लहलहा रही है। इससे पहले क्षेत्र के हूसेपुर, मुरारपुर आदि गावों में अफीम की खेती की जा रही थी। किसानों ने बताया कि आम आदमी जितना इसे सहज समझ लेता है, उतना आसान नहीं है। बुवाई से लेकर तैयारी तक अफीम की फसल को छोटे बच्चे की तरह सहेजना होता है। आज फसल को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए दिन-रात रखवाली करनी पड़ती है। किसानों ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग की तरफ से प्रति किसान 10 एयर का लाइसेंस मिला है। फसल में फूल आने लगे हैं। अगर मौसम ने साथ दिया तो फसल अच्छी होने का अनुमान है।

पोस्ता के पौधों में खिले फूल। अमृत विचार

सरकार की नीतियों से लोग परेशान : आरके चौधरी

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार : मोहनलालगंज लोकसभा सीट के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आरके चौधरी के प्रथम आगमन पर सिधौली सपा कार्यालय पर नई ऊर्जा के साथ कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद व मुलायम सिंह यादव अमर रहे के नारों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। आरके चौधरी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, व्यापारी व छात्र परेशान हैं। किसान खेतों में रात गुजारने को मजबूर हैं। आवारा पशु गौशालाओं में न होकर सड़कों पर घूम रहे हैं जिसके कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली है। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव, सीएल वर्मा, लखनऊ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप, मीडिया प्रभारी शिवपूजन यादव, बीएल भार्गव, अनिल कुमार, दिवाकर प्रजापति, अंकित कुमार यादव, जगमोहन लाल यादव, रंजीत यादव सभासद, सुमित अवस्थी, संग्राम यादव, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र रावत, विनोद कुमार शुक्ल, अशोक यादव, आरके यादव आदि उपस्थित रहे।

बसपा को मेरी जरूरत नहीं थी, बैठकों में भी नाम नहीं : रितेश

अटकलों पर विराम

▸▸ अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के हो सकते हैं प्रत्याशी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: कई दिनों से चली आ रही अटकलों पर विराम लगाते हुए बसपा सांसद रितेश पांडे ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। लखनऊ में उन्हें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को भेजे पत्र में लिखा है कि लंबे समय से न तो पार्टी की बैठकों में बुलाया जा रहा है और न ही नेतृत्व स्तर से कोई संवाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैने आपसे और वरिष्ठ पदाधिकारियों से वार्ता के बहुत प्रयास किए लेकिन परिणाम नहीं निकला। पार्टी को मेरी सेवाओं की जरूरत अब नहीं है। पार्टी से नाता तोड़ने का निर्णय भावनात्मक रूप से कठिन है लेकिन अब कोई और विकल्प भी नहीं है। रितेश पांडे ने आग्रह किया कि तत्काल प्रभाव से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाए। बीते विधानसभा चुनाव में रितेश पांडे के पिता पूर्व सांसद राकेश पांडे ने बसपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था। वह सपा के टिकट पर अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक भी चुने गए। इसी घटनाक्रम के बाद बसपा प्रमुख रितेश पांडेय से नाराज चल रही थीं। उन्हें पार्टी के संसदीय दल के नेता पद से हटा दिया। नतीजा यह हुआ कि पार्टी के कार्यक्रमों आदि से भी उनकी दूरी बन गई। बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें लंच पर भी आमंत्रित किया था। तब से अटकलों का बाजार गर्म हो गया था की रितेश पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए बीजेपी हुए अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बना सकती है।

पिता भी जा सकते हैं भाजपा में : पूर्व सांसद और जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक राकेश पांडे जल्द ही बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि पुत्र रितेश पांडे के बीजेपी में शामिल होने के बाद वह कभी भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले विधायक राकेश पांडे के बीजेपी में शामिल होने से पार्टी को काफी फायदा होने की उम्मीद जताई जा रही है। उनका जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्चस्व माना जाता है।बसपा का दामन छोड़ने वाले सांसद रितेश पांडे पहले भी चर्चा में रहे हैं। उनकी पढ़ाई विदेश में हुई। रितेश ने राजनीतिक सफर की शुरुआत साल 2012 से की। उस समय विधानसभा चुनाव में उनके पिता बसपा नेता राकेश पांडे के प्रयासों से रितेश को जलालपुर सीट पर बसपा ने टिकट दे दिया लेकिन वहां से सपा प्रत्याशी शेर बहादुर सिंह ने उन्हें पराजित कर दिया।

उद्योगपति के परिवार से आते हैं रितेश

रितेश पांडे पूर्व सांसद व मौजूदा जलालपुर से सपा से विधायक राकेश पांडे के पुत्र हैं। रितेश ने विदेश से पढ़ाई कर लौटने के बाद राजनीति में एंट्री की। विधानसभा चुनाव 2012 में जलालपुर से बीएसपी से चुनाव लड़ें, जहां उन्हें सपा के शेर बहादुर से पराजित होना पड़ा। फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी से जलालपुर विधानसभा से विधायक चुने गए। रितेश 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान सपा-बसपा गठबंधन से प्रत्याशी बने और लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। रितेश के चुनाव जीतने के बाद जलालपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव हुआ। जिसमें समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार सुभाष राय विधायक चुने गए। बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडे रितेश के चाचा है। हालांकि वह मौजूदा समय में जेल में बंद हैं। रितेश के छोटे चाचा कक्कू पांडे भी बाहुबली हैं। जबकि भाई आशीष पांडे की गिनती प्रदेश के टॉप बिजनेसमैन में होती है। बड़े व्यवसायी के रूप में गिने जाने वाले विधायक राकेश पांडे का शराब और खनन का प्रदेश में बड़ा करोबार है।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

संपादकीय

एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

> हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंने नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

प्रसंगवश

अपरिवर्तनीय सत्य

मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है। आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

सोशल फोरम

स्मार्टनेस पर जोर

> इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है । हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया ।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं ।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा ।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

-फेसबुक वॉल से

जान है तो जहान है

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।

स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

दृष्टांत : कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

व्याख्या : नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।

व्याख्याः मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत)

व्याख्या : मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

साक्ष्य : एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

प्रकृतिस्थताः क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैंः प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

अभिवादनशीलताः 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

हम दो हमारे दो : 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

चार लाख कुर्मी वोटर पर अखिलेश का दांव

अन्य दल के नेतृत्वकर्ता सोचने पर हुए विवश, गोंडा विधानसभा में 35 हजार कुर्मी वोटर

अरुण कुमार मिश्र

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दांव से अन्य दल के नेतृत्वकर्ता सोचने को विवश हो गए हैं। गोंडा लोकसभा के चार लाख कुर्मी मतदाताओं पर अखिलेश के दांव ने सबको चित्त कर दिया है।

2009 में गोंडा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को सांसद बनाने में गोंडा लोकसभा के चार लाख से अधिक कुर्मी विरादरी के वोट ने कमाल किया था। गोंडा लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र में तीन विधानसभाओं में कुर्मी वोटरों की बहुलता है। गोंडा विधानसभा में 35 हजार, मेहनौन में 50 हजार, गौरा में 80 हजार, मनकापुर में 60 हजार तथा उतरौला में 75 हजार के करीब कुर्मी वोटर हैं। इसके अलावा उतरौला और गौरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम वोटर हैं। इसके बाद पिछड़े वर्ग में कुर्मी फिर यादव सहित अन्य की बहुलता है। इतिहास के आइने में देखें तो बाराबंकी और कैसरगंज लोकसभा से संसद की ड्योढी तक पहुंचने वाले बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर जीत कर वर्षों से सूखाग्रस्त कांग्रेस को हराभरा कर दिया था।

बाहरी होने का भी दांव खेला गया पर कुर्मी वोटरों तथा तीन दलों से तीन क्षत्रपों के खिलाफ चलाए गए कंपेन एक दबाओ तीन गिराओ के नारे ने विरोधियों पर पानी फेर दिया और बेनी बाबू जीतने में कामयाब हो गए और वह केंद्र में कैबिनेट मंत्री बने। पर उसका लाभ गोंडा वासियों को नहीं मिला। अब समाजवादी पार्टी ने कुर्मी, मुस्लिम और यादव वोटरों के दम पर बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को गोंडा लोकसभा सीट से उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी है।

पिछड़े में कुर्मी वोटरों को रोकने की होगी चुनौती

गोंडा लोकसभा में थोक वोट कुर्मी विरादरी को भाजपा कैसे रोकेगी इस पर मंथन शुरू हो गया है। एक मात्र कुर्मी विरादरी के विधायक प्रभात वर्मा गौरा से विधायक हैं। उतरौला से राम प्रताप वर्मा विधायक हैं। एक लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभा में कुर्मी विरादरी के दो विधायक भाजपा से हैं। लेकिन सजातीय वोटों को रोकने की चुनौती इन्हीं पर होगी। हालांकि कुर्मी विरादरी का वोट अपनी विरादरी पर ही जाता है। ऐसा समीक्षकों का मानना है। कुर्मी विरादरी का वोट सबसे पहले सजातीय उम्मीदवार की तरफ देखता है उसके बाद पार्टी में भाजपा को। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश नाथ वर्मा कहते हैं कि सपा से चुनाव मैदान में उतरीं श्रेया वर्मा को विरादरी का 70 प्रतिशत वोट जाएगा। इसके अलावा मुस्लिम 95 प्रतिशत तथा यादव का 50 प्रतिशत वोट मिलना तय है। भाजपा कुर्मी वोट रोक पाएगी या नहीं इस पर वह कहते हैं कि यदि भाजपा से प्रभात वर्मा को टिकट मिल जाए तो वह सजातीय वोट रोकने में कामयाब हो जाएंगे लेकिन उनका विरोध उनके पार्टी के लोग ही करेंगे। उन्होंने दो क्षत्रपों का नाम भी लिया लेकिन सच्चाई यही है कि कुर्मी वोटरों को रोकने का मास्टर प्लान अब भाजपा को बनाना ही होगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के 31 स्टेशनों का शुरू होगा पुनर्विकास

गोरखपुर, अमृत विचार

प्रेस वार्ता करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या अग्रवाल।

भारतीय रेल आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने, पुनर्विकास कार्य तथा समपारों पर संरक्षा के दृष्टिकोण से रोड ओवर ब्रिज अंडरपास के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 41,000 करोड़ की लागत से 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन किया जायेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन के उद्घाटन सहित 73 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जा रहा है, जिस पर कुल लागत रू 1876.64 करोड़ की लागत आएगी। यह जानकारी रविवासर को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

एक नजर

अनियमितता मामले में पंचायत सचिव निलंबित

गोसाईगंज, सुलतानपुर : प्रधान का डिजिटल हस्ताक्षर चोरी कर सात लाख 65 हजार रुपये निकाल लेने की वित्तीय गड़बड़ी और अन्य आरोपों में कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गुपुर की पंचायत सचिव शगुफ्ता शबनम को जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने निलंबित कर दिया है। कुरेभा ब्लॉक के डीहढग्गूपुर की प्रधान भारती गुप्ता ने बीते 20 दिसंबर को डीपीआरओ से शिकायत की थी कि पंचायत सचिव सगुफ्ता ने डिजिटल हस्ताक्षर अपने पास रख कर धन की निकासी कर गबन किया। एडीओ पंचायत ने जांच में पाया कि दिसंबर में ग्राम पंचायत से पंचम राज्य वित्त एवं 15वां वित्त आयोग के तहत सात लाख 65 हजार 807 रुपए निकाल लिए। इसके पूर्व में कुड़वार ब्लॉक में तैनात रहीं शगुफ्ता शबनम ने ग्राम पंचायतों का संपूर्ण चार्ज नामित पंचायत सचिव को उपलब्ध नहीं कराया।

बेटियों का भविष्य संवारती है सुकन्या योजना

अयोध्या कार्यालय : प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या एचके यादव की अध्यक्षता में अकबरपुर ब्लॉक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित सुकन्या समृद्धि योजना शिविर में मुख्य अतिथि लखनऊ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने उत्कृष्ट डाक कर्मियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बेटियों का भविष्य संवारने में सुकन्या योजना का अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि नपा चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा ने 22 खाते खुलवाए। पीएमजे दक्ष ने डाककर्मियों को अधिक से अधिक सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सेन्ट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, सभासद राजकुमार वर्मा, डाक निरीक्षक हरिमोहन सिंह, अभिषेक तिवारी, गौरव सोनी, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, पोस्टमास्टर नूतन सिंह आदि मौजूद रहे।

केन्द्र में फिर से बनेगी मोदी सरकार : जगदंबिका पाल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल पर केंद्र में तीसरी बार 400 के पार और एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही। कसर्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात ईश्वर यह मुझे अवसर बार बार दें यही ईश्वर से प्रार्थना है। सांसद जगदम्बिका पाल ने बांसी विधानसभा के खेसरहा और सकारपार मंडल में रविवार को बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है। नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था तब कांग्रेस मुक्त भारत बन सका। कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर, विधानसभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडेय जिला महामंत्री विजयकान्त चतुर्वेदी अमरनाथ पांडेय ने भी सम्बोधित किया।

स्मृति ईरानी बोलीं मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस

रायबरेली। अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि एम्स रायबरेली की घोषणा से लेकर शिलान्यास तक लगभग आठ साल की यात्रा करनी पड़ी। उन्होंने एम्स प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के प्रयासों से हर वर्ष एम्स रायबरेली में एक लाख 30 हजार टेस्ट होते हैं। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। अमेठी साक्षी है, जहां पर वर्षों वर्ष एक नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवाएं नहीं दीं। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। नामदारों ने उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन मेडिकल कालेज नहीं बना। पहले लोग लखनऊ तक दौड़ते थे। सीटी स्कैन मशीन की सुविधा लखनऊ या दिल्ली में थी, जो आज अमेठी में है।

रायबरेली में मुख्यमंत्री बोले-

दस सालों में देश में दिखा क्रांतिकारी परिवर्तन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है। अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वस्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। अब रायबरेली एम्स पूर्ण रूप से प्रदेश की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी।

1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

अब तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं: एसपी सिंह

रायबरेली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक नया भारत बन रहा है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी मिल रही है। विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को उतारने की क्षमता है। हर युवा के हाथ को आजीविका से जोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मिल रही है। अब तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश पिछले चार महीने में काफी बेहतर कर रहा है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था का स्वर्ण युग है। उन्होंने कहा कि आज मेरी बेटी आगरा से लखनऊ आती है पैरा मेडिकल कालेज तो मैं एक बार भी नहीं पूछता हूं। अब बेटियां योगी राज में सुरक्षित हैं। इससे पहले प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने उद्गार व्यक्त किया।

सार-संक्षेप

मंत्री जलशक्ति ने युवा संवाद कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

श्रावस्ती, अमृत विचार : जूनियर हाईस्कूल भिनगा में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतन्त्र देव सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सरकार सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर ना हो, सबके पास पक्की छत हो, अपना पक्का घर हो। देश एवं प्रदेश सरकार गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का सपना पूरा करने में भी हर संभव मदद कर रही है। तदोपरान्त मंत्री ने भिनगा स्थित वार्ड संख्या-11 मोहल्ला कृष्णा नगर के बूथ संख्या 148, वार्ड नंबर-11 में बूथ चलो अभियान एवं लाभार्थी जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग युवा मोर्चा ऋषि चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष/लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, अरूण पाण्डेय, सुन्दरलाल मौर्या आदि मौजूद रहे।

भारत-नेपाल के सांस्कृतिक अंतर्संबंधों पर होगा मंथन

गोरखपुर, अमृत विचार : सदियों से चले आ रहे भारत-नेपाल के सांस्कृतिक अंतर्संबंध शोधपूर्ण मंथन से और प्रगाढ़ होंगे। इसके लिए आगामी 1 मार्च से 3 मार्च तक महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नेपाल के तीन दर्जन विद्वान यहां पधारकर और इससे अधिक ऑनलाइन जुड़कर भारतीय विद्वतजन के साथ उन आयामों पर चर्चा करेंगे, जिससे भारत और नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई ऊंचाई दी जा सके। यह सेमिनार महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। यह महाविद्यालय वर्ष 2015 में भी भारत-नेपाल के मैत्री संबंधों पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करा चुका है। दूसरी बार, 1 मार्च से हो रहे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन के संयोजकद्वय डॉ. पद्मजा सिंह और डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने बताया कि महाराणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की देखरेख में उद्घाटन और समापन के अतिरिक्त आठ तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

बिजली के तार की चपेट में आया बालक, मौत

तम्बौर, अमृत विचार : तंबौर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर उसिया निवासी रामचंद्र का इकलौता बेटा आदर्श 11 वर्ष रविवार सुबह नौ बजे 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। जिस पर थानाध्यक्ष बिजयेंद्र सिंह ने तुरंत फोर्स भेज कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। इस मामले में बात करने पर थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही है। समय रहते लाइन सही करा दिया गया होता तो आज इतना बड़ा हादसा नहीं होता। मृतक के पिता रामचन्द्र का कहना है कि विद्युत विभाग के पावर हाउस जाकर कई बार लिखित शिकायत भी दिया। अनेकों प्रार्थना पत्र दिये कि बिजली के तार सही करा दो, जोकि बहुत ही नीचे थे। एक अनहोनी की आशंका की वजह से विभाग से गुहार लगा रहे थे, लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही कार्य के प्रति उदासीनता एक परिवार के दुख का कारण बन गई।

कार में लिफ्ट देकर की बदमाशों ने लूटपाट

संवाददाता, बिधनू : कार सवार पांच बदमाशों ने नौबस्ता से सवारी के रूप में बैठाकर युवक से तमंचे के बल पर लूटपाट की। रास्ते में उसके एटीएम कार्ड से रुपये भी निकलवाए। एक जगह कार्ड स्वैप करवाकर बदले में कैश ले लिया। बदमाश लूट कर युवक को सचेंडी क्षेत्र में किसान नगर रोड पर उतार कर भाग निकले। पीड़ित युवक बिधनू थाने में जानकारी दी। रविवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। हमीरपुर निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार दिल्ली में रहकर किसी कंपनी में काम करते हैं। 20 फरवरी को वह दिल्ली से घर लौट रहे थे। रात करीब 11.30 बजे वह नौबस्ता चौराहे पर हमीरपुर के लिए सवारी वाहन का इन्तजार कर रहे थे। तभी सफेद रंग की वैगेन आर कार आई। जिसमे बैठे पांच लोगों ने उसे हमीरपुर जाने की बात कहकर बैठा लिया। कुछ दूर चलने पर कार में पीछे बैठे तीन बदमाशों ने युवक को तमंचा अड़ा कर 1600 रुपये की नगदी और एटीएम कार्ड व मोबाइल लूट लिया। बदमाशों ने धोबिन पुलिया के पास स्थित एटीएम से जबरन सात हजार रुपये निकलवा लिए। इसके बाद बदमाश रमईपुर स्थित रिलाइंस पेट्रोल पंप पहुंचे। जहां पीछे से आ रहे ट्रक में डीजल डलाने की बात कहकर कार्ड को स्वैप किया और 16 हजार चार सौ रुपये निकाल लिए।

एशिया का सबसे बड़ा आयुध कारखाना तैयार

कानपुर, अमृत विचार : घाटमपुर के साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस का एशिया का सबसे बड़ा आयुध कारखाना बनकर तैयार हो गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस दौरान थल सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय भी उपस्थित रहेंगे। अगले माह से कारखाने में मेक इन इंडिया के तहत हथियारों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। 200 हेक्टेयर क्षेत्रफल बनी इकाई में तोप, गोला-बारूद, छोटी दूरी की मिसाइल, ड्रोन आदि बनाए जाएंगे। डिफेंस कॉरिडोर स्थित अडाणी कॉम्प्लेक्स के स्माल कैलिबर एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में यूनिट के शुभारंभ पर रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्लांट की पहली यूनिट में सबसे पहले रायफल लाइट मशीन गन (एलएमजी) एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन गोला-बारूद तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद बनेंगे। समारोह के दौरान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ यूनिट में उन्नत किस्म के बनने वाले उत्पादों के प्रोटोटाइप से विशेषज्ञों को रूबरू कराया जाएगा। प्रोजेक्टर के माध्यम से आयुध क्षेत्र में होने वाले विकास को दर्शाया जाएगा। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की यूनिट में सबसे पहले रायफल, लाइट मशीन गन, एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। स्नाइपर रायफल का निर्माण भी होगा। इसके बाद अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण यहां शुरू होगा। सेना के उपयोग में लाए जाने वाले कई उपकरण और सामग्रियां भी यहां बनाई जाएंगी।

कानपुर में दिनेश शर्मा बोले- नारे से जीतेंगे सभी सीटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रविवार को कानपुर के तिलक नगर मंडल के विष्णुपुरी में जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा की अगुवाई में पहली युवा चौपाल लगाई गई। इसमें पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि युवा समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर आशा से देख रहा है। लोकसभा चुनाव में युवाओं की 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओं को नशेड़ी बता रहे हैं। वह खुद जहां से आए हैं, इसीलिए युवा उन्हें वैसे दिख रहे हैं। 'जो राम का नहीं, किसी काम का नहीं' नारे के साथ हम यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रहे हैं।

युवा चौपाल में दिनेश शर्मा ने कहा कि पूर्व की सरकारें प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताती रहीं, जब अयोध्या में राम मंदिर बन गया को दर्शन से बचती दिख रही हैं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन में डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि व्यापारी हमेशा देश की चिंता करता है। पहले सत्रह प्रकार के टैक्स थे जिन्हे खत्म किया गया। कई बार जीएसटी में संशोधन किया है, आगे भी कोई कमी होगी तो ठीक किया जाएगा।

साकार हो रहा विकास का मंत्र: मेनका

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के दूसरे दिन रविवार को मोतिगरपुर मंडल के पहाड़पुर फतुहा एवं लपटा में पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत दीवार पर कमल का फूल बनाया और एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन लिखा। कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को सरकार कर रही है। सरकार की योजना का लाभ हर तबके तक पहुंचा है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी स्कीम है जिसका टारगेट गांव, गरीब व किसान का विकास हैं। इस दौरान सांसद से पहाड़पुर सरायभीखम की कलावती व तारा देवी सोनी की तीन महीने से पुष्टाहार नहीं मिलने की शिकायत की।

जीते जी कर लिया अपना अंतिम संस्कार

हरीनारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार : वर्तमान में कुछ भी असंभव नहीं। कोई कुछ भी कर बैठता है। छीबों गांव को ही लीजिए, जहां एक जीवित व्यक्ति ने अपना अंतिम संस्कार कर दिया और अब वह सिर मुंडवाकर बैठा है। उसका कहना है कि वह तेरहवीं संस्कार भी धूमधाम से करेगा।

गांव निवासी ठाकुर रविशंकर सिंह (45) पुत्र स्व. नवल सिंह अविवाहित हैं। इनके भाई हरीशंकर बताते हैं कि तीन भाइयों में उमाशंकर के बाद सबसे छोटा रविशंकर पहले प्रयागराज में रहकर मार्बल पत्थर की घिसाई का काम करता था। उनका कहना है कि वहीं पर यह गलत सोहबत में पड़ा और शराब पीने का आदी हो गया। अब तो शराब भी नहीं पीता। पिछले आठ माह से यह घर में ही है। बताया कि ऐसा लगता है कि इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं। अविवाहित होने की वजह से इसको लगता है कि इसकी मृत्यु के बाद कोई अंतिम संस्कार नहीं करेगा और ऐसे में इसने यह किया है। बताया कि शनिवार को एक आचार्य को बुलाकर मृत्यु के बाद होने वाली रस्म पूरी कराईं।

एक माह पहले किया था भंडारा

हरीशंकर ने बताया कि एक माह पहले रवि ने अखंड मानस पाठ कराया था। इसके बाद भंडारा किया। 15 दिन पहले फिर कीर्तन कराया और फिर भंडारा। इसके बाद इसको पता नहीं क्या सूझी कि अपना ही अंत्येष्टि और क्रियाकर्म संस्कार कर बैठा। बताया कि रविशंकर के हिस्से में तीन बीघे जमीन भी है।


अंतिम संस्कार करने के बाद बैठा रविशंकर।

बातचीत में सामान्य दिखा

हालांकि, बातचीत में रविशंकर पूरी तरह सामान्य नजर आया। उसने बताया कि भगवान के इच्छा से यह किया है। पहले कीर्तन करांव फिर रामायण करांव फिर गंगा माई की कृपा से यह कर दिया। जब उससे पूछा गया कि क्या परिवार वाले यह नहीं करते तो उसने कहा कि वह भी कर देंगे पर भगवान की यही इच्छा है।

एक रात में पलट गया था राम जन्मभूमि का इतिहास

अयोध्या कार्यालय : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संयोजन में तीर्थ क्षेत्र पुरम बाग बिजेसी में आयोजित रामकथा में रविवार को दूसरे दिन कथावाचक मोरारी बापू ने कहा कि माता कैकई ने जब प्रभु राम के लिए वनवास मांगा तो माता कौशल्या ने कहा कि भरत को राजगद्दी तो राम को 14 वर्ष का वनवास क्यों? एक रात में बाजी पलट जाती है। ऐसी ही एक घटना अयोध्या में भी हुई थी जब प्रभु राम की जन्मभूमि पर रामलला का प्रकट हुआ था। और वहां का इतिहास बदल गया था। कहा कि अयोध्या का राममंदिर राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या में प्रभु श्रीराम को रामकथा सुनाने आया हूं। मोरारी बापू ने कहा कि अयोध्या का मंदिर भव्य बन रहा है। नियम के अनुरूप बन रहा है। मंदिर निर्माण में सभी की आहुतियां लगी होंगी, लेकिन यह प्रयत्नशील लोग हैं, जिन्होंने कम समय में मंदिर निर्माण कर दिया। हनुमान चाहिए तो राम को पकड़ो।

रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

ट्रस्ट की ओर से जारी की गई रामलला की तस्वीर।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मोरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मुरारी बापू के अनुयायियों की ओर से रविवार को रामलला को छप्पन भोग लगाया गया।

रामराज्य के रूप में पारित होंगी सभी योजनाएं : विजय

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले -बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने पर हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक रविवार को कारसेवकपुर में शुरू हुई। बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने को लेकर मंथन किया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश रामराज्य की दिशा में किस तरह आगे बढ़े, इसको लेकर भी चर्चा हुई।

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश में एक माहौल बना है। रामराज्य के रूप में सभी कार्य योजना पारित होगी। कहा कि चुनाव हमारा विषय नहीं लेकिन मतदान शत-प्रतिशत हो इसका आग्रह हम हिंदू समाज से हर बार करते हैं, इस बार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रन्यासी मंडल की बैठक हर वर्ष होती है। जिसमें संगठन की योजना संगठन की रचना, काम का विस्तार योजना का विस्तार इन सब विषयों पर चर्चा होती है। इस दृष्टि से आगे कार्य योजना बनती है और कार्य होता है।बैठक में विहिप के पालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी, विहिप संरक्षक दिनेश चंद्र, अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह, कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष चंपत राय, धर्मनारायण शर्मा, जीवेश्वर मिश्र, संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय, महामंत्री मिलिंद परांडे, संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, डॉ.सुरेंद्र जैन, अंबरीश सिंह, गजेंद्र सिंह समेत विश्व भर से आए पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

अयोध्या के कारसेवकपुरम में आयोजित बैठक में मंचासीन विहिप के पदाधिकारी।

राष्ट्रवादी सरकार विहिप के संघर्ष का परिणाम

अध्यक्षता कर रहे महंत डॉ.रामानंद दास ने कहा कि विहिप के संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार हैं। राष्ट्रवाद का जो बीज अंकुरित होकर वृक्ष के रूप में प्रकट हुआ है, उसकी जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्रवाद की अलख जगाए रखनी होगी। ऐसा रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हम अखंड भारत को प्राप्त कर लेंगे।

देशभर में लगाए जाएंगे 500 शिविर : मिलिंद

विहिप के महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और उसके सहयोगी संगठनों बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृ-शक्ति के प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविर में देश के हजारों हिंदू युवा भाग लेंगे और राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होंगे। देश भर में 500 से अधिक कैंप लगाए जाएंगे।

शोहदे ने दी तेजाब फेंकने की धमकी

कुण्डा, प्रतापगढ़: इलाके के ग्रामीण क्षेत्र की एक छात्रा कुण्डा नगर के एक महाविद्यालय में परास्नातक की छात्रा है। वह नियमित कॉलेज आती जाती है। कॉलेज आने जाने के दौरान गांव का ही एक शोहदा छात्रा के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत करता है। जबरन शादी का दबाव बना रहा है बीते चार माह से छात्रा के घर वालों का जीना मुश्किल कर दिया है। परिजनों ने विरोध किया तो उक्त शोहदे ने दबंगई करते हुए 23 फरवरी को सुबह करीब नौ बजे छात्रा के घर पहुंचकर जबरन शादी करने धमकी देते हुए कहा कि तुम अपनी लडकी की शादी मुझसे करा दो नहीं तो उसे भगाकर ले जाऊंगा।

एक नजर

शाही इमाम का उत्तराधिकारी घोषणा के लिए समारोह शुरू

नयी दिल्ली : दिल्ली की जामा मस्जिद के परिसर में रविवार को दस्तारबंदी समारोह शुरू हुआ, जिस दौरान भव्य मस्जिद के मौजूदा शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी घोषित करने वाले हैं। एक अधिकारी ने बताया कि समारोह में कई उलेमा शामिल हो रहे हैं, जिसके लिए मस्जिद को सजाया गया है। समारोह के दौरान पुरानी परंपरा के अनुसार, शाही इमाम अपने बेटे के सिर पर पगड़ी बांधेंगे, जिसे दस्तारबंदी कहते हैं।

यात्री के पास से 1.57 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त

चेन्नई : चेन्नई हवाई अड्डे पर कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने मुंबई जा रहे एक यात्री से 1.57 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं बरामद की हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने शनिवार को यात्री को सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया। यात्री की जांच के उसके पास से 13 पैकेट में छिपाकर रखी गई मुद्राएं बरामद की गईं। यात्री के पास से 1,30,000 अमेरिकी डॉलर और 2,24,500 सऊदी रियाल बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत 1.57 करोड़ रुपये है।

एसयूवी और लॉरी की टक्कर में पांच लोगों की मौत

आंध्रप्रदेश : कडपा में रविवार को एक एसयूवी और लॉरी की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र निरीक्षक एन शेखर ने कहा कि अन्नामय्या जिले के मदनपल्ले मंडल के बारलापल्ले गांव में एसयूवी दो पैदल यात्रियों को टक्कर मारने के बाद एक लॉरी से टकरा गई। एसयूवी में सवार पांच लोग कडपा की ओर जा रहे थे। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। एसयूवी में सवार पांच लोगों की मौत हो गई।

प्रधानमंत्री ने खत्म की तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति : शाह

एजेंसी, भोपाल

▸▸ कांग्रेस बार बार अपने युवराज को लॉन्च कर रही लेकिन वे लॉन्च नहीं हो रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के बाद देश में व्याप्त जातिवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को पिछले 10 वर्षों में समाप्त कर दिया है। शाह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद जातिवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति हावी रही। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में इन्हें खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद, आतंकवाद और उग्रवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। शाह ने कहा कि फिलहाल लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है, एक जो देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहती है और दूसरी, जो वंशवाद का पोषण करती है। उन्होंने दावा किया कि (विपक्षी) इंडिया गठबंधन वंशवादी राजनीति का गठजोड़ है। सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने दावा किया कि राकांपा संस्थापक शरद पवार अपनी बेटी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी अपने भतीजे, राजद प्रमुख लालू प्रसाद अपने बेटे और द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन अपने बेटे को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि लगभग 100 करोड़ लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि इन क्षेत्रों में हिंसा में 70 प्रतिशत की कमी आई है और आतंकवाद तथा उग्रवाद के कारण होने वाली मौतों में 72 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर हम संसद (भवन) बनाते हैं, तो वे कहते हैं कि इसकी क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 20 साल से लगातार राहुल गांधी को लॉन्च कर रही है। शाह ने दावा किया कि उन्होंने राहुल गांधी को एक नए रूप के साथ लॉन्च किया, लेकिन यह रॉकेट लॉन्च नहीं हुआ।

विद्यासागरजी की शिक्षाओं का करें अनुसरण

▸▸ आरएसएस प्रमुख भागवत ने किया संबोधित

एजेंसी, नागपुर

नागपुर के चिटनिस पार्क में रविवार को आयोजित विनयांजलि सभा को संबोधित करते आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत। : एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को आचार्य विद्यासागरजी महाराज को देश की बड़ी पूंजी तथा सच्चा देशभक्त बताते हुए कहा कि विश्व को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए।

भागवत ने नागपुर के चिटनिस पार्क में आचार्य विद्यासागरजी महाराज के समाधि महोत्सव के तहत आयोजित 'विनयांजलि सभा' में यह बयान दिया। कार्यक्रम का आयोजन दिगंबर जैन परवार मंदिर ट्रस्ट एवं सकल जैन समाज द्वारा किया गया था। भागवत ने कहा कि विद्यासागरजी महाराज के दर्शन मात्र से अनगिनत लोगों के जीवन में स्थिरता आ जाती थी। वह वास्तव में एक देशभक्त थे। उन्होंने समय-समय पर आध्यात्मिकता से लेकर देश के विकास तक विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया और सभी को एक रास्ता दिखाया। विश्व को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यासागरजी हमेशा देश को भारत कहते थे न कि 'इंडिया'।

तिरुवनंतपुरम में रविवार को अट्टुकल पोंगाल उत्सव के दौरान महिला श्रद्धालु भगवती मंदिर में ईंटों से चूल्हे बनाकर भोग पकाती हुईं। यह पर्व केरल में महिलाओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। महिलाएं इस पर्व का इंतजार पूरे साल करती हैं। : एजेंसी

अब चुनावी मझधार में फंसा जमरानी का टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जमरानी बांध परियोजना को नेता महत्वाकांक्षी योजना बताते हैं लेकिन यह हिचकोले ले-लेकर आगे बढ़ रही है। कभी बांध टेंडर के लिए कैबिनेट की स्वीकृति का इंतजार होता है तो कैबिनेट की मंजूरी के बाद टेंडर चुनावी मझदार में फंसता नजर आ रहा है। बांध के लिए 2400 करोड़ रुपये का टेंडर जारी होना है।

अब विभाग को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले टेंडर जारी करना होगा, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। बांध निर्माण के लिए बड़ा टेंडर होने से इसकी प्रक्रिया पूरी करने में 5-6 माह का समय लगेगा। अधिकारियों के मुताबिक, टेंडर में बड़ी-बड़ी कंपनियों का मूल्यांकन करने व अन्य कार्यों में समय लगेगा। आचार संहिता से पहले विभाग को टेंडर जारी करना होगा, ताकि समय पर सभी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

अधिकारियों का यह भी कहना है कि एक सप्ताह के भीतर टेंडर जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। बांध निर्माण के टेंडर की प्रक्रिया को मानसून से पूर्व पूरा करने की बात कही जा रही है, जिससे अक्टूबर से बांध का निर्माण शुरू किया जा सके।

जमरानी बांध परियोजना से 42.7 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी प्रतिवर्ष मिलेगा। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बांध से 2051 तक हल्द्वानी की लगभग 10.65 लाख आबादी को पानी मिलेगा। बांध का प्रमुख उद्देश्य पेयजल उपलब्ध कराना है। साथ ही, किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। इससे 57065 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश और हल्द्वानी की 9458 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत पहले से ही कैनाल सिस्टम बना हुआ है। अब क्षतिग्रस्त कैनालों की मरम्मत की जाएगी। साथ ही, कुछ नए कैनाल भी बनाए जाएंगे। बांध को 2030 तक पूरा करने का प्रस्ताव है।

हल्द्वानी को शीतलाहाट से सीधे मिलेगा ग्रेविटी वाटर

बांध का निर्माण डूब क्षेत्र से 10 किमी. आगे तक किया जाएगा। इसकी ऊंचाई 130 मीटर है। इसमें डूब क्षेत्र में 6 गांव आ रहे हैं, जिनमें उड़वा, कनियागोड़, मुरकुड़िया बनराड़, पसतोला व तिलवाड़ी शामिल हैं। परियोजना में पेयजल निगम भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य करेगा, जिसमें हल्द्वानी को शीतलाहाट से सीधे ग्रेविटी वाटर उपलब्ध कराया जाएगा।

> सड़क चौड़ीकरण और कॉलोनी निर्माण के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। अब बांध निर्माण का टेंडर निकाला जाएगा। टेंडर निकालने के बाद मूल्यांकन में समय लगेगा। – **ललित कुमार**, उप महाप्रबंधक, जमरानी बांध परियोजना

पशुपालकों की समृद्धि का लें संकल्प

ब्यूरो, देहरादून

दुग्ध उत्पादक संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

● मुख्यमंत्री ने दुग्ध संघों के निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सात जनपदों अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, चमोली एवं पौड़ी के दुग्ध उत्पादन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी मिलकर उत्तराखंड में न सिर्फ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे बल्कि गांवों में रहने वाले किसानों और दुग्ध उत्पादकों की समृद्धि भी सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और पशुपालकों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी किसानों और पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

दिल्ली : आवारा कुत्तों के हमले में बच्ची की मौत

एजेंसी, नयी दिल्ली

▸▸ परिजनों ने कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर की कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय राजधानी में तुगलक लेन के धोबी घाट इलाके में आवारा कुत्तों के कथित हमले में दो वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कथित घटना शनिवार शाम करीब छह बजे की है।

उन्होंने बताया कि बच्ची अपने घर के बाहर बैठी थी तभी चार से पांच कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते बच्ची को कई मीटर तक घसीट कर ले गए और उसे मार डाला। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है। पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने इस घटना के लिए इलाके में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले कुछ लोगों पर आरोप लगाया है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बच्ची के चाचा रवि ने दावा किया कि इलाके में आवारा कुत्तों का यह पहला हमला नहीं है। रवि ने कहा कि ये ही कुत्ते अपने घरों के बाहर खेल रहे बच्चों, बिल्लियों और मुर्गियों पर हमला कर चुके हैं।

शेख को बचा नहीं रही टीएमसी : बनर्जी

एजेंसी, कोलकाता

▸▸ अपराधी को कतई बर्दाश्त नहीं करती टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अपने फरार नेता शाहजहां शेख को बचा नहीं रही है, जिस पर पश्चिम बंगाल के अशांत संदेशखालि में ग्रामीणों ने यौन उत्पीड़न करने और जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।

बनर्जी ने यह भी दावा किया कि कुछ बाहरी लोग लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्र में अशांति फैला रहे हैं और गड़बड़ी उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि टीएमसी शाहजहां शेख को बचा नहीं रही है... अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की हमारी नीति है। बनर्जी ने दावा किया कि पुलिस शेख को गिरफ्तार नहीं कर सकती क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित राशन घोटाले में उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है।

बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसा नहीं होता, तो उत्तम सरदार और सिबू हाजरा जैसे टीएमसी नेताओं को पुलिस कैसे गिरफ्तार कर पाती और उन्हें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पार्टी से निकाल दिया गया?

शेख का करीबी हिरासत में

कोलकाता : पश्चिम बंगाल पुलिस ने रविवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता अजीत मैती को ग्रामीणों की जमीन कब्जाने के आरोप में हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के भगोड़े नेता शाहजहां शेख के करीबी सहयोगी माने जाने वाले मैती को एक व्यक्ति के आवास से पकड़ा गया, जहां उसने ग्रामीणों के पीछा करने के बाद चार घंटे से अधिक समय तक खुद को बंद रखा था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने ग्रामीणों की जमीन हड़पने की शिकायतों के बाद उसे हिरासत में लिया। हम ग्रामीणों की शिकायतों पर गौर करेंगे और फिर मैती को गिरफ्तार करने के बारे में फैसला करेंगे।

शिवाजी के किलों का भी कराया जाए सर्वे

एजेंसी, ठाणे

▸▸ तेलंगाना से भाजपा विधायक ने महाराष्ट्र सरकार से की मांग

तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों का सर्वे कराने और उन्हें संरक्षित करने की अपील की।

शिवाजी जयंती के अवसर पर ठाणे जिले के मीरा-भायंदर इलाके में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। स्थानीय पुलिस ने कानून व्यवस्था संबंधी आशंका का हवाला देते हुए रैली की अनुमति नहीं दी थी जिसके बाद बंबई उच्च न्यायालय ने अनुमति दी। हैदराबाद के गोशामहल से विधायक ने इससे पहले एक संवाददाता सम्मेलन में इन आशंकाओं को खारिज कर दिया कि उनकी रैली से मीरा-भायंदर इलाके में अशांति फैल सकती है। गत 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले मीरा रोड पर सांप्रदायिक तनाव की घटना सामने आई थी।

भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी लेकिन मोदी का कोई जादू नहीं : स्वामी

एजेंसी, पटना

▸▸ नीतीश की राजग में वापसी का भाजपा नेता ने किया स्वागत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने रविवार को दावा किया कि हिंदू गौरव बढ़ने से आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी को फायदा मिल सकता है लेकिन मोदी का जादू चलने की संभावना से इनकार किया।

यहां एक विधि सम्मेलन में शिरकत करने आए स्वामी ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) व्यक्ति के बजाय संगठन एवं सिद्धांत को अहमियत देते हैं। भाजपा के 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 400 से ज्यादा सीटें जीतने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दावे को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में स्वामी ने कहा कि मेरा मानना है कि भाजपा अपने पिछले चुनावी प्रदर्शन को पछाड़ देगी क्योंकि पहली बार हिंदू अपनी पहचान पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब वह संकोच महसूस नहीं होता जो नेहरू के समय में उन पर थोपा गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोग सोच सकते हैं कि ये बदलाव उनकी वजह से हुआ है। हमें ऐसी चीजों को महत्व देने की जरूरत नहीं है... मुझे नहीं लगता कि मोदी का जादू जैसा कुछ है। स्वामी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजग में वापसी का भी स्वागत किया और कहा कि जद (यू) अध्यक्ष को और इधर उधर जाने से बचना चाहिए, क्योंकि यही उनके हित में होगा। स्वामी ने कहा कि वह हमेशा हमारे थे। मुझे अब भी समझ नहीं आया कि उन्होंने हमें क्यों छोड़ दिया। वह बुद्धिमान और विद्वान हैं और उन्हें समझना चाहिए कि वह हिंदू भावनाओं के खिलाफ जाने का जोखिम नहीं उठा सकते। इसलिए, उन्हें प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि वह कभी भी भाजपा से अलग नहीं होंगे।

हम सुनते हैं जनता की आवाज: शर्मा

जयपुर : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सिर्फ एक परिवार की चिंता करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता के बीच जाकर उनकी आवाज सुनती है। धौलपुर के बाड़ी के बाद करौली में ईआरसीपी आभार सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हमेशा झूठ बोलने और लूटने का काम किया। धौलपुर के बाड़ी में उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लटकाने और भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

मेघालय में नकाबपोश लोगों ने पेट्रोल बम फेंके

एजेंसी, शिलांग

▸▸ सीसीटीवी फुटेज की जांच में नहीं हो सकी हमलावरों की पहचान

मेघालय में री-भोई जिले के पटारिम उम्सनिंग में दो नकाबपोश लोगों ने एक जेसीबी और एक ऑटो ट्रक पर दो पेट्रोल बम फेंके है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना में मामूली क्षति हुई है और कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि जिस घर में वाहन खड़े किए गए थे, उसके मालिक लवरकस नोंगशली ने आज दोपहर स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने कहा कि जेसीबी का मालिक नोंगशली है और ऑटो-ट्रक का मालिक उसका किरायेदार हरिंदर प्रसाद है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है, लेकिन हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम हमलावरों की पहचान करने के लिए मामले की जांच कर रहे हैं और उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

मलिक ने शान से काटा फरारी का वक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ फरारी के दौरान कोठियों में गुजरे अब्दुल मलिक के रात और दिन

अमृत विचार : मलिक तो सलाखों के पीछे और अब उसके मददगारों का नंबर है क्योंकि 8 फरवरी से लेकर 23 फरवरी तक मलिक जहां भी रुका, वो उसके जानने वाले करीबी और रसूखदार लोग थे। फरारी के दिन और रात मलिक ने करोड़ों की कोठियों में गुजारे। इन रसूखदार मददगारों ने लुकआउट नोटिस जारी होने और कुर्की के बावजूद मलिक न सिर्फ मलिक की मदद की, बल्कि आसरा भी दिया।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक दंगे के दिन से फरार था। 16 दिन बाद वो पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने बताया कि उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया, लेकिन कहां से ये नहीं बताया। बहरहाल, हल्द्वानी से फरार होने के बाद मलिक ने दिल्ली, गुजरात, चंडीगढ़ और भोपाल फरारी काटी। सूत्रों का कहना है कि वह कहीं छिप कर नहीं रहा, बल्कि वह जिस राज्य और शहर में गया, वहां उसे आलीशान इंतजाम और रहने के लिए कोठियां मिलीं। करोड़ों की ये कोठियां कुछ बड़े बिजनेस मैन और कुछ राजनीतिक गलियारों में हनक रखने वाले बड़े लोगों की हैं। मलिक को राजनीतिक शरण का भी अनुमान लगाया जा रहा है और इसकी वजह राजनीतिक गलियारों में उसकी ऊंची पहुंच है। बहरहाल, पता लगा है कि दिल्ली, भोपाल और गुजरात के बड़े लोगों ने उसकी मदद की। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि रसूखदार मददगारों को बनभूलपुरा दंगे से तो कोई कनेक्शन नहीं है। पुलिस ने इन सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। एसओजी और पुलिस टीम को पनाह देने वालों की कुंडली खंगालने के निर्देश दिए गए हैं।

बोले एसएसपी

> आरोपी जिन-जिन जगहों पर छिपा था उसका रिकॉर्ड पता किया जा रहा है। उसकी मदद किसने और कैसे की इसकी जानकारी जुटा रहे हैं। पनाह देने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। –**प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

आमने-सामने

स्वामी वासुदेवानंद ज्योतिर्पीठाधीश्वर, बद्रिका आश्रम की अमृत विचार से खास बातचीत

राजनीति अंधी है, धर्म के सहारे बिना नहीं चल सकती

अजय अवस्थी, शाहजहांपुर

स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती।

▸▸ अज्ञानी हैं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर उंगली उठाने वाले

अमृत विचार : स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ज्योतिर्पीठाधीश्वर, बद्रिका आश्रम का मानना है कि राजनीति धर्मानुसार ही चलनी चाहिए। स्वतंत्र राजनीति का कोई अस्तित्व नहीं होता है। एसएस कालेज के मुमुक्षु महोत्सव में पधारे शंकराचार्य ने मुमुक्षु आश्रम के अतिथि गृह में अमृत विचार से खास बातचीत की।

स्वामी ने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो राजनीति अंधी और धर्म लंगड़ा है। अंधी होने के कारण ही राजनीति को धर्म रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति को मार्ग दिखाने के लिए धर्म का होना बहुत आवश्यक है। एक सवाल के जवाब में स्वामी ने कहा कि राजनीति में यदि धर्म नहीं होगा, यानि संत-महात्मा नहीं होंगे, तो राजनीति चल ही नहीं पाएगी। चूंकि धर्म लंगड़ा होता है, इसलिए वह राजनीति के कंधे पर सवार रहता है और राजनीति को रास्ता दिखाता रहता है। जिस प्रकार अंधा व्यक्ति स्वयं नहीं चल सकता, उसे रास्ता दिखाने वाला चाहिए होता है, वैसे ही राजनीति की हालत है।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री की परंपरा में धर्म शामिल है। संत दिग्विजय नाथ, संत अवैद्यनाथ के क्रम में योगी आदित्यनाथ धर्म के मार्ग पर चल कर राजनीति को दिशा दे रहे हैं। जो सभी संत राजनीति में आ चुके हैं और राजनीति को रास्ता दिखा रहे हैं, वे अपना कर्तव्य भली प्रकार निभा रहे हैं। ऐसे लोगों के आने से ही राजनीति में सुधार भी हो रहा है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के सवाल पर स्वामी वासुदेवानंद ने कहा कि प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा सर्वसिद्धि और अमृत योग में हुई है, इसमें किसी प्रकार की कोई बुराई नहीं है। जो लोग इस पर आपत्ति उठा रहे थे, वे अज्ञानी हैं। उन्हें ज्योतिष आदि का ज्ञान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो यह समझना होगा कि रामलला अपने राज महल में प्रबिष्ट हुए हैं, अपने घर में ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा उचित समय और गृह-नक्षत्र में हुई है। इसमें कोई किसी प्रकार की शंका ही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक व्यक्ति अपने यहां एक कक्ष में रहकर पूरा घर बनवाता रहता है, उसी प्रकार रामलला भी अपने महल में पहुंचकर अपनी देखरेख में निर्माण कार्य पूरा करा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में स्वामी ने कहा कि मनुष्य को अपनी परंपरा के अनुसार ही चलना चाहिए और धर्म का पालन करना चाहिए।

वन विभाग की दरियादली...इफको दबाए बैठा है सैकड़ों बीघा जमीन

संवाददाता: बरेली/आंवला

अमृत विचार : किसानों की जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर घिरा इफको वन विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन भी कई दशक से दबाए बैठा है। सब कुछ पता होने के बावजूद वन विभाग इफको के अधिकारियों के रसूख की वजह से अपनी जमीन को कब्जे में लेने की कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

क्षेत्र के किसान ऊदल सिंह वर्मा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेतृत्व में 9 जनवरी को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर इफको मेनगेट के समीप वन विभाग की जमीन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया था। यह धरना समाप्त होने के बाद इफको ने दबंगई के

▸▸ अवैध तरीके से ग्राम सभा और वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

बल पर वनविभाग की जमीन पर बाउंड्रीवाल बनवाना शुरू कर दिया। वर्तमान में इसकी नींव भर चुकी है और बाकी काम भी जारी है।

जानकारी के मुताबिक इफको ने वन विभाग की सेंधा रकबा में गाटा संख्या 168 रकबा 6.375 हेक्टेयर, गाटा संख्या 38 रकबा 39.032 हेक्टेयर, जंगल गाटा संख्या 287 रकबा 9.864 हेक्टेयर, बंजर भूमि गाटा संख्या 110 रकबा 0.228 हेक्टेयर, गाटा संख्या 111 रकबा 0.202 हेक्टेयर, गाटा संख्या 114 रकबा 0.114 हेक्टेयर, गाटा संख्या 115 रकबा 0.177 हेक्टेयर, गाटा संख्या 124 रकबा 0.114 हेक्टेयर, गाटा संख्या 125 रकबा 0.063 हेक्टेयर, परास रकवे में गाटा संख्या 217 रकबा 0.3160 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा है। वहीं भरताना गांव निवासी राजेश्वर सिंह की गाटा संख्या 127/5 रकबा 0.3160 हेक्टेयर पर भी इफको का कब्जा है। खतौनी में राजेश्वर सिंह की मिल्कियत सरकार दर्ज है। ग्रामीणों की मानें तो राजेश्वर की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। अब जमीन सरकार की हो गई। निजी जमीन होने के बावजूद इफको कब्जा जमाए है। ग्रामीणों की मानें तो उक्त सरकारी जमीन को ग्राम सभा के नाम कराने और इफको से मुक्त कराने की वह लंबे समय से मांग कर रहे हैं। एसडीएम को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है।

भूमाफिया की तरह काम कर रही इफको

किसानों का आरोप है कि इफको इकाई एक भूमाफिया की तरह कार्य कर रही है। किसानों की हितैषी होने का सिर्फ मुखौटा पहन रखा है। यह सारे नियम कानून इफको अपने हिसाब से चलाती है। पहले भूमि पर अतिक्रमण करती है फिर अगर कोई आपत्ति या वाद न्यायालय में दायर होता है तो कई बाधा डालते हैं और अगर निर्णय हो भी जाता है तो कब्जा नहीं छोड़ती है। 40 साल से इफको आंवला इकाई ने वन विभाग के अलावा पीडब्ल्यूडी, ग्राम सभा और किसानों की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा व अतिक्रमण कर रखा है।

अधिग्रहण के समय यह हुआ था समझौता

ग्राम सेंधा निवासी इंजीनियर ओमप्रकाश सक्सेना ने नवंबर 2022 में मंडलायुक्त और वन विभाग के अधिकारियों से इफको प्रबंधन की शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि सन 1984 में जमीन अधिग्रहण के समय सरकार और इफको प्रशासन के बीच लिखित समझौता हुआ था कि संयंत्र निर्माण के बाद ग्राम सभा और जंगल की बची भूमि को संयंत्र को लौटानी होगी, लेकिन इफको प्रशासन ने ऐसा नहीं किया। आज भी कई एक एकड़ ग्राम सभा और जंगल की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। जिसके चलते सेंधा ग्राम में कोई खेल मैदान नहीं बन सका, दसवां स्थल ,सार्वजनिक शौचालय के लिए भी भूमि उपलब्ध नहीं है।

> प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। कार्यालय से पहले इफको को इस संबंध में नोटिस जारी किए गए थे। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जब तक कोई निर्णय नहीं आता तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। – **समीर कुमार**, प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग

प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर लगे माघ मेला में विदेशी पर्यटक भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। मेला प्रशासन ने विदेशी सैलानियों की भारी संख्या के मद्देनजर तमाम व्यवस्थाएं भी की हैं, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एक नजर

कार की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

बलिया : जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी गांव में एक कार की चपेट में आने से साइकिल सवार दो मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को बताया कि गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी गांव में शनिवार की देर रात लगभग एक बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार साइकिल सवार दो मजदूरों को टक्कर मारते हुए पलट गई जिससे मंटू गुप्ता (24) और अखिलेश राजभर (19) की मौत हो गयी। गड़वार के थाना प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने रविवार को बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि घटना के समय दोनों साइकिल सवार मजदूर एक मांगलिक कार्यक्रम में मजदूरी का कार्य करके लौट रहे थे। एसएचओ ने बताया कि पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार को अपने कब्जे में ले लिया है तथा अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

रोजगार देने के साथ युवाओं को अध्यात्म से भी जोड़ना है

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला ने कहा कि रोजगार भारती तीन वर्षों से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सतत रूप से प्रयासरत है। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी दिलाने का मार्ग प्रशस्त करना मात्र नहीं बल्कि उन्हें अध्यात्म से भी जोड़ना है। वर्तमान में हम लगभग चार लाख बिलियन डॉलर के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य पहले पायदान पर पहुंचना है। यह युवाओं के रोजगार से ही संभव होगा। वह रविवार को रोजगार भारती बृज प्रांत की ओर से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे। इससे पहले मेले की शुरुआत पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने की। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि स्वरोजगार के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही है।

तीन भाषाओं में परशुराम पर तैयार किया जाएगा ग्रंथ

प्रयागराज : संगम नगरी में जारी माघ मेले में राष्ट्रीय परशुराम परिषद की बैठक में यह घोषणा की गई कि जल्द ही भगवान परशुराम पर संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में संपूर्ण ग्रंथ तैयार किया जाएगा। परिषद की एक विज्ञप्ति के अनुसार संपन्न दो दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय परशुराम परिषद शोध पीठ के राष्ट्रीय महामंत्री राजाराम यादव ने कहा कि भगवान परशुराम के बारे में जो भी भ्रामक बातें फैलाई गई गई हैं, उन्हें इस ग्रंथ के माध्यम से दूर किया जाएगा। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय परशुराम परिषद के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने संगठन को मज़बूत बनाने की अपील की।

नफरत मिटाने निकला है इंडिया गठबंधन : राहुल

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए अखिलेश यादव

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में रविवार को आगरा में शामिल हुए। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव पहली बार एक साथ नजर आए।

सपा और कांग्रेस के पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी के नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। आगरा में रोड शो के दौरान राहुल और अखिलेश ने हाथ हिलाकर भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद थीं। राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि मैं, प्रियंका और अखिलेश मिलकर नफरत को मिटाने निकले हैं। ये देश मोहब्बत का है। पहली लड़ाई नफरत को खत्म करने की है। नफरत को मोहब्बत से मिटाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने मुझसे कहा है कि इस नफरत का कारण अन्याय है। गरीबों और महिलाओं पर अन्याय हो रहा है, इसलिए हमने भारत जोड़ो यात्रा में न्याय शब्द जोड़ दिया है। राहुल ने कहा कि देश में पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के करीब 88 प्रतिशत लोग हैं लेकिन देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के प्रबंधन में इस वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ये लोग आपको मनरेगा, अनुबंधित श्रमिक की सूची में मिलेंगे। हमें यही बदलना है। वहीं राहुल, अखिलेश और प्रियंका को देखने के लिए लोग घरों की छतों पर खड़े नजर आये। तीनों नेताओं ने भी उनका अभिवादन स्वीकार किया।

आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल सपा प्रमुख अखिलेश यादव आमजन को संबोधित करते हुए, साथ में मौजूद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा व अन्य।

लोकतंत्र खत्म कर रही भाजपा : अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश ने अपने संबोधन में भाजपा हटाओ, संकट मिटाओ का नारा देते कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान संकट में है। भाजपा सरकार लोकतंत्र खत्म कर रही है। संविधान विरोधी काम कर रही है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को जो हक दिया था उसे भाजपा सरकार ने छीना है। आज देश के सामने लोकतंत्र और संविधान बचाने की चुनौती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि भाजपा ने कैसे चंडीगढ़ (महापौर चुनाव) में वोट लूटने का काम किया। लोकसभा चुनाव में भाजपा हारेगी तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा। इंडिया गठबंधन एकजुट है। मजबूत है। एकजुट इंडिया गठबंधन भाजपा के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को हराएगा। उन्होंने कहा कि आज किसान सरकार के खिलाफ खड़े हैं। सरकार किसानों की ताकत से डरी हुई है। आने वाले समय में भाजपा हटेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को सम्मान देगी।

बेरोजगारी बन गई है सबसे बड़ा संकट : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अन्याय काल में बेरोजगारी सबसे बड़ा संकट बन गई है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर सेना में जाने की तैयारी कर रहे नौजवानों का सपना तोड़ दिया। बड़ी-बड़ी सरकारी कंपनियां उद्योगपतियों को बेच डालीं। प्रियंका ने कहा कि लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं, लेकिन सालों तक भर्तियां नहीं निकलतीं, निकलती हैं तो परीक्षा पत्र लीक हो जाता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भर्तियों में भ्रष्टाचार है। आज गरीब, मजदूर, किसान, दलित, आदिवासी, पिछड़े और मध्य वर्ग के युवा निराश हैं। उनके सामने भविष्य की कोई उम्मीद नहीं बची है।

राहुल की न्याय यात्रा को जयंत ने दीं शुभकामनाएं

मथुरा, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी रविवार को मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को शुभकामनाएं दी।

जयंत आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर चल रहे धनगर समाज के धरने में शामिल हुए। आंदोलनकर्ताओं को अपना समर्थन देने की बात कही। भाजपा के साथ गठबंधन की बात पर कहा कि बहुत जल्द ही हम गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर घोषणा करेंगे।

पार्टी आदेश देगी तो लड़ूंगी चुनाव : हेमा

मथुरा : सांसद हेमा मालिनी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंची। यहां उन्होंने दीवार में कमल का फूल बनाया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। पार्टी आदेश देगी तो यहीं से चुनाव लड़ूंगी।

उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने का आदेश देगी तो वह मथुरा से ही चुनाव लड़ेंगी। केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनना निश्चित है। सिविल लाइंस के बूथ संख्या 372 पर उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद आशा कार्यकर्ताओं से वार्ता कर पीएम मोदी और सीएम योगी की योजना के विषय में बताया।

धर्म परिवर्तन कर सोनम बनीं लक्ष्मी, विष्णु संग की शादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर की सोनम धर्म परिवर्तन कर लक्ष्मी बन गईं और गांव के प्रेमी विष्णु से मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने तीन तलाक के डर से धर्म परिवर्तन किया है। अब दोनों शादी करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। दोनों की शादी के वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे हैं।

गिरधरपुर निवासी विष्णु मौर्य की कीटनाशक दवा की दुकान है। उनकी 12 साल पहले गांव की सोनम सिद्दीकी से पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे बात करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। बालिग होने पर सोनम ने विष्णु से शादी की इच्छा जाहिर की। दोनों ने रविवार को इज्जतनगर क्षेत्र के भीटानाथ मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने शादी के बाद अपना नाम लक्ष्मी रखा। सोनम ने बताया कि उन्हें बचपन से ही तीन तलाक का डर सताता था। उनकी राम में शुरू से आस्था रही है। उन्होंने परिवार वालों से जान का खतरा बताते हुए देवरनियां थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। दोनों ने बताया कि वह अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

▸▸ रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे नव दंपति

खड़े ट्रक से कार टकराई, चार की मौत

मैनपुरी : जिले के कुर्रा थाना इलाके में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए एक हादसे में कार सवार चार लोगों की रविवार को मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने रविवार को बताया कि एक कार एक्सप्रेस-वे के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। ये कोलकाता से अलीगढ़ जा रहे थे।

एसपी ने कहा कि यातायात सुचारु रूप से चल रहा है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 'माइलस्टोन 97' के पास यह हादसा हुआ जब लखनऊ से आगरा की तरफ जा रही कार ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक व थाना प्रभारी कुर्रा ने मौके पर पहुंच कर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बोनट पर गिरे व्यक्ति को 3 किलोमीटर तक घुमाया

कार की टक्कर लगने के बाद गिर गया था बोनट पर, राहगीरों ने पीछाकर बचाई जान

एजेंसी, गाजियाबाद

जिले के इंदिरापुरम इलाके में रविवार को कथित तौर पर एक कार के चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और कार के बोनट पर गिरे उस शख्स को तीन किलोमीटर तक घुमाता रहा। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रोडरेज का मामला

▸▸ राहगीरों ने आरोपी युवक की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रमेश सिंह नामक व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी थी। सिंह कार के बोनट पर गिर गया लेकिन चालक रुकने के बजाय लगभग तीन किलोमीटर तक वाहन चलाता रहा। इस दौरान सिंह जान बचाने के लिए बोनट से चिपका रहा। हालांकि, कुछ राहगीरों ने कार का पीछा किया और उसके चालक तरंग जैन को रुकने के लिए विवश कर दिया, जिससे रमेश सिंह की जान बच गई। राहगीरों ने जैन को पुलिस को सौंपने से पहले उसकी पिटाई भी की।

पुलिस के मुताबिक यह रोडरेज का मामला है। सिंह और जैन की कार एक-दूसरे से टकरा गई थीं जिसके बाद सिंह अपने वाहन से उतर कर जैन की कार के सामने खड़ा हो गया। जैन ने मौके से भागने की कोशिश में सिंह को टक्कर मार दी और उसे बोनट पर गिरे देखने के बावजूद गाड़ी नहीं रोकी। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी तरंग जैन एक निजी कंपनी में काम करता है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

वर्ग पहेली-354

बाएं से दाएं

1.1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5.1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9.1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

ऊपर से नीचे

1.1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2.1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7.1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8.1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



वर्ग पहेली - 353 का हल

1 जु	मा	■	2 अ	यो	3 नि
हू	■	■	खं	■	छो
■	4 को	■	ड	■	ह
■	5 हि	म	पा	त	■
■	नू	■	ठ	■	6 मुँ
7 भे	र	वी	■	■	द
■	■	■	8 खि	ल	ना

सुडोकू -71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		7	6			8
		9	5				1	
	2			1		6		
2		7		8				
		5				1		9
				9		2		7
		3		2			4	
	7				3	5		
6	1		9	5		8		

सुडोकू - 70 का हल

5	2	8	4	9	7	3	1	6
3	4	9	1	6	2	8	5	7
6	7	1	3	5	8	4	2	9
9	1	6	5	7	3	2	8	4
4	8	2	6	1	9	7	3	5
7	3	5	2	8	4	6	9	1
8	9	4	7	3	1	5	6	2
1	5	7	8	2	6	9	4	3
2	6	3	9	4	5	1	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वितीया 23 .15 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04 .31 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष – आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

वृष – आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

मिथुन – आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

कर्क – आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

सिंह – आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

कन्या – आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

तुला – आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

वृश्चिक – आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

धनु – आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

मकर – आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

कुंभ – आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

मीन – आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी – सुबह : 11 .49
चाल बाज – शाम : 06 .11

SONY SMAX
तारा वर्सेस बिलाल – सुबह : 09 .00
लगे रहो मुन्ना भाई – रात : 09 .00

Utsav Gold
कोई आप सा – सुबह : 09 .45
धूम 3 – शाम : 04 .00

ZEE CINEMA
मेरा धर्म – सुबह : 10 .30
लूटेरे – रात : 07 .00

colors CINEPLEX
ओके जानु – सुबह : 10 .01
तनु वेड्स मनु – शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06 .58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग साबूत	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
किराना	
हल्दी	135-175
लाल मिर्च	270-325
काली मिर्च	660-880
धनिया	90-125
सुपाड़ी	525-550
जीरा	650-660
सौफ	180-300।

अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर लिया जाएगा सिर्फ कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी

अमृत विचार : प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना

पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

किसानों की नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> -बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

नई दिल्ली। मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	71,900।

देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा

औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा

देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए

घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।

राष्ट्रीय

भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां

रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को

बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात: प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह

'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

(तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

एक नजर

संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

भिंड। शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

बेंगलुरु। कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

नई दिल्ली। दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना। बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

हरियाणा में इनेलो नेता की गोलियों से भूनकर हत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

- हमले में इनेलो उपाध्यक्ष के तीन निजी गनर भी घायल

हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में राठी के तीन निजी बंदूकधारी भी घायल हो गए। पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया।

इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था को दर्शाती है। आज राज्य में कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार,

2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

यह लोग होते हैं अपराधी: एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

खेल डायरी

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया

ऑकलैंड, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और वह बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं।

थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दूसरे स्थान पर जबकि अक्षय सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।

सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास

भारत में विकेट **354**

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

रांची, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	60	91	7/0
बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन	15	15	2/0
ओली पोप पगबाधा बो अश्विन	00	01	0/0
जो रूट पगबाधा बो अश्विन	11	34	0/0
जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा	30	42	3/0
बेन स्टोक्स बो कुलदीप	04	13	0/0
बेन फोक्स का एवं बो अश्विन	17	76	0/0
टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप	07	25	0/1
ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप	00	03	0/0
शोएब बशीर नाबाद	01	20	0/0
जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 00, **विकेट पतन:** 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, **गेंदबाजी:** अश्विन 15.5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

भारत (पहली पारी) 307/10 (103.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल बो हार्टले	90	149	6/4
रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव बो एंडरसन	28	131	2/0
आकाश दीप पगबाधा बो बशी	09	29	0/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	00	06	0/0

अतिरिक्त: 23, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, **गेंदबाजी:** एंडरसन 18-4-48-2,रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27.2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल खेल रहे	16	21	1/0
रोहित शर्मा का खेल रहे	24	27	4/0

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 00, **गेंदबाजी:** बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन बनाए। आगरा के जुरेल ने 18 महीने मेहनत कर खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बताया, जुरेल ने टेस्ट की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में कड़ी ट्रेनिंग की है।

प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

बालक अंडर-19 टीम: ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम:** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम:** भागर्व राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम:** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम:** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

अमेलिया के प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को हराया

मुंबई ने पांच विकेट से मैच जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत (41 गेंद पर नाबाद 46) और केर (25 गेंद पर 31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 5 चौकों के अलावा विजयी छक्का भी लगाया। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें नौवें नंबर की बल्लेबाज तनुजा कंवर ने सर्वाधिक 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा कप्तान बेथ मूनी ने 24 और एश्ले गार्डनर ने 15 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात का स्कोर 11 ओवर के बाद 5 विकेट पर 58 रन था।

बॉलीवुड हलचल

'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा। राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

मुंबई। गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता,डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

सेना में काम करना चाहते थे डैनी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8:18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

आगरा। विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

मुंबई। भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

वाशिंगटन। करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं। शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बछार को हराया था।

खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार

पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने की तैयारी में है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ अपने अभियान को जारी करते रखते हुए रविवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले में आतंकियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला बारूद बरामद किया। ये गिरफ्तारियां कर पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सभी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की है। सभी वानपोरा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, आगे की जांच जारी है।

हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला

रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

मुंबई, एजेंसी

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं फडणवीस के आवास तक मार्च करने के लिए तैयार हूं।

मुख्यमंत्री शिंदे का पलटवार धैर्य की परीक्षा ना लें जरांगे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे को उनकी सरकार के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। शिंदे की ओर से यह टिप्पणी तब आई है, जब जरांगे ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा।

ब्रिटेनः भारतीय मूल की कश्मीरी पंडित प्रोफेसर को भारत आने से रोका

बेंगलुरु, एजेंसी। ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल की प्रोफेसर को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पहुंचने के उपरांत भारत में प्रवेश करने से रोक दिया।

कर्नाटक सरकार के आमंत्रण पर कार्यक्रम में भाग लेने से पहले ही भारतवंशी प्रोफेसर को वापस भेज दिया। लंदन में रहने वाली कश्मीरी पंडित प्रोफेसर निताशा कौल ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने कोई कारण नहीं बताया, ना ही भारत सरकार ने पहले कोई नोटिस या सूचना दी कि देश में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें, कर्नाटक सरकार की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है। सरकार ने 24 और 25 फरवरी को दो दिवसीय 'संविधान और राष्ट्रीय एकता सम्मेलन का आयोजन किया था जिसमें कौल को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। कौल ने कहा-लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर बोलने के लिए भारत में प्रवेश से इनकार कर दिया गया है।

बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

कोलकाता, एजेंसी

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

हिमाचल के कुल्लू में ट्रेकिंग पर गए पर्यटक की गई जान

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में ट्रेकिंग के दौरान एक पर्यटक की मौत हो गई है। यह हादसा शनिवार को पेश आया। रात को जब अन्य दोस्तों ने देखा तो एक व्यक्ति अचेत अवस्था में अपने टेंट में पड़ा हुआ था। साथ के दोस्तों ने उसे अस्पताल में भर्ती किया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

शव की पहचान 71 वर्षीय किशोर यशवंत ताम्हणे पुत्र यशवंत महादेव ताम्हणे ठाणे महाराष्ट्र के रूप में हुई है। जिला के पतलीकूहल के अंतर्गत शनिवार देर रात घनकुल्हाडी कैम्प जो रूमसू से चार किलोमीटर ऊपर है। ट्रेकिंग के लिए महाराष्ट्र के पांच पर्यटक ट्रेकिंग पर गए थे। इस दौरान रात को पर्यटक टैंट में ठहरे थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के उपरांत शव को स्वजन के हवाले किया जाएगा।

किसानों का हंगामा...

पेरिस : फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी

यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

दुबई, एजेंसी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

- साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गर्वनर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

- अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

आयोजन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता

शाही जश्न...अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान उपलब्ध रहेंगे,

जो मेहमानों को जामनगर लेकर पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी।

तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोर्ड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।



इवांका ट्रंप, जुकरबर्ग और बिल गेट्स भी होंगे शामिल

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल होंगे। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी आमंत्रित किया गया है।

बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रहीं हैं।